www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

07 जुलाई, 2025
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 257


पूर्व सीजेआइ चंद्रचूड़ से सरकारी बंगला जल्द खाली कराने के लिए पत्र














## विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट 'गिनी इंडेक्स' का निष्कर्ष

# भारत में 'गरीबी की दर' 16.2% से घट कर 2.3% हुई

### ■ 2011 के बाद 17.1 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये

### ■ भारत दुनिया में चौथा सबसे समान समाज वाला देश बना

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत दुनिया का चौथा सबसे समान समाज वाला देश बन गया है। इसका मतलब यह है कि देश में जो भी विकास हो रहा है, उसका फायदा अधिकतम लोगों तक पहुंच रहा है। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट 'गिनी इंडेक्स' में यह जानकारी सामने आयी है। इस सूची में भारत 167 देशों से ऊपर और स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस से नीचे है।

रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनिया के उन देशों में चौथे नंबर पर है, जहां आमदनी का बंटवारा सबसे बराबर तरीके से होता है। इसका मतलब है कि भारत में अमीर और गरीब के बीच की आर्थिक खाई पहले की तुलना में कम हुई है। भारत का 'गिनी इंडेक्स' 25.5 है। यह दिखाता है कि देश में आर्थिक असमानता कम है। यह स्कोर स्लोवाक रिपब्लिक, स्लोवेनिया और बेलारूस के बाद आता है, लेकिन चीन (35.7), अमेरिका (41.8) और जी-7 और जी-20 देशों से बेहतर है।



#### बराबरी का आकलन का पैमाना है गिनी इंडेक्स


गिनी इंडेक्स बराबरी के आकलन का एक तरह का पैमाना है, जो यह बताता है कि किसी देश में आमदनी या दौलत कितनी बराबरी से बंटी हुई है। इसका स्कोर शून्य से 100 तक होता है। शून्य का मतलब है कि सबके पास बिल्कुल बराबर आमदनी है और 100 का मतलब है कि सारी आमदनी केवल एक व्यक्ति के पास है। इसमें भारत का स्कोर 25.5 है, जो 'मध्यम रूप से कम' असमानता की श्रेणी में आता है। 2011 में यह 28.8 था, यानी हाल के सालों में भारत ने बराबरी की दिशा में काफी तरक्की की है।

रिपोर्ट के अनुसार भारत ने यह उपलब्धि कई सरकारी योजनाओं और नीतियों की मदद से हासिल की है। योजनाओं के सही कार्यान्वयन के कारण 2011 से 2023 के बीच 17.1 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आये और देश में गरीबी की दर 16.2% से घटकर 2.3% हो गयी। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में अब ज्यादा लोग आर्थिक रूप से बेहतर स्थिति में हैं।

पहले की तुलना में ज्यादा परिवारों को खाना, स्वास्थ्य सेवाएं, बैंकिंग और नौकरी के मौके मिल रहे हैं। इस आंकड़े से पता चलता है कि भारत की आर्थिक तरक्की का फायदा केवल अमीरों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर तबके को मिल रहा है। यह एक तरह से भारत का मॉडल है, जो दुनिया के लिए मिसाल बन सकता है कि आर्थिक विकास और सामाजिक बराबरी एक साथ चल सकते हैं।

## ब्रिक्स के 17वें शिखर सम्मेलन का ब्राजील में आगाज

# आर्थिक सहयोग और वैश्विक भलाई के लिए अहम शक्ति है ब्रिक्स : मोदी




एजेंसी

**रियो डी जेनेरियो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के आधुनिक कला संग्रहालय पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक दक्षिण के मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने पर सहमति जतायी। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा भारत-ब्राजील संबंधों में नई ऊर्जा भरने और ब्रिक्स मंच पर साझा उद्देश्यों को आगे बढ़ाने की दिशा में अहम मानी जा रही है।

### मोदी ने दिया दुनिया को संदेश

पीएम मोदी ने राष्ट्रपति लूला को गले लगाते हुए पूरी दुनिया को मैसेज दिया, रियो डी जेनेरियो में इस वर्ष के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए राष्ट्रपति लूला का आभारी हूं। ब्रिक्स आर्थिक सहयोग और वैश्विक भलाई के लिए एक शक्तिशाली ताकत बना हुआ है।

### अनोखे अंदाज में किया गया स्वागत

यहां पहुंचने पर अनोखे अंदाज में गणेश वंदना 'ओम गं गणपतये नमः' के साथ पीएम मोदी का स्वागत किया गया। इस प्रस्तुति में पारंपरिक भारतीय लय को ब्राजील के संगीत के साथ मिलाया गया, जिसमें महिला और पुरुष कलाकार शामिल थे। इससे पूरी तरह भक्ति और सम्मान का माहौल बन गया। हाथ जोड़कर मुस्कुराते हुए खड़े प्रधानमंत्री मोदी स्पष्ट रूप से भावविभोर नजर आये।

#### कृषि और व्यापारिक साझेदारी को नयी रफ्तार मिलने की उम्मीद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्राजील यात्रा के दौरान दोनों देश के संबंधों में नयी ऊर्जा दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा और महत्वपूर्ण द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर से दोनों देशों के बीच 15 अरब डॉलर के वर्तमान व्यापार में और वृद्धि होगी। इस यात्रा से दोनों देशों के बीच आर्थिक और तकनीकी सहयोग को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने की उम्मीदें बढ़ गयी हैं। पीएम मोदी की इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है, जो भारत-ब्राजील संबंधों को और मजबूत करेगा।

#### आकाश डिफेंस सिस्टम पर डील की संभावना

ब्राजील के राजदूत केनेथ फेलिक्स हैक्जिंस्की दा नोब्रेगा ने बताया कि भारत ब्राजील को आकाश डिफेंस सिस्टम, गश्ती जहाज बेचने पर चर्चा कर सकता है। दोनों देशों के बीच स्कॉर्पीन क्लास की पनडुब्बी के प्रबंधन पर एमओयू साइन करने की संभावना है, क्योंकि ब्राजील ने फ्रांसीसी पनडुब्बियां भी खरीदी हैं। ब्राजील के राजदूत ने कहा कि पीएम मोदी की ब्राजील यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में काफी तेजी आयी है।

# कुछ लोग तिरंगा में चांद चाहते हैं हम चांद पर तिरंगा: धीरेंद्र शास्त्री

● पटना में सनातन महाकुंभ में जगद्गुरु रामभद्राचार्य भी शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** पटना के गांधी मैदान में आयोजित सनातन महाकुंभ में बागेश्वर धाम के पीठाधीश पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पहुंचे। आयोजन के संयोजक पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने मंच पर उनका स्वागत किया। जगद्गुरु रामभद्राचार्य भी पधारे हैं। इस दौरान बागेश्वर बाबा ने कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की शुरुआत बिहार से ही होगी। उन्होंने कहा कि हम राजनीति नहीं, बल्कि रामनीति के चक्कर में पटना आये हैं। उन्होंने दिल्ली से वृंदावन पदयात्रा में शामिल होने के लिए बिहार वासियों को न्योता दिया।

बाबा बागेश्वर ने कहा कि हिंदुओं को जातिवाद नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद के लिए जगायेंगे। हम भारत माता के लिए जियेंगे। जब भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा, तो पहला राज्य बिहार होगा। उन्होंने कहा कि सनातन को बांटना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग तिरंगा पर चांद देखना चाहते हैं, लेकिन हम चांद पर तिरंगा लहराता देखना चाहते हैं। बिहार आकर बहुत खुशी मिलती है। पटना वाले पागलों अपना ध्यान



रखना। समय कम है और गर्मी ज्यादा है। हम फिर आयेंगे। हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए सात नवंबर से 16 नवंबर तक दिल्ली से वृंदावन की पदयात्रा होने वाली है। इसमें बिहार के लोग चलें। बिहार का कर्ज नहीं भूल सकते।

बागेश्वर बाबा ने कहा कि हमें किसी धर्म से कोई दिक्कत नहीं है। बिहार की धरती पर किशोरी जी प्रकट हुईं। हमे पूरा भरोसा है। बिहार के पागलों, यह बात गांठ बांध लो। हम सब हिंदू एक हैं। कुछ ताकतें देश को 'गजवा ए हिंद' बनाना चाहती हैं, लेकिन यह 'भगवा ए हिंद' होना चाहिए। हमें मुसलमानों और इसाइयों से दिक्कत नहीं है, बल्कि उन हिंदुओं से दिक्कत है, जो जातिवाद की बात करते हैं। हम किसी पर घात नहीं करना चाहते, लेकिन कोई हम पर घात करेगा, तो हम प्रतिघात से नहीं चूकेंगे। भीषण गर्मी के बावजूद भारी संख्या में लोग गांधी मैदान सनानतन महाकुंभ में पहुंचे।






# बालूमाथ की फुलबसिया रेलवे साइडिंग पर अपराधियों का तांडव

● बाइक पर सवार आये अपराधियों ने हाइवा में लगायी आग
● पुलिस ने घटनास्थल से बरामद किया राहुल दुबे गिरोह का पर्चा
● बिना संपर्क काम नहीं करने की दी गयी चेतावनी, जांच शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ/ बारियातू।** बारियातू थाना क्षेत्र में स्थित सीसीएल की फुलबसिया रेलवे साइडिंग पर अपराधियों ने जम कर तांडव मचाया। बाइक सवार अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग की और एक हाइवा में आग लगा दी। यह घटना शनिवार देर रात करीब साढ़े नौ बजी घटी। अपराधियों ने घटनास्थल पर एक पर्चा भी छोड़ा, जिसमें राहुल दुबे गिरोह ने घटना की जिम्मेदारी लेते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि गिरोह से संपर्क



और सौदा किये बिना कोयला कारोबार नहीं चलेगा। पर्चा में लिखा गया है कि अगर नियम नहीं माने गये, तो खोपड़ी खोल दी जायेगी। घटना की सूचना मिलते ही बालूमाथ के एसडीपीओ बिनोद रवानी, बारियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार और अमरवाडीह पिकेट प्रभारी अनुभव कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पर्चा को जब्त कर छानबीन शुरू कर दी गयी है। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान तेज कर दिया गया है।

# भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष की कवायद तेज

● केंद्रीय चुनाव समिति का गठन जल्द
● शिवराज-खट्टर समेत छह चेहरे रेस में

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भाजपा जल्द ही नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की घोषणा कर सकती है। इसके लिए कवायद तेज हो गयी है। नये भाजपा अध्यक्ष के लिए छह नामों पर विचार चल रहा है। इनमें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर, भूपेंद्र यादव और धर्मेंद्र प्रधान शामिल हैं।

वहीं भाजपा महासचिव सुनील बंसल और विनोद तावड़े भी रेस में बताये जा रहे हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने के लिए तीन मुख्य बातों-संगठनात्मक अनुभव, क्षेत्रीय संतुलन और जातीय समीकरण को ध्यान में रख रही हैं। जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए एक केंद्रीय चुनाव समिति का गठन हो सकता है। यदि चुनाव की जरूरत पड़ी, तो यह समिति नामांकन, जांच और मतदान की प्रक्रिया पूरी करेगी।

बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल 30 जून 2024 को खत्म हो चुका है। वह एक्सटेंशन पर हैं। वह केंद्र सरकार में मंत्री भी हैं। इस वजह से भाजपा जल्द नया अध्यक्ष चुनने की तैयारी में जुटी है। नड्डा को 2019 में कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था और जनवरी 2020 में वह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे।

#### भाजपा के 37 में से 26 प्रदेश अध्यक्ष चुने गये

पार्टी संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 50% राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष चुनने के बाद ही होता है। फिलहाल भाजपा की 37 मान्यता प्राप्त प्रदेश इकाइयां हैं। इनमें से 26 राज्यों में अध्यक्ष चुने जा चुके हैं। भाजपा ने जुलाई के पहले दो दिन में नौ राज्यों में नये प्रदेश अध्यक्ष चुने। इसके बाद से राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तस्वीर साफ हो गयी है। इन दो दिनों में हिमाचल, उत्तराखंड, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दमन दीव और लद्दाख में प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव किया गया।

#### नये अध्यक्ष के सामने होंगे 12 अहम चुनाव

पार्टी के नियम के अनुसार अध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल का होता है। एक व्यक्ति दो बार से अधिक पार्टी का अध्यक्ष नहीं बन सकता। ऐसे में अब पार्टी के नये अध्यक्ष को 12 अहम चुनाव अपने कार्यकाल में कराने होंगे। इनमें से पहला बिहार में होगा, जहां अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel 1
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# बिहार की सियासी तसवीर बदलेंगी सीमांचल की 24 सीटें

## ■ महागठबंधन के गढ़ में दबदबा कायम करने की कोशिश में है एनडीए

## ■ ओवैसी के महागठबंधन में शामिल होने के बाद शक्ति संतुलन बदला

## ■ वक्फ कानून से अधिक आर्थिक-सामाजिक पिछड़ापन बनेगा गेमचेंजर

**आजाद सिपाही विशेष**

बिहार की राजनीति में सीमांचल के चार जिलों का अलग महत्व है। इन जिलों की 24 विधानसभा सीटें बिहार की सियासत में अलग महत्व रखती हैं। इनमें मुस्लिम मतदाताओं की बहुलता की वजह से महागठबंधन के लिए यह क्षेत्र हमेशा से मुफीद रहा है, लेकिन इस बार की सियासी तस्वीर कुछ अलग कहानी बयां कर रही है। अक्टूबर-नवंबर तक विधानसभा के चुनाव के मद्देनजर सियासी दल अलग-अलग इलाकों की सियासत साधने की कोशिश में जुटे हैं। सीमांचल में वोट की यह लड़ाई कितनी अहम है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि राजनीतिक दल वक्फ जैसे मुद्दों को नेपथ्य में डाल कर सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन को केंद्रीय मुद्दा बनाने की कोशिश में जुटे हैं। इसलिए विपक्षी महागठबंधन की अगुवाई कर रहे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सीएम फेस तेजस्वी यादव ने सत्ता में आने पर सीमांचल विकास प्राधिकार बनाने का वादा कर दिया है। दूसरी तरफ मुस्लिम बाहुल्य इस इलाके में सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को नये वक्फ कानून के साथ डबल इंजन की सरकारी विकास योजनाओं से एकमुश्त हिंदू वोट और पिछड़े मुस्लिमों के समर्थन की उम्मीद है। वोटों की इस खींचतान के बीच सीमांचल की राजनीति के सबसे अहम फैक्टर हैं असदुद्दीन ओवैसी, जिनकी पार्टी ने 2020 में पांच सीटें जीत कर सबको चौंका दिया था। इस बार वह महागठबंधन में शामिल हो गये हैं, तो लड़ाई रोचक हो गयी है। क्या है सीमांचल की सियासत की तसवीर और क्या हैं संभावनाएं, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

बिहार में चुनाव आयोग ने अभी चुनावी कार्यक्रमों का एलान नहीं किया है, लेकिन अलग-अलग सियासी दलों के नेता खुद की जीत को सुनिश्चित करने के लिए 2025 के चुनावी जंग में एक-दूसरे के खिलाफ जमकर आग उगल रहे हैं। फिलहाल बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में सबसे दिलचस्प लड़ाई सीमांचल में नजर आ रही है, जहां सबकी नजरें मुस्लिम वोटरों पर हैं। बिहार की राजनीति में सरकार बनाने के लिहाज से सीमांचल के चार जिलों की 24 सीटें बेहद अहम मानी जाती हैं। यहीं से तय होता है कि बिहार की गद्दी पर कौन बैठेगा। इस इलाके में सबसे बड़ी चुनौती कांग्रेस और राजद के सामने है। यही वजह है कि कन्हैया कुमार भी आजकल सीमांचल की गलियों में घूमते नजर आ जाते हैं।

### सीमांचल का सामाजिक-भौगोलिक समीकरण

सीमांचल की राजनीति का गणित समझने के लिए इलाके का भूगोल समझना भी जरूरी है। यह इलाका पश्चिम बंगाल के साथ अंतरराज्यीय और नेपाल के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है। यह इलाका बांग्लादेश सीमा से भी काफी करीब है। सीमांचल में बिहार के चार जिले आते हैं, कटिहार, पूर्णिया, अररिया और किशनगंज। मुस्लिम बाहुल्य इन चार जिलों में 24 विधानसभा सीटें हैं। जाति जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक बिहार की कुल आबादी में करीब 18 फीसदी मुस्लिम हैं। सीमांचल के इन चार जिलों की आबादी की बात करें, तो किशनगंज में 68, अररिया में 43, कटिहार में 45 और पूर्णिया में 39 फीसदी हिस्सेदारी मुस्लिम समाज की है।

### सीमांचल की सीटें अहम क्यों

सीमांचल के चार जिलों में विधानसभा की 24 सीटें हैं। पूर्णिया में सात, कटिहार में सात, किशनगंज में चार और अररिया में छह सीटें हैं। सीमांचल की अहमियत ऐसे भी समझा जा सकता है कि बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गठबंधन टूटने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 23 सितंबर 2022 को



पूर्णिया जिले के रंगभूमि मैदान में 'जन भावना रैली' को संबोधित किया था, जहां उन्होंने 2025 के विधानसभा चुनाव के लिए हुंकार भरी थी। शाह ने इस रैली में लोगों से बीजेपी को पूर्ण बहुमत देने की अपील की थी। नीतीश कुमार की पार्टी का भारतीय जनता पार्टी से गठबंधन तोड़ने और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ महागठबंधन बनाने के बाद तेजस्वी यादव ने भी पहली बड़ी रैली 25 फरवरी 2023 को पूर्णिया में ही की थी। इस 'एकजुटता रैली' में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव और महागठबंधन के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया था। दोनों रैलियों का मकसद एक ही था। सीमांचल की 24 सीटों पर कब्जा जमाना।

### 2020 में कैसा रहा था नतीजा

साल 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में सीमांचल क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी को आठ, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआइएमआइएम) को पांच, कांग्रेस को चार, जनता दल (यूनाइटेड) को चार, राष्ट्रीय जनता दल को दो और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) को एक सीट मिली थी। 2020 में सीमांचल को राजद और कांग्रेस का गढ़ माना जाता था, लेकिन पिछले चुनाव में बीजेपी का प्रदर्शन चौंकाने वाला था। तब असदुद्दीन ओवैसी की अगुवाई वाली एआइएमआइएम ने भी पांच सीटें जीत कर चौंकाया था।

### सीमांचल सियासी समीकरण

साल 2011 की जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक बिहार में करीब 17 फीसदी (16.87%) मुस्लिम हैं। बिहार की कुल मुस्लिम आबादी का 45 से 75 फीसदी हिस्सा (कहीं कम, कहीं ज्यादा) सिर्फ सीमांचल के चार जिलों में बसा है। अब अगर सीमांचल की मौजूदा राजनीति और वोटों के गणित की बात करें, तो यह सच है कि पिछले विधानसभा चुनाव में एनडीए ने इस इलाके में अपनी स्थिति मजबूत बनायी थी, लेकिन इस बार यहां चुनौती त्रिकोणीय हो चुकी है। इलाके की मुस्लिम बहुल आबादी पर हर पार्टी नजरें गड़ाये हुए है और वोटरों को अपने पाले में लाने की कोशिश में जुटी है। पहले इस इलाके में मुख्य तौर पर दो ध्रुव थे। एक एनडीए और दूसरा महागठबंधन, लेकिन जिस तरह से बीते चुनाव में एआइएमआइएम ने इस इलाके में महागठबंधन को चौंका दिया था, उसका लाभ बीजेपी को फायदा मिला था। उसी तरह इस बार सीमांचल में एक नयी ताकत का उभार हुआ है, जिसका नाम पप्पू यादव है।

### राजद के लिए चुनौती सबसे बड़ी क्यों

लोकसभा चुनाव में राजद को पूर्णिया और अररिया जैसे मुस्लिम बहुल इलाके में भी काफी कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा था, जिसे पहले लालू की पार्टी का कोर वोटर माना जाता था। अररिया में बीजेपी के प्रदीप सिंह ने राजद के शाहनवाज को हराया था। सीमांचल में इस बार सबसे बड़ी चुनौती राजद के लिए ही नजर आ रही है। पूर्णिया में पार्टी की सबसे बड़ी नेता बीमा भारती लगातार दो चुनाव हार चुकी हैं और यादुका हत्याकांड में उनके पति और बेटे की भूमिका ने लोगों के बीच उनकी लोकप्रियता को रसातल में पहुंचा दिया है। उन्हें मौजूदा विधायक शंकर सिंह से कड़ी टक्कर मिली है, जो इस वक्त जेडीयू के पाले में हैं।

### लोकसभा चुनाव नतीजों से महागठबंधन उत्साहित

पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव के नतीजों से महागठबंधन उत्साहित है। आम चुनाव में सीमांचल की चार में से दो सीटों पर महागठबंधन को जीत मिली थी। एक सीट पर कांग्रेस से बगावत कर बतौर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव चुनाव जीतने में सफल रहे थे। एनडीए के खाते में केवल एक सीट आई थी- अररिया। अररिया सीट पर प्रदीप कुमार सिंह ने कमल खिलाया था। पप्पू यादव भी कांग्रेस के ही समर्थन में खड़े नजर आते हैं। कुल मिला कर देखें तो लोकसभा चुनाव में महागठबंधन सीमांचल में एनडीए पर भारी पड़ा था।

### वक्फ बिल से बदलेगा सीमांचल का गणित

सीमांचल का वोट गणित देखें, तो औसतन हर सीट पर 36 से 37 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। बीजेपी और एनडीए को वक्फ कानून के बाद पसमांदा और गरीब मुस्लिमों का भी समर्थन मिलने की उम्मीद है। वहीं महागठबंधन के नेता मुस्लिम समाज के साथ ही सेक्यूलर वोटरों के साथ का विश्वास व्यक्त कर रहे हैं। वक्फ बिल से सीमांचल का गणित कितना बदलता है और अगर बदलाव होता है तो यह किसके पक्ष में जायेगा, यह बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे ही बतायेंगे।

---

# देवघर के श्रावणी मेले में महाकुंभ जैसी तैयारियां

## श्रद्धालुओं के लिए 10 अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन संचालित करेगा रेलवे

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** श्रावणी मेले को लेकर जिला प्रशासन के साथ-साथ अन्य विभाग भी अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। इसी क्रम में रेलवे ने देवघर जिले के जसीडीह रेलवे स्टेशन पर भव्य तैयारियां की हैं। जसीडीह स्टेशन, जो देश के सबसे व्यस्त स्टेशनों में से एक है, सामान्य दिनों में प्रतिदिन 190 ट्रेनों का परिचालन करता है।

रेलवे विभाग सावन के महीने में इस स्टेशन से कई विशेष ट्रेनें संचालित करता है। पिछले साल सावन में 14 नयी ट्रेनें शुरू की गयी थीं, जबकि इस वर्ष रेलवे विभाग लगभग 10 नयी ट्रेनों का परिचालन कर सकता है। आसनसोल रेलवे डिवीजन के अनुसार, सोमवार से रविवार तक कुल 500 ट्रेनों का आवागमन होगा। इसके अतिरिक्त, अन्य रेलवे डिवीजनों से 84 अतिरिक्त ट्रेनें विभिन्न राज्यों से होकर जसीडीह स्टेशन तक पहुंचेंगी।

### यात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम

रेलवे विभाग ने यात्रियों की सुविधा के लिए कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है और स्टॉपेज की समयावधि में भी वृद्धि की गयी है। आसनसोल डिवीजन ने बताया कि कई नयी ट्रेनें इस मार्ग पर चलायी जायेंगी, जिनमें कुछ वातानुकूलित ट्रेनें भी शामिल हैं। इसके अलावा, जसीडीह स्टेशन पर श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए पूरे परिसर में टेंट लगाये गये हैं। श्रावणी मेले की तैयारियों से यात्री संतुष्ट नजर आ रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि यदि मेले के दौरान ऐसी ही व्यवस्था बनी रही, तो श्रद्धालुओं को निश्चित रूप से राहत मिलेगी।



### जसीडीह स्टेशन पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

सुरक्षा के लिहाज से जसीडीह स्टेशन पर व्यापक इंतजाम किये गये हैं. अन्य रेलवे डिवीजनों से अतिरिक्त रेलवे पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की जायेगी। आसनसोल डिवीजन के रेलवे आइजी एएन सिन्हा ने पूरे रेलवे परिसर का निरीक्षण किया और सुरक्षा को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हम कोशिश करेंगे कि इस बार श्रावणी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ की तर्ज पर सुरक्षा व्यवस्था की जाये। मैंने स्वयं महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में ड्यूटी की थी, और उस अनुभव का उपयोग मैं जसीडीह स्टेशन पर करना चाहूंगा।

### जसीडीह रेलवे स्टेशन और व्यवस्थित होगा

रेलवे स्टेशन की स्वच्छता के लिए सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ायी जायेगी, ताकि श्रावणी मेले के दौरान श्रद्धालुओं को गंदगी का सामना न करना पड़े। जसीडीह स्टेशन के अधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में स्टेशन की सुविधाओं को और व्यवस्थित किया जायेगा। 11 जुलाई से पहले सभी इंतजाम पूरे कर लिए जायेंगे।

## श्रावणी मेला 2025 के दौरान बैद्यनाथ धाम में वीआइपी और वीवीआइपी दर्शन पर रोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर। देवघर के बैद्यनाथ धाम में श्रावणी मेला 2025 के दौरान वीआइपी और वीवीआइपी दर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिला प्रशासन ने यह निर्णय श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम जलार्पण को ध्यान में रखते हुए लिया है। देवघर के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि सावन के दौरान बाबा बैद्यनाथ धाम में लाखों श्रद्धालु जलार्पण के लिए आते हैं। वीआईपी दर्शन की अनुमति से आम श्रद्धालुओं को असुविधा होती थी। इससे भीड़ प्रबंधन में भी कठिनाई आती थी।**

**आम श्रद्धालु प्राथमिकता में रहेंगे : डीसी ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता आम श्रद्धालु हैं। उन्हें देवतुल्य मानते हुए यह फैसला लिया गया है। पुरोहित समाज ने भी इस निर्णय का स्वागत किया है। उनका मानना है कि इससे पूजा-पाठ और जलार्पण की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित होगी। श्रद्धालुओं को शांतिपूर्ण माहौल में पूजा करने का अवसर मिलेगा।**

# आइइडी ब्लास्ट में गंभीर रूप से घायल हाथी 'गडरु' ने तोड़ा दम


आजाद सिपाही संवाददाता

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा जंगल में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी ब्लास्ट में घायल हुए छह साल के जंगली हाथी की इलाज के दौरान मौत हो गई। हाथी का नाम 'गडरु' है। बीते दस दिनों से वह जंगल में घायल हालत में भटक रहा था। वन विभाग की तमाम कोशिशों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

वन विभाग और गुजरात के वनतारा की मेडिकल टीम ने शनिवार की देर शाम हाथी को ट्रैंकुलाइज किया। इसके बाद उसे सारंडा के दीघा से जराईकेला लाया गया। रातभर इलाज की कोशिशें जारी रहीं, लेकिन ज्यादा खून बह जाने और शरीर में अंदरूनी जख्म के कारण उसने दम तोड़ दिया। आज मृत हाथी का पोस्टमॉर्टम किया जाएगा।

**24 जून को हुआ था हादसा, 27 जून को मिला था ड्रोन से सुराग** : घटना 24 जून की बताई जा रही है, जब सारंडा जंगल के दीघा इलाके में एक हाथी आईईडी विस्फोट की चपेट में आ गया। विस्फोट में उसके पिछले बाएं पैर में गंभीर चोट लगी थी। हाथी के शरीर से लगातार खून बह रहा था और वह चलने-फिरने में असमर्थ हो गया था। वन विभाग ने ड्रोन की मदद से हाथी की लोकेशन ट्रैक की थी। अंतिम बार उसे 27 जून को दीघा गांव के पास देखा गया था। ड्रोन से मिले फुटेज में हाथी के पैर में सूजन और खून के निशान साफ नजर आ रहे थे। उसके बाद हाथी को ट्रैंकुलाइज कर रेस्क्यू करने की योजना बनी।

**छह टीमें लगी थीं तलाश में, ओडिशा से भी बुलायी गयी थी मदद** : घायल हाथी को खोजने और इलाज देने के लिए झारखंड और ओडिशा के विभिन्न वन क्षेत्रों से टीमें बुलायी गई थीं। जमशेदपुर रीजन की आरसीसीएफ स्मिता पंकज और सारंडा के डीएफओ अभिरूप सिन्हा खुद रेस्क्यू अभियान की निगरानी कर रहे थे। गुजरात के वनतारा आश्रय स्थल से आए डॉ. तेनजिंग भी टीम के साथ मौजूद थे। हाथी की तलाश में कुल छह टीमें लगी थीं, जिनमें ओडिशा की वेटनरी डॉक्टरों की टीम भी शामिल थी। जंगल का इलाका दुर्गम होने और हाथी के लगातार मूवमेंट के कारण रेस्क्यू में काफी दिक्कतें आ रही थीं।



### अब वन्यजीवों के लिए खतरा बन रहा है नक्सलियों का आइइडी बम

**इस घटना ने एक बार फिर नक्सली हिंसा की भयावहता को उजागर कर दिया है। अब तक इंसानों को निशाना बनाने वाले नक्सली, अब वन्यजीवों के लिए भी खतरा बनते जा रहे हैं। हाथी की मौत से वन विभाग ही नहीं, स्थानीय ग्रामीण भी दुखी हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि जंगल में लगे विस्फोटकों को जल्द से जल्द हटाया जाए और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किये जायें। वहीं, वन विभाग अब पूरे घटनाक्रम की समीक्षा कर रहा है।**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 371.6 °c | 28.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 19.23 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.29 बजे | |



# 'जय जगन्नाथ' के उद्घोष के बीच भगवान लौटे अपने धाम

● बारिश भी नहीं रोक सकी श्रद्धालुओं का उत्साह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची। रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में आस्था और भक्ति का सागर उस समय उमड़ पड़ा, जब भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ नौ दिनों के विश्राम के बाद मौसीबाड़ी से वापसी कर अपने मुख्य मंदिर लौटे। ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर परिसर और उसके रास्तों में जय जगन्नाथ की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा। बारिश की फुहारों के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। न भीगने की चिंता, न रास्तों की परवाह झ्र भक्तों का उत्साह हर मौसम पर भारी पड़ा।

भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का यह दूसरा चरण, जिसे घूरती यात्रा कहा जाता है, हर साल आषाढ़ शुक्ल दशमी को मनाया जाता है। नौ दिनों तक भगवान तीनों स्वरूपों ने मौसीबाड़ी में विश्राम किया, जहां विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। इस दौरान श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन के लिए पहुंचे और मनोवांछित फल की कामना की।




रथ पर विराजमान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की वापसी यात्रा के लिए शहर भर से श्रद्धालु जगन्नाथपुर मंदिर परिसर पहुंचे। हजारों की संख्या में भक्त रथ को खींचने के लिए उमड़ पड़े। जैसे ही भगवान का रथ मंदिर के मुख्य द्वार की ओर बढ़ा, लोगों की आंखें श्रद्धा और आनंद से भर आयीं। पूरे आयोजन के दौरान मेले जैसा माहौल बना रहा। मंदिर परिसर और मौसीबाड़ी के आसपास सजे मेले में राज्यभर के साथ-साथ बिहार, ओड़िशा, बंगाल और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों से आए स्टाल धारकों ने अपने-अपने उत्पादों की बिक्री की। हस्तशिल्प, मिठाइयां, झूले, खिलौने, पूजा सामग्री, लोक गीतों और झारखंडी व्यंजनों के बीच लोगों ने भक्ति और मेले का भरपूर आनंद लिया।

मौसीबाड़ी से मुख्य मंदिर तक के मार्ग को रंग-बिरंगे पताकाओं, तोरण द्वारों और फूलों से सजाया गया था। चारों ओर गूंजते भजन, ढोल-नगाड़े और चांदनी की तरह चमकती रथ यात्रा ने हर किसी को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। प्रशासन और स्थानीय समिति द्वारा सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता और सुविधा प्रबंधन की विशेष व्यवस्था की गई थी. महिला श्रद्धालुओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए अलग से सुविधा केंद्र बनाए गये थे। बारिश के बावजूद भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं आयी। छाते लेकर, रेनकोट पहनकर और कई तो भीगते हुए ही - हर कोई इस दिव्य क्षण का साक्षी बनने को आतुर दिखा। एक श्रद्धालु ने भावुक होकर कहा, बारिश भगवान की कृपा है।

जगन्नाथपुर मंदिर पहुंचने के बाद भगवान तीनों स्वरूपों का विशेष पूजन और आरती की गयी। मंदिर प्रांगण में फूलों और रोशनी से की गई सजावट ने पूरे माहौल को स्वर्गिक बना दिया। भक्तों ने देर रात तक भजन-कीर्तन और भोग वितरण में भाग लिया। जगन्नाथ यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का उत्सव बन चुकी है। हर वर्ष की तरह इस बार भी यह पर्व श्रद्धा, समर्पण और उल्लास का प्रतीक बना रहा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — सुख-सुविधा के साधन बनेंगे। नौकरी में उन्नति होगी। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।
- **वृष** — सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी। दिमागी परेशानी। परिश्रम-से आवश्यक काम में लाभ।
- **मिथुन** — प्रभावशाली व्यक्तियों से सहयोग मिलेगा। उद्योग-व्यापार में सफलता। भौतिक सुख-सुविधा।
- **कर्क** — विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास। परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता। स्वजन-मित्रों का सहयोग।
- **सिंह** — आजीविका के क्षेत्र में सफलता। आत्मबल एवं कर्मबल में वृद्धि। विपरीत परिस्थितियों में सुधार।
- **कन्या** — नई आशाओं का उदय होगा। धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे। धनागम के अवसर बढ़ेंगे।
- **तुला** — परिस्थितियों में सुधार। नौकरी में बदलाव। समस्याओं का समाधान। इच्छित सफलता की प्राप्ति होगी।
- **वृश्चिक** — स्वास्थ्य में सतर्कता आवश्यक है। राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा। चिंतित मनोरथ की सिद्धि।
- **धनु** — आत्मविश्वास की वृद्धि। रुके कामों में प्रगति। धार्मिक कार्य में रुचि बढ़ेगी।
- **मकर** — आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी। साहसिक कार्य में सफलता। संतान पक्ष से शुभ समाचार।
- **कुंभ** — लाभकारी प्रयास सफल होगा। स्वजन-मित्रों का सहयोग। आमदनी में वृद्धि होगी।
- **मीन** — चिंता से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा। प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का विचार देश को एक सूत्र में जोड़नेवाला : अमर बाउरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं कश्मीर में धारा 370 के विरोध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के 125वीं जयंती पर भाजपा, रांची महानगर जिला के द्वारा महानगर कार्यालय में उनकी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एकदिवसीय संगोष्ठी महानगर कार्यालय में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर उपाध्यक्ष राजू सिंह एवं मंच संचालन महामंत्री बलराम सिंह एवं ध्यानवाद ज्ञापन जितेंद्र वर्मा ने किया।



संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का विचार देश को एक सूत्र में जोड़ने वाला रहा है। उनकी पूरी जीवनी राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि कश्मीर में धारा 370 के मुखर विरोधी रहे डॉ मुखर्जी ने देश की अखंडता एवं संप्रभुता के लिए अपनी प्राणों की आहुति दी। उनकी जीवनी पूरे भारत के लिए प्रेरणा है।

हटिया विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान से युगों योगों तक देश के नागरिक प्रेरणा लेते रहेंगे। संगोष्ठी में प्रदेश कार्यालय मंत्री हेमंत दास, सत्यनारायण सिंह, केके गुप्ता, संजय जयसवाल, रमेश सिंह, राजश्री जयंती, ललित ओझा, जितेंद्र वर्मा, बसंत दास, अनीता वर्मा, विनय सिंह, सुरेश प्रसाद, पूनम जयसवाल, बालसाई महतो, देवेंद्र शर्मा, सोनू सिंह, पायल सोनी, राकेश शर्मा, ओम प्रकाश पांडे, इंद्रजीत यादव, अशोक मिश्रा, रामलगन राम, सुजीत शर्मा, विशाल साहू, राम मनोज साहू, रामजी प्रसाद, ऋषभ गखड़, सूर्य प्रताप आदि उपस्थित रहे।

# होनहार बच्चे संवारेंगे झारखंड का भविष्य : सुदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कुरमी महासभा के द्वारा रविवार को अनगड़ा में 11वीं जिलास्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा में टॉप करने वाले कुरमी समाज के 50 से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।




समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा आज के होनहार बच्चे ही झारखंड का भविष्य संवारेंगे। यही बच्चे शहीदों के सपनों का झारखंड बनायेंगे। हमारे सकारात्मक मार्गदर्शन से इन बच्चों को उनके लक्ष्य की प्राप्ति होगी। बच्चों के सफलता पर पूरा समाज गौरवान्वित होता है। हमें विद्यार्थियों के मार्गदर्शक की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। मार्गदर्शन के अभाव में प्रतिभाएं भटक जाती हैं। प्रतिभाओं को निखारने के लिए सभी को सकारात्मक मार्गदर्शक के रूप में आगे आना होगा।

सुदेश महतो ने कहा कि आनेवाले समय में हमें काफी परिवर्तन देखने को मिलेगा, हमें अभी से ही उसके लिए तैयार रहना है। श्री महतो ने कहा कि केंद्र सरकार के शिक्षण संबंधी निदेर्शों का अनुपालन राज्य के द्वारा नहीं करने से विद्यार्थियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

विशिष्ठ अतिथि पूर्व विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि दृढ इच्छाशक्ति और कठिन मेहनत से ही सफलता मिलती है।

पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि समाज के प्रोत्साहन एवं सहयोग से ही प्रतिभाएं निखरती हैं। हमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की दिशा में काम करना है, पढ़ाई के साथ संस्कार भी जरूरी है। समाज में व्याप्त नशाखोरी व दहेज प्रथा से घर परिवार बर्बाद होता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्योतिष महतो एवं संचालन गोवर्धन महतो व जगन्नाथ महतो ने किया। इस अवसर पर अभाकुम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर गांधी, झाकुम के अध्यक्ष कुमेश्वर महतो, महासचिव काशीनाथ महतो, कुरमी विकास परिषद के अध्यक्ष रणधीर चौधरी, डॉ आरती मेहता, आतिश महतो, गोविंद महतो, कौलेश्वर महतो, डॉ पारसनाथ महतो, विष्णु महतो, दूर्गा महतो, विश्राम महतो, सकलनाथ महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

# एसबीयू में मनी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में रविवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने डॉ. मुखर्जी के जीवन, देश के प्रति उनके योगदान और उनके कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।




उनकी शैक्षणिक विद्वता, जनसेवा के प्रति समर्पण एवं राष्ट्र की विभिन्न समस्याओं के प्रति दूरदर्शिता की भी उन्होंने चर्चा की। हिंदू महासभा से उनके जुड़ाव एवं भारतीय राजनीति में उनके योगदान पर भी उन्होंने प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने की वकालत कर और इसके लिए वृहत आंदोलन कर डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने का महती प्रयास किया था। कार्यक्रम में एसबीयू के माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन के अलावा विभिन्न शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

# श्री राधा-कृष्ण सेवा धाम मंदिर में 215वां अन्नपूर्णा भंडारा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में देवशयानी एकादशी बहुत श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर 215वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। महाप्रसाद में 101 किलो ग्राम की केसरिया मेवायुक्त खीर का भोग भगवान श्री राज श्यामजी को विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे द्वारा लगाया गया। इसके बाद पूरे विधि विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती की गयी। मंदिर परिसर में उपस्थित दो हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच अन्नापूर्णा महाप्रसाद भोग का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- कीर्तन का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी एवं निर्मल जालान ने अपने मनमोहक सुमधुर भजनों से श्रोताओं को खूब झुमाया।



ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर में रविवार को लगभग 5 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, चिरंजी लाल खंडेलवाल, सज्जन पाड़िया, संजय सर्राफ, सुरेश भगत, सुरेश अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, प्रेम प्रकाश, विधा देवी अग्रवाल, अरविंद पांडे, चन्द्रदीप साहू, हरीश कुमार, परमेश्वर साहू, धीरज कुमार गुप्ता, अशोक ठाकुर सुधीर कुमार सत्यम कुमार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं-पुरुष उपस्थित थे।

## सीआरपीएफ सेंबो कैंप में पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण पर संवाद और वार्षिक स्थापना एवं सम्मान समारोह

# झारखंड के रेगिस्तानीकरण पर चिंता और सामूहिक हरित का लिया संकल्प

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रोटरी क्लब ऑफ रांची साउथ द्वारा आयोजित कल्पतरु दिव्य इच्छावृक्ष कार्यक्रम में रविवार को सीआरपीएफ सेंबो कैंप में पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण पर संवाद और वार्षिक स्थापना एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिद्धार्थ त्रिपाठी (आइएफएस), अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखंड ने अपने उद्बोधन में बताया कि झारखंड का 65% भूभाग रेगिस्तानीकरण का शिकार है, जो कि पूरे देश में सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि एक चेतावनी है। अगर हमने अभी नहीं संभाला, तो भावी पीढ़ियों को शुद्ध जल, उपजाऊ भूमि और हरियाली नहीं मिलेगी। उन्होंने मानसिकता में बदलाव पर जोर देते हुए कहा कि हमारे पूर्वज हमसे कहीं अधिक वैज्ञानिक थे। उन्होंने प्रकृति को देवता मानकर उसकी रक्षा की नदियों को मां, पेड़ों को पूजनीय और धरती को जीवनदायिनी माना। आज आवश्यकता है कि हम उसी परंपरागत विज्ञान को पुनर्जीवित करें।




पर्यावरण योद्धा के रूप में सीआरपीएफ के उप महानिरीक्षक डीएन लाल ने बताया कि किस प्रकार सीआरपीएफ ने बस्तर (छत्तीसगढ़) और ओड़िशा के वन क्षेत्रों में स्थानीय लोगों के साथ मिलकर वनों की रक्षा की है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ केवल देश की सुरक्षा ही नहीं करती, बल्कि प्रकृति और जीवन की भी रक्षा करती है। उन्होंने देशभर में चलाये गये पौधरोपण अभियानों का उल्लेख किया और बताया कि कैसे हमारे जवान स्थानीय जनजातियों को जोड़ कर सामूहिक वृक्ष सुरक्षा और जल संरक्षण जैसे कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

### पानी की खेती से हरित क्रांति की ओर

कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ रांची साउथ ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं भुवनाम पानी की खेती के संस्थापक रथिन भद्र ने कहा कि पौधरोपण एक औपचारिकता नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा का संकल्प है। उन्होंने पानी की खेती की तकनीक के जरिए उलिहातू जैसे सूखा प्रभावित क्षेत्रों में भूजल पुनर्भरण की सफलता की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम सर्विस एबभ सेल्फ की भावना से प्रेरित होकर समाज, जल, जंगल और जमीन के लिए काम कर रहे हैं।

### सम्मान समारोह एवं नयी कार्यकारिणी की स्थापना

**इस कार्यक्रम के अंतर्गत रोटरी क्लब की नई कार्यकारिणी की स्थापना की गयी एवं पर्यावरण, शिक्षा, नवाचार और समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थितजनों ने मिल कर झारखंड में रेगिस्तानीकरण को रोकना, पारंपरिक एवं वैज्ञानिक पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए स्थानीय सहभागिता को प्रोत्साहित करना, रोटरी क्लब, सीआरपीएफ और प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से पर्यावरणीय परिवर्तन लाने का संकल्प लिया। कहा गया कि कल्पतरु केवल एक वृक्ष नहीं, बल्कि एक विचार है। हरित भारत का, सतत भविष्य का। सेम्बो से संथाल तक, उलिहातू से उत्तराखंड तक हमारा एक-एक पौधा हमारी ज़िम्मेदारी का प्रतीक है।।**

# व्यापार के साथ खेल भावना को भी आगे बढ़ायेंगे : किशोर मंत्री

● बीसीआइ प्लेटिनम 27 जुलाई को करायेगा बैडमिंटन टूर्नामेंट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बिजनेस क्रिएशन ऑफ इंडिया (बीसीआइ) प्लेटिनम की बैठक रविवार को स्थानीय होटल में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीसीआइ प्लेटिनम के अध्यक्ष डॉ सजीत कुमार ने कहा कि बीसीआइ प्लेटिनम के सदस्यों के आपसी सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो रही है। हमें अपने व्यापार के साथ एक आपसी संबंध को आगे बढ़ाना है।



उन्होंने कहा कि एक-दूसरे के सहयोग से ही अपने कारोबार को तेज गति प्रदान कर पायेंगे। बैठक में बीसीआइ प्लेटिनम के सदस्यों के लिए 27 जुलाई को एक दिवसीय बैडमिंटन का आयोजन की घोषणा की गयी। इसका आयोजन मोरहाबादी हातमा स्थित बैडमिंटन एकेडमी में होगा।

मेंटर किशोर मंत्री ने कहा कि यदि हमें व्यापार को आगे बढ़ाना है, तो नेटवर्किंग बेहद जरूरी है। बीसीआइ प्लेटिनम एक ऐसा मंच है, जहां उद्यमी एक-दूसरे से जुड़ कर अपने व्यवसाय को नया आयाम दे सकते हैं। इसमें अच्छे लोग जुड़ रहे हैं, इसी का परिणाम है कि एक-दूसरे के पारस्परिक सहयोग से अच्छा व्यवसाय हर माह कर पा रहे हैं। व्यापार के साथ खेल भावना को भी आगे बढ़ाना है। एक दूसरे के प्रति विश्वास जगाना है।

बैठक में कई नये विज़िटर्स ने भी भाग लिया और संगठन की कार्यप्रणाली को समझा। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें इस मंच से बहुत कुछ सीखने को मिला।

इस अवसर पर निदेशक शिव कुमार सिंह, रमेश कुमार, अजय कुमार, बीसीआइ प्लेटिनम की उपाध्यक्ष सोनाली चौधरी, सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा, मोहित नारसरिया, संजय जैन, अमर बाजोरिया और जुली कुमारी समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

## मुहर्रम का त्योहार विष्णुगढ़ में संपन्न

विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)। मुहर्रम का त्योहार विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय समेत विभिन्न क्षेत्रों में भी संपन्न हुआ। दसमी के दिन इस्लाम धर्मावलंबियों ने तजिये के साथ जुलूस निकालकर लाठी डंडे के साथ प्रदर्शन किया। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मुख्य मार्गो से होकर गुजरते हुवे इमामबाड़ा में पहुंचा।विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखी। विष्णुगढ़, चेड़रा, मुरगाओ, गोविंदपुर, नवादा, चानो, नरकी, सारूकुदर, करगालो, बनासो, बराई, गैंडा, टंडवा, गाल्होबार, सिरय समेत विभिन्न क्षेत्रों में मुहर्रम संपन्न हुआ।इस अवसर पर अंचल अधिकारी नित्यानन्द दास,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बीएन प्रसाद, थाना प्रभारी सपन कुमार महथा, जिप सदस्य शेख तैयब, पसस महताब हुसैन, अब्बास अंसारी, समसुल हक, राणा इकबाल खा आदि शामिल थे। इसके अलावा विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत गैड़ा पंचायत के ग्राम गैड़ा में मुहर्रम के मौके पर भव्य जुलूस निकाला गया जिसमें गैड़ा, पांडेडीह, बुकना, जरमुने के ग्रामीण शामिल हुए। गैड़ा अखाड़ा के पास पहुंचे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी का जिला परिषद् सदस्य शेख तैयब के द्वारा स्वागत किया गया।

## मुहर्रम के अवसर पर इस्लाम धर्मावलंबियों ने निकाला जूलूस

# आकर्षक ताजियों ने खींचा लोगों का ध्यान



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग/ कटकमदाग।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मुहर्रम का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास वातावरण में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कटकमदाग के विभिन्न गांवों सुल्ताना, मयातु, पसय, मसरातु, कुद, रेवाली, डामोडिह, ढेंगुरा, नवादा, बनहा, रसुलीगंज इत्यादि गांवों के इमामबाड़ा से आज ताजिया के साथ जुलूस अपने-अपने गांव गलियों के विभिन्न मार्गो से निकली इस अवसर पर इस्लाम धर्मावलंबीयों ने अस्त्र-शास्त्र के साथ अपने कला कौशल का प्रदर्शन भी किये साथ ही एक से ताजिया और गगनचुंबी निशाना जुलूस की शोभा बढ़ाते दिखायी दिये।

मुहर्रम त्योहार के मद्देनजर कटकमदाग प्रशासन न तैयारीयां काफी बड़े स्तर पर की है । जुलूस में अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती भी की गयी है। साथ ही बता दे कि संवेदनशील इलाके और जुलूस मार्गो में प्रशासन की पैनी नजर है। कटकमदाग प्रशासन ने आम लोगों से अपील किया है कि आप इस त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाये। किसी प्रकार का अफवाह पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। अप्रिय घटना की खबर मिलते ही इसकी जानकारी जिला प्रशासन को अवश्य दें ।

मुहर्रम इस्लाम धर्मावलंबियों के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जो हिजरी कैलेंडर के पहले महीने में मनाया जाता है। इस त्योहार का महत्व शिया और सुन्नी दोनों समुदायों में अलग-अलग है, लेकिन इसका मुख्य कारण हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करना है। मुहर्रम के दौरान, मुसलमान हजरत इमाम हुसैन और उनके परिवार की शहादत को याद करते हैं और उनके लिए शोक मनाते हैं।

## मुहर्रम पर याद की गयी हसन-हुसैन की शहादत



कोडरमा (आजाद सिपाही)। झुमरीतिलैया शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में मुस्लिम धर्म और लंबियों ने हसन - हुसैन की शहादत को याद किया। मोहर्रम की दसवीं तारीख रविवार को शहर में जुलूस निकाला गया। जुलूस में भादोडीह, नवादा वस्ती, असनाबाद, झलपो सहित दर्जनों अखाड़ा कमेटियों ने खूबसूरत और नकाशी युक्त ताजिया, आकर्षक मिसाइल और निशान के साथ लोगों ने लाठी डंडा और तलवार के साथ अपनी कला का प्रदर्शन किया। भादोडीह अखाड़ा कमेटी की ओर से ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित राफेल, मिसाइल, रडार की भव्य झांकी का प्रदर्शन किया गया। वही असनाबाद अखाड़ा कमेटी के ओर से पृथ्वी मिसाइल के साथ-साथ हजरत हसन हुसैन की तलवार की प्रदर्शनी दिखायी गयी। साबिर खान ग्रुप के हलीम खान, वाजिद खान, टार्जन खान, फेकू खान सहित अन्य कुशल कारीगरों द्वारा झांकी को भव्यता दी गयी है। जुलूस में ताजिया और निशान के साथ-साथ डंका पार्टी, बैंड बाजा, ताशा पार्टी भी शामिल थी। जुलूस में गुमो, झलपो व भंडरवा अखाड़ा कमेटी की ओर से भी झांकी निकाली गयी। वहीं करमा, बाराटोला, अंबाकोला सहित अन्य अखाड़ा कमेटीयों द्वारा पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन दिखाया गया। मोहर्रम की नौवी तारीख शनिवार को विभिन्न इमामबाड़ों में लोगों ने फातिहा ख्वानी कर मन्नतें मांगी। वहीं पैकरो ने इमामबाड़ों में परिक्रमा कर हसन- हुसैन की शहादत में मसीहा पढ़ा। इमामबाड़ों पर सुबह से ही फातिहा ख्वानी के लिए लोगों की भीड़ देखी गयी। यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा। दूसरी ओर जुलूस को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद दिखे। अखाड़े पर हिंदू एवं मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों ने एक दूसरे के साथ शस्त्रों का प्रदर्शन किया। जबकि असामाजिक तत्वों पर पुलिस ने कड़ी नजर बना रखी हुई थी। जुलूस में खलीफा इनामुल हक टिंकू,भादोडीह अखाड़ा कमेटी के सदर रिजवान कुरैशी, अमीर राजा, आकिब जावेद, सलमान अंसारी, जसीम कुरैशी, शाहनूर खान, इरफान इराकी, मतीन कुरैशी, मोबिन कुरैशी, अहमद राजा, असद खान, शानू खान,नईम कुरैशी, पप्पू खान वारसी, मारुति मंसूरी, गुलाम सरवर, असनाबाद के गालिब हुसैन, आरिफ अंसारी,सईद नसीम, झलपो के मंजूर आलम वगैरह ने मोहर्रम को सफल बनाने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## केनरा बैंक ने 120वें स्थापना दिवस पर वृद्धाश्रम में किया पौधरोपण



हजारीबाग(आजाद सिपाही)। केनरा बैंक अपने 120वें स्थापना दिवस के अवसर पर हजारीबाग क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा दीपूगढ़ा स्थित वृद्धाश्रम में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहां रह रहे वरिष्ठ नागरिकों के बीच खाद्य सामग्री का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख एल वेंकट जयकृष्ण ने बताया कि बैंक के शीर्ष प्रबंधन के निर्देशानुसार, कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि केनरा बैंक समाज के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियों को गंभीरता से निभाता है और ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज से अपने जुड़ाव को और भी मजबूत करता है। उन्होंने आगे कहा पौधरोपणऔर जरूरतमंदों के बीच सामग्री वितरण जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से हम अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वाह करते रहेंगे। इस अवसर पर मंडल प्रबंधक रजनीश कुमार, कैरोलस तिरु, आशीष वर्मा, प्रबंधक राहुल कुमार झा, रवि कुमार, अधिकारी मनीष तिर्की, शुभम कुश और रेड क्रॉस सोसायटी से सनद सिंहा उपस्थित थे। सभी ने मिलकर वृक्षारोपण किया और वृद्धाश्रम के निवासियों से संवाद स्थापित कर उन्हें आवश्यक सामग्री ससम्मान प्रदान की।

## शहर में सूखे पेड़ बन सकते हैं जानलेवा

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। बीते कई दिनों से शहर में लगातार बारिश हो रही है। बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। सड़कों के किनारे वर्षों से खड़े सूखे और कमजोर पेड़, जो किसी भी क्षण गिरकर गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। शहर के झील रोड समेत कई इलाकों में पुराने और सूखे पेड़ तेज हवाओं के झोंकों में हिलने लगे हैं। बारिश से मिट्टी ढीली होने के कारण कुछ पेड़ों की जड़ें बाहर आ गयी हैं, जिससे उनके गिरने का खतरा बढ़ गया है। इन पेड़ों की स्थिति देखकर स्थानीय निवासी और राहगीर दहशत में हैं, लेकिन नगर निगम और संबंधित विभाग अब तक मौन साधे हुए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग को जानकारी देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। बारिश के चलते सूखे पेड़ों में नमी भर जाने से उनमें दरारें भी आ चुकी हैं, जो और खतरनाक स्थिति उत्पन्न कर रही है। लोगों का कहना है की जब तक कोई जानलेवा हादसा नहीं होगा, तब तक शायद नगर निगम या वन विभाग चेतेगा नहीं। नगर निगम और वन विभाग की यह अनदेखी न केवल लापरवाही को दर्शाती है, बल्कि यह भी संकेत देती है कि आम नागरिकों की सुरक्षा इनके एजेंडे में नहीं है। अब समय की मांग है की ऐसे सभी सूखे और जर्जर पेड़ों की तत्काल पहचान कर कार्रवाई की जाये, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके।

## जयनगर में निकला ताजिया, मना मुहर्रम




जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के विभिन्न मुस्लिम समुदाय के क्षेत्रों में धूमधाम से मुहर्रम का त्योहार संपन्न हुआ। जिसमें मुस्लिम समुदाय के युवाओं के द्वारा लाठी, भाला, तलवार आदि खेल का प्रदर्शन किया गया। सरकार के निदेर्शानुसार लाइसेंस के आधार पर ताजिया का भ्रमण किया गया। मुस्लिम समुदाय के क्षेत्रों में कटिया, मसौआ, तेतरौन, टुडमी, बेको, पीपचो, जयनगर, सांथ, गोपालडीह, चेहाल, डुमरी, ककरचोली, हिरोडीह, तमाय, करियांवा, गमहरबाद, कटहाडीह सहित कई गांवों में ताजिया के या हसन या हुसैन नारे के साथ भ्रमण करते हुए कर्बला पहुंचकर विसर्जन किया गया। मौके पर इस्लाम अंसारी, नौशाद आलम, अरमान खान, इरसाद आलम, मिसवाउदीन, फिरोज हयात खान, रहमत खान, अब्दुल हाफिज, जहांगीर खान, मन्नान खान, शहजाद अंसारी, जैनुल अंसारी, मौलाना मुमताज आलम कादरी, सलीम अंसारी, अब्दुल कलाम, सलीम अंसारी, इब्राहिम अंसारी, आजाद अंसारी, रहमान अंसारी सहित सैकड़ों के संख्या में महिला–पुरुष शामिल थे। मुहर्रम त्योहार को लेकर थाना प्रभारी बबलू कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार सहित जगह–जगह मजिस्ट्रेट और पुलिस जवान मौजूद थे।

## हजारीबाग के अंतू साव की मिसाल मोहर्रम में निभा रहे हैं सौहार्द की परंपरा



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जब देश में धर्म के नाम पर दूरियां बढ़ रही है, तब हजारीबाग के जलमा गांव से उठती एक आवाज, समाज को जोड़ने की मिसाल बन रही है। ये आवाज है अंतू साव की, एक हिंदू, जो हर साल मोहर्रम में ताजिया लेकर न केवल शरीक होते हैं, बल्कि गंगा–जमुनी तहजीब को ज़िंदा रखने का काम करते हैं। कटकमसांडी प्रखंड के इस छोटे से गांव में रहने वाले अंतू साव की उम्र अब ढलान पर है, लेकिन भाईचारे का जज्बा आज भी उतना ही मजबूत है, जितना उनके बुज़ुर्गों के वक्त था। तीन पीढ़ियों से उनका परिवार मोहर्रम के मौके पर ताजिया बनवाता है और उसे छड़वा मैदान के ऐतिहासिक मेले में लेकर जाता है, जहां हिंदू और मुसलमान दोनों मिलकर इस परंपरा को निभाते हैं। अंतू साव का ताजिया न सिर्फ खूबसूरती का नमूना होता है, बल्कि यह उस मेलजोल की पहचान है, जो मजहब की दीवारों को पार कर जाता है। भीड़ तब उमड़ पड़ती है जब एक हिंदू अपने कंधों पर मोहब्बत और इंसानियत का ताजिया उठाए निकलता है। उनके लिए धर्म कोई बंधन नहीं, बल्कि एक जरिया है दिलों को जोड़ने का। वे मानते हैं कि जो परंपरा लोगों को साथ लाए, वही सबसे पवित्र होती है। आज जब धर्म की आड़ में नफरत फैलाने की कोशिशें तेज हो रही हैं, तब अंतू साव जैसे लोग समाज को याद दिला रहे हैं कि मजहब का असल मकसद इंसान को इंसान से जोड़ना

## चरही में 1300 बोरी कच्चा कोयला जब्त



चरही। सीसीएल क्षेत्र के तापिन नॉर्थ पिंडरा 42नंबर में अवैध कोयले के भंडारण पर वन विभाग की कड़ी कार्रवाई की गयी है। वन विभाग के अधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि रामगढ़ वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार को सूचना प्राप्त हुई थी कि उक्त स्थल पर बड़ी मात्रा में अवैध तरीके से कोयले का भंडारण किया गया है जिसके बाद उनके निर्देश पर टीम गठित कर कार्रवाई की गयी। वन विभाग द्वारा कहा गया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा लगभग 1300 बोरियों में कच्चा कोयला भरकर कर रखा गया था और बीती रात में ही ट्रक में लोडिंग की तैयारी थी। तस्करों द्वारा रात के 2 बजे तक ट्रक लोडिंग का इंतेजार किया गया। लेकिन वन विभाग की टीम रात में ही पहुंच कर कोयले का मुआयना किया और अहले सुबह इस कार्यवाही को अंजाम दिया गया। विदित हो कि तापिन नॉर्थ कोलियरी से हमेशा ही भारी मात्रा में कोयले की चोरी होती है और हर बार ही कभी पुलिस द्वारा तो कभी वन विभाग के द्वारा इस तरह की कार्रवाई कर कोयले को जब्त किया जाता है। लेकिन इन सब के बीच तो आश्चर्य करने वाली बात यह है कि कभी कोयले की चोरी नहीं रुकती इससे तापिन नॉर्थ कोलियरी के सुरक्षा कर्मियों पर भी कई तरह की सवालिया निशान खड़े होते हैं। हालांकि इस कार्यवाही के दौरान सीसीएल सुरक्षा कर्मी भी मौके पर मौजूद थे। इस छापामारी के दौरान किसी पर कोई मामला दर्ज करने की जानकारी सामने नहीं आयी है। जब्त किये गये कोयले को सीसीएल तापिन नॉर्थ के सुपुर्द कर दिया गया। मौके पर प्रभारी वनपाल शैलेन्द्र कुमार के अलावा अजय कुमार, सुनील कुमार, संतोष टोप्पो, विकाश उरांव, अनुज कुमार, नितेश रजवार इत्यादि वनकर्मी थे।

## बालू लदा हाइवा पलटा, बाल-बाल बचा ड्राइवर

# अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज की है गाड़ी

एक चालान से तीन से चार ट्रीप बालू की ढुलाई की जाती है

पिंटू कुशवाहा दिनकर



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड यूं तो इन दिनों काफी चर्चाओं पर है क्योंकि पिछले दिनों ही पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के आवास सहित दो बालू कारोबारी के घर पर इडी दबिश पड़ी थी। और लगातार 16 से 17 घंटे तक बालू कारोबारी से पूछताछ की गयी थी। साथ ही यह भी चर्चा भी था कि अवैध बालू के लेनदेन के मामले में ही यह ईडी की बड़ी कार्रवाई की गई थी। बावजूद इसके बड़कागांव के बालू कारोबारी पर कोई असर नहीं पड़ा और अगले ही दिन बालू कारोबारी बालू हाइवा के माध्यम से हजारीबाग सहित अन्य शहर ले जा रहे थे कि हाइवा ब्लैकबेरी रेस्टोरेंट एवं भारत पैट्रोलियम पंप के समीप आम के पेड़ से टकराकर पलट गया। उक्त हाइवा वाहन बड़कागांव के पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज का है जिसका गाड़ी नंबर खँ02 6528 है। उक्त दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी में ड्राइवर नीतीश कुमार गाड़ी के अंदर ही फस गया। यह घटना रविवार के अहले सुबह लगभग 3:00 बजे की बताई जाती है।घटना की जानकारी जैसे ही बालू कारोबारी को पता चला तो कई बालू कारोबारी सहित दर्जनों ग्रामीण पहुंचकर ड्राइवर को लगभग चार घंटे की कड़ी मशक्कत करने के बाद सुबह 7 बजे पलटे हुए गाड़ी से निकल गया। तत्पश्चात ड्राइवर नीतीश कुमार एक पर बुरी तरह से टूट गया और काफी गंभीर चोटे भी आई है जिसका इलाज हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। उक्त दुर्घटना का मुख्य कारण ड्राइवर को नींद आ जाने का बताया जाता है सूत्र बताते हैं कि एक ही ड्राइवर के माध्यम से लगातार पूरी रात 2 से 4 खेप बालू को ले जाना पड़ता है जिससे ड्राइवर को थकान आ जाने और नींद आ जाने की वजह से आए दिन ऐसी घटना होते रहती है। सूत्र यह भी बताते हैं कि एक चलन से पूरी रात 2 से 4 ट्रिप बालू बेचने का काम किया जाता है जिससे ड्राइवर लोग लगातार तेजी से गाड़ी भागते हैं और इसी कारण दुर्घटना होती है। वही एक चलन से दो से चार ट्रिप बालू बेचने के वजह से झारखंड सरकार को करोड़ों रुपए की रॉयल्टी का चपत लग रहा है। इस बालू के अवैध खेल में बड़कागांव प्रखंड प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन एवं उत्खनन विभाग भी मौन है। क्योंकि सूत्रों का यह भी कहना हैं कि प्रखंड प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन तक प्रत्येक हाईवा में लगभग 12 से 15000 का चढ़ावा चढ़ाया जाता है तब यह अवैध बालू का धंधा चलता है। इससे आम आदमी को भी बालू लेने में आर्थिक भोज पड़ रहा है और वही बालू कारोबारी माला माल हो रहे हैं। मजे की बात यह है कि इतनी बड़ी सड़क दुर्घटना हो जाने के बाद भी बड़कागांव पुलिस प्रशासन से पूछे जाने पर उन्होंने उक्त घटना के बारे में कुछ बताने से इनकार किया और उक्त दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी मौके से गायब है।

## सड़क दुर्घटना में कई लोग घायल

हजारीबाग(आजाद सिपाही)। रविवार को हजारीबाग के नेशनल पार्क के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक टोटो और स्विफ्ट डिजायर कार की जबरदस्त टक्कर हो गयी। यह टक्कर इतनी भीषण थी की टोटो पूरी तरह से पलट गया और उसमें सवार महिला और एक बुजुर्ग सहित कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्विफ्ट डिजायर में चार से अधिक लोग सवार थे, जिनमें गर्भवती महिला और दो छोटे बच्चे भी शामिल थे। वहीं टोटो में बैठी महिला को गंभीर चोटें आईं और उसका दाहिना कंधा पूरी तरह से टूट गया। बुजुर्ग यात्री को भी सिर और पीठ में गंभीर चोट लगी है। इस बीच उसी रास्ते से भद्रकाली से लौट रहे शहर के युवा समाजसेवी नीरज कुमार की नजर इस दुर्घटना पर पड़ी। उन्होंने बिना एक पल गंवाए तुरंत घटनास्थल पर अपनी गाड़ी रोककर घायलों की मदद शुरू की। नीरज कुमार ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। घटना की जानकारूपकर इचाक थाना प्रभारी संतोष कुमार भी घटना स्थल पहुंचे और तत्काल टोटो व एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## झरपो में हाथी ने मचाया उत्पात, बाउंड्री तोड़ा विद्यालय में रखा चावल चट कर गया



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झरपो में एक हाथी ने शानिवार को रातभर खूब उत्पात मचाया झरपो कारीचट्टान धाम में प्राथमिक प्राइमरी विद्यालय महलोनीया में पांच कमरे के दरवाजा को तोड़ दिया एक कमरा में रखा 50 किलो चावल, 25 किलो दाल और 30 किलो रखा आलू को चट कर गया। महलोनीया में लखन राणा की बाउंड्री सहदेव महतो और गंगा प्रसाद की बाउंड्री को तोड़ दिया। ग्रामीणों द्वारा स्थानीय मुखिया शिबू प्रसाद सोनी, सीआरपी दयाल प्रसाद और प्रधानाध्यापिका रेशमी देवी को सूचना दिया कि विद्यालय में हाथी द्वारा नुकसान हुआ है। सभी विद्यालय पहुंचे तो देख की बड़ा बक्शा जिसमें चावल रखा हुआ था उसे अपने पैरों तले मसल दिया है वहीं दो गोदरेज को उलट पलट दिया गया है। मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने कहा कि हाथी द्वारा विद्यालय में नुकसान हुआ है, वन विभाग को सूचना दे दिया गया। सभी ने मुखिया शिबू प्रसाद सोनी से उचित मुआवजा की मांग को लेकर सहयोग करने के लिए मदद की गुहार लगायी।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनायी



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। भारतीय जनसंघ के संस्थापक, विचारक, लेखक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती टाटीझरिया भाजपा कार्यालय में मनायी गयी। प्रखंड अध्यक्ष कैलास पति सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम किया गया। मुखर्जी के तशवीर पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि डॉ मुखर्जी ने कश्मीर में दो संविधान, दो प्रधान और दो निशान का विरोध किया था। जम्मू कश्मीर के लाल चौक पर वे तिरंगा झंडा फहराये थे। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्हें रहस्यमयी तरीके से मौत का घाट उतार दिया गया। उनकी प्रमुख मांग को आज अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि संतोष मंडल, एमके पाठक, रजनीकांत चौधरी, राजू यादव, अनिल प्रसाद, सूरज यादव, सुखदेव पांडेय, कैलाश अगरिया, छोटन चौधरी, खेलूं राम, नारायण नायक, अधीर तिवारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती मनायी

# राजनीति में मूल्य और विचार सबसे बड़ी पूंजी होते हैं: अन्नपूर्णा

हमारी ताकत, हमारे सिद्धांतों में है, हमारी शक्ति, हमारे संघर्ष में है: अन्नपूर्णा देवी

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर स्थित, जैन धर्मशाला में रविवार को, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन दामोदर सिंह और धन्यवाद ज्ञापन सुदेश चंद्रवंशी द्वारा की गयी।

भारत सरकार की महिला और बाल विकास केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी बतौर मुख्य अतिथि और हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर और डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गयी। अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र और बुके दे कर की गयी। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम एक ऐसे महान राष्ट्र नायक को स्मरण करने के लिए एकत्र हुए हैं जिनका जीवन भारत की एकता अखंडता और आत्म गौरव की जीवन गाथा है। डॉक्टर मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवादी विचारक और पथ प्रदर्शक थे। भारत सरकार ने यह निर्णय लिया है कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती पूरे वर्ष 6 जुलाई 2025 से 6 जुलाई की 2026 तक मनायी जायेगी। ताकि भारत के राजनीतिक, शैक्षणिक और संस्कृतिक ताने-बाने पर उनके स्थाई प्रभाव को सम्मानित किया जा सके। डॉक्टर मुखर्जी का जीवन केवल एक राजनीतिक यात्रा नहीं थी, बल्कि यह देश की अस्मिता, एकता और अखंडता के लिए उनके समर्पण का प्रतीक था। डॉ मुखर्जी स्वयं एक विचारक थे, एक आंदोलन थे। उनका संकल्प था, हमारा देश एक संविधान, एक ध्वज और एक प्रधान से चले ना की दो संविधान, दो ध्वज और दो प्रधान हो। देश के अशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर से 370 धारा हटाकर डॉक्टर मुखर्जी के सपनों को पूरा करने का काम किया। आगे इन्होंने कहा हमारी ताकत, हमारे सिद्धांतों से है, और हमारी शक्ति, हमारे संघर्ष में। कार्यक्रम को हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव, केपी ओझा ने भी संबोधित किया।

### मौके पर ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व कुल सचिव बंशीधर रुखैयार, प्रदेश कार्य समिति सदस्य केपी ओझा, अनिल मिश्रा, हरीश श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष शिव शंकर गुप्ता, जिला पदाधिकारी जयनारायण प्रसाद, कुणाल किशोर दुबे, इंद्र नारायण कुशवाहा, अजीत चंद्रवंशी, महेंद्र राम बिहारी, टोनी जैन, श्याम किशोर सिंह, जितेंद्र जैन, शेफाली गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद, विजय वर्मा, ऋषि शर्मा, गायत्री राणा, बीके सिंह, जेपी जैन, डॉ ललित राणा, ज्ञानचंद मेहता, अजीत गुप्ता, कुलदीप कृष्णा, कयुम अहमद, मीरा मेहता, ज्योत्सना, पूनम मिश्रा, पूनम साहू, कुमकुम देवी, अशोक कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा, अनिल मेहता, कृष्णा मेहता, चंदन सिंह, किशोर सावंत, अविनाश कुमार, अणेश्वर कुशवाहा, मनीष ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, वीरेंद्र कुमार, मिठु राम, हृदय कुमार पाठक, डिप्टी कमांडेंट, शंकर चंद्र पाठक, शैलेश कुमार चंद्रवंशी, हितेश रंजन, अरुण कुमार वर्मा, आदित्य वर्मा, यदि अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मंत्री का नारायण प्रसाद द्वारा दी गयी।

## प्लस टू उच्च विद्यालय का दर्जा देने की मांग को लेकर मंत्री को ज्ञापन सौंपा



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के मुखिया किशोर साव और हिंदू युवा मोर्चा नईटांड के द्वारा एक ज्ञापन महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी को सौंपा। जिसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय नईटांड प्रखंड जयनगर को प्लस टू उच्च विद्यालय का दर्जा दिलाने के लिए आवेदन में कहा है। उत्क्रमित उच्च विद्यालय में छात्र–छात्राओं को देखते हुए और सुदुर्वर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां के छात्र–छात्राओं को मैट्रिक पास करने के पश्चात उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते हैं। यहां से इंटर करने के लिए लोगों को प्लस टू उच्च विद्यालय जयनगर की दूरी 12 किलोमीटर, प्लस टू उच्च विद्यालय परसाबाद की दूरी 15 किलोमीटर, प्लस टू उच्च विद्यालय डोमचांच की दूरी 14 किलोमीटर के लगभग है। जिसमें छात्र–छात्राओं को इंटर की पढ़ाई करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन के पश्चात माननीय मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार और विभाग को अवगत कराकर स्वीकृति दिलाने का प्रयास करेंगे। मुखिया किशोर साव ने आवेदन के माध्यम से केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय नईटांड में 6 गांव के 600 छात्र–छात्रा अध्यनरत है इसलिए + 2 का दर्जा दिया जाये। ज्ञापन सौंपने का नेतृत्व जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, सांसद प्रतिनिधि किसुन यादव, हिंदू युवा मोर्चा के सदस्य पवन कुमार साव, विकास कुमार साव, रामदेव साव, चंदन पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## लापता मासूम का शव बरामद

हंटरगंज/चतरा(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के सोहाद गांव में रोंगटे खड़े करने वाली एक हृदय विदारक घटना को अंजाम दिया गया है। विगत शनिवार शाम से लापता 10 वर्षीय मासूम (बच्चे) का शव संदिग्ध अवस्था में लगभग 2 फीट के एक छोटे गड्ढे में मिला है। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गया है। सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर पप्पू कुमार शर्मा, बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप, सीओ अरुण कुमार मुंडा, दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि थाना क्षेत्र के पत्सुगिया डैम के समीप काले रंग के स्कॉर्पियों पर सवार कुछ शराबियों द्वारा बच्चे को अपहरण कर लिया गया था। इसके बाद लापता हुए बच्चे की तलाश में परिजन लगातार जुटे थे। लेकिन नागर गांव के समीप सोहाद पत्सुगिया चैकडेम के समीप रविवार को उसका शव बरामद किया गया है। मृतक थाना क्षेत्र के नागर गांव निवासी सनूप भारती का 10 वर्षीय पुत्र अजय कुमार है। ग्रामीणों के अनुसार शराबियों द्वारा अचानक गायब कर दिया गया था। जिसके बाद से परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। रविवार सुबह, सोहाद गांव के समीप कुछ लोगों ने बच्चे का शव देखा और तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। शव की स्थिति को देखते हुए आशंका जतायी जा रही है कि मासूम की हत्या की गयी है। शव मिलने से नागर गांव में मातम का माहौल है।

### करमा परियोजना में चाल धंसने की घटना की जांच में उजागर हुई लापरवाही

# कुजू जीएम, सिक्योरिटी इंचार्ज, सुरक्षा कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** सीसीएल कुजू प्रक्षेत्र में करमा परियोजना में चाल धंसने की घटना की जांच जिला प्रशासन के द्वारा कराई गयी। इस जांच में यह स्पष्ट हो गया कि सीसीएल के पदाधिकारियों की लापरवाही की वजह से कोयला का अवैध खनन हो रहा था। इस दौरान चाल धंसा और चार ग्रामीणों की मौत हो गई। सीसीएल अपने प्रक्षेत्र की सुरक्षा करने में ना सिर्फ नाकामयाब रहा, बल्कि उसके द्वारा घोर लापरवाही भी बरती गयी। इस मामले में मांडू अंचल अधिकारी विमल कुमार सिंह के बयान पर कुजू जीएम, सिक्योरिटी इंचार्ज, सुरक्षा कर्मियों के खिलाफ कुजू ओपी में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ है कि करमा सीसीएल प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट पदाधिकारी, प्रबंधक, महाप्रबंधक, सुरक्षा पदाधिकारी और सुरक्षाकर्मी के द्वारा मानकों का अनुपालन नहीं करने और करवाने में लापरवाही बरतने के कारण घटना घटित हुई है।

**सुगिया गांव के चार लोगों की हादसे में हुई थी मौत:** दर्ज प्राथमिकी 160/25 में कहा गया है कि जांच दल करमा स्थित सीसीएल प्रोजेक्ट ग्रामसुगिया, टोला महुआटुंगरी पहुंचा तो पाया कि खदान में ग्रामिणों का भीड़ है। पुछताछ करने पर पता चला कि कुछ ग्रामीण कोयले का अवैध उत्खनन कर रहे थे। उत्खनन करने के दौरान उपर से चाल गिर जाने के कारण मो० इम्तियाज अंसारी उम्र करीब 42 वर्ष पिता-यासिन अंसारीग्राम-सुगिया, महुआटुंगरी, वकिल करमाली उम्र करीब 55 वर्ष पिता- स्व0 मानकी करमालीग्राम-सुगिया, करमाली टोला, निर्मल मुण्डा उम्र करीब 42 वर्ष पिता-स्व0 सुधन मुण्डाग्राम-सुगिया, रामेश्वर मांझी उम्र करीब 35 वर्ष पिता-महाविर मांझी ग्राम - सुगिया, महआटुंगरी की मृत्यु हो गयी है।

**खदान के चारों तरफ नहीं थी बाउंड्री, अनधिकृत प्रवेश पर नहीं लगा रोक :** जांच के क्रम में ज्ञात हुआ कि उपरोक्त घटनास्थल सीसीएल प्रोजेक्ट करमा कोलयरी अंतर्गत अधिसूचित क्षेत्र है। उक्त खदान में नियमान्सार चारोंतरफ चारदिवारी से घेरा बंदी करने, प्रतिबंधित क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने से रोकने और खदान क्षेत्र में सुरक्षाकर्मी के द्वारा निगरानी रखने का प्रावधान है। परंतु करमा माइंस के संचालक द्वारा उपरोक्त मानको का अनुपालन नहीं किया गया है। साथ ही यह भी पाया गया कि उक्त घटनास्थल के पास ही (करीब 75 मीटर) पर माइंस का गार्ड रूम अवस्थित है। इसके बावजूद भी अवैध रूप से कोयले का उत्खनन ग्रामिणों के द्वारा किया जा रहा है तथा लिज एरिया के सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेवारी पूर्ण रूप से सीसीएल महाप्रबंधक की है। इनके द्वारा सुरक्षा नहीं किया जाना इनके कर्तव्य के प्रति लापरवाही को दर्शाता है। जिस कारण खदान के अगल-बगल के ग्रामिणों के द्वारा कोयले का अवैध उत्खनन किया जा रहा था। उक्त मृतकों एवं घायलों के द्वारा कोयले का अवैध उत्खनन करने के दौरान चाल धंसने से यह घटना घटित हुई है।

## 15 घंटे की वार्ता के बाद सीसीएल आश्रितों को दो-दो लाख देने पर सहमत



कुजू (आजाद सिपाही)। सीसीएल करमा कोलियरी की खुली खदान में अवैध कोयला खनन के दौरान चाल धंसने की घटना में मारे गये चार मजदूरों का शव के साथ पीओ कार्यालय गेट के सामने चल रहा धरना प्रदर्शन अंततः 15 घंटे बाद रात दो बजे समाप्त हुआ। एसडीएम अनुराग तिवारी और सीसीएल जीएम राजीव कुमार सिन्हा की अगुवाई में जारी वार्ता के दौरान घटना में मारे गये चारों मजदूरों के आश्रित परिवार को दो लाख रुपया की सहायता राशि और एक-एक आश्रित को छह माह के अंदर परियोजना के आउटसोर्सिंग में योग्यता के आधार पर वैकल्पिक रोजगार मुहैया कराने के आश्वासन के बाद सहमति बनी। जिसमे सहायता राशि के तौर पर मिलने वाले दो लाख में से एक लाख 70 हजार रुपऐ सीसीएल प्रबंधन की ओर से मुहैया कराया जायेगा। जबकि बाकी का तीस हजार रुपये प्रखंड प्रशासन की ओर से पारिवारिक पेंशन लाभ के रूप में उपलब्ध कराया जायेगा। प्रबंधन और ग्रामीणों की आपसी सहमति बाद कुजू पुलिस द्वारा तीनों शव को अपने कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इधर, रविवार को चारों शवों का अंतिम संस्कार अपने अपने रीति रिवाज के साथ किया गया है। वार्ता में प्रशासन व प्रबंधन की ओर से एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, सीओ विमल कुमार सिंह, पीओ रामेश्वर मुंडा, कोलियरी मैनेजर संजय सिंह, कार्मिक प्रबंधक अविनाश श्रीवास्तव, ग्रामीणों की ओर से जेएलकेएम समर्थक रूपा महतो, रवि कुमार महतो, लीलावती देवी, प्रभुदयाल महतो, पनेश्वर कुमार, झामुमो से मोहरलाल महतो, मुखिया खगेश्वर महतो, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, विवेक गुप्ता, भाजपा नेता संजय शाह, राजद नेता ललन यादव, जदयू नेता जगदीश महतो, राजू बेदिया, बुधन मांझी शामिल रहे। मालूम हो कि गत शनिवार की सुबह सीसीएल करमा परियोजना के खुली खदान में अवैध कोयला खनन करते समय अचानक भारी भरकम चाल धंस गया था। जिसमें चार मजदूर मौके पर ही मारे गये थे। जबकि करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायलों का इलाज चल रहा है।

## कोल माइंस एक्ट के तहत होगी मामले की जांच : अजीत



कुजू (आजाद सिपाही)। करमा कोलियरी के खुली खदान में अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से हुई मौत मामले में रविवार को रांची जोन के डीएमएस अजीत सिंह और डीडीएमएस हनुमंत राव ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान पूछे जाने पर डीएमएस अजीत सिंह ने कहा कि कोल माइंस एक्ट के तहत जांच पड़ताल की जा रही है। जो भी कमियां होगी वह जल्द ही जांच रिपोर्ट में आ जायेगा। इससे पूर्व, अधिकारियों ने अवैध उत्खनन क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए मौजूद अधिकारियों को खदान के सीमांकन क्षेत्रों में कंटीली तार की फेंसिंग करने, सुरक्षा के दृष्टिकोण से लोगों को जागरूक के लिए बोर्ड लगाने, लोगो का खनन क्षेत्र में प्रवेश निषेध के लिए जागरूक अभियान चलाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जीएम आरके सिन्हा, पीओ रामेश्वर मुंडा, कोलियरी मैनेजर संजय सिंह, क्षेत्रीय सेफ्टी ऑफिसर राजू रविदास, एसओ माइनिंग अजीत सिंह, करमा शाखा सेफ्टी ऑफिसर सुभाष सिन्हा, देवेंद्र शर्मा, राम रतन सिंह, संजय सिंह मौजूद रहे।

## वज्रपात से एक युवक की मौत, दो घायल

टंडवा (आजाद सिपाही)। टंडवा के जोड़ा तालाब के पास रविवार को दोपहर तीन बजे बारिश के दौरान वज्रपात हुई। जिससे तीन युवक वज्रपात के चपेट में आ गये। आनन फानन में घायलों को टंडवा सीएचसी केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने इलाज शुरू की। डॉक्टर अंजली कुमारी ने बताया की तीन युवक में एक युवक की मौत घटना स्थल पर हो गया। दो घायल को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। इस घटना में टंडवा ग्वाल टोली महावीर पासवान के 25 वर्षीय पुत्र जितेंद्र कुमार पासवान, धर्मवीर क्लब के ललित पासवान के पुत्र 25 वर्षीय सोनू कुमार पासवान और राजू राही के 24 वर्षीय कनिष्ठ पुत्र राहुल उर्फ छोटू के रूप में पहचान हुई। जिसमें जितेंद्र पासवान की मौत घटना स्थल पर हो गयी बताया गया। सोनू कुमार पासवान और राहुल उर्फ छोटू को हजारीबाग सदर रेफर किया गया। इस घटना के बाद मृतक जितेंद्र कुमार पासवान की घर में चीत्कार मच गयी। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इधर इलाज के दौरान एम्बुलेंस नहीं मिलने पर पूर्व विधायक पुत्र पंकज कुमार दास के पहल पर सीसीएल से एम्बुलेंस घायलों को रेफर किया गया।

## गरीब समाजसेवी संघ ने दिया छाता और नाश्ता



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। गरीब समाजसेवी संघ के द्वारा संघ के उपाध्यक्ष उदय स्वर्णकार के नेतृत्व में रविवार को भुरकुंडा बाजार क्षेत्र में जरूरतमंदों के बीच छाता और नाश्ता का वितरण किया गया। इस दौरान दर्जनों जरूरतमंदों के बीच छाता और नाश्ता का वितरण करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी पप्पू सिंह ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इससे बड़ा कोई धर्म नहीं हो सकता। कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ के सचिव दिनकर कुमार सिंह, रमेश राम, अशोक कुमार चौहान, संतोष कुमार सिंह, डॉ. केसी दास, तिजराम, लीला सागर, पिंकी सागर, सावित्री विश्वकर्मा, मधु श्रीवास्तव, सविता देवी, विनोद शाह, सुनील सोनी, राजेंद्र कुमार मुंडा, उत्तरा देवी, विजयलक्ष्मी शर्मा, सुधा तिवारी, प्रदीप कुमार अग्रवाल, रोहिणी कुमारी, श्रावणी विश्वास, सुभाष करमाली, अजय सोनी, मनोज कुमार, अलका पाठक, प्रदीप मांझी, विनोद नायक, रेणुका दास सहित अन्य सदस्यों का विषेष योगदान रहा। कार्यक्रम के उपरांत मनोज राम और पप्पू सिंह संदरनगर भुरकुंडा निवासी बीमार पिंकी देवी से मिलने पहुंचे। जानकारी के अनुसार पिंकी देवी की दोनों किडनियां फेल हो चुकी हैं और वे डायलिसिस पर निर्भर हैं। उन्होंने इलाज के लिए भावुक अपील की है। समाजसेवी पप्पू सिंह ने अपनी ओर से सहयोग राशि गरीब समाजसेवी संघ के फंड में जमा की तथा संस्था के सभी सदस्यों से अपनी-अपनी क्षमता अनुसार सहयोग करने का अनुरोध भी किया।

## सफाई कर्मियों को दिया रेनकोट



रामगढ़(आजाद सिपाही)। इनर व्हील क्लब ने रविवार कोरामगढ़ कैंटोनमेंट बोर्ड के सफाई कर्मियों के बीच रेनकोट का वितरण किया। लगातार हो रही भारी बारिश के कारण सफाई कर्मियों को अपने कार्यों में काफी असुविधा हो रही थी। इस समस्या को देखते हुए क्लब की सदस्यों ने यह कदम उठाया। कार्यक्रम का उद्देश्य बारिश के मौसम में भी नगर की सफाई व्यवस्था का सुचारू बनाए रखना और सफाई कर्मियों की सेहत और सुविधा का ध्यान रखना था। सफाई कर्मियों ने इस पहल के लिए क्लब की सदस्यों का आभार प्रकट किया और कहा कि इस सहयोग से उन्हें अपने कार्यों में काफी सुविधा होगी। मौके पर क्लब की अध्यक्षा नामिता श्रॉफ, जनशा बडेरा, मेघा बगड़िया, नीरू साहनी, शर्मिष्ठा दत्ता, अनुराधा श्रॉफ, राजेंद्र बुधवाल, जसविंदर कौर, नवलजीत कौर, पिंकी बंसल, ममता अग्रवाल, विजयलक्ष्मी आयंगर, उर्मिला बगड़िया, रेनू मेवाड़, नीतू अग्रवाल, रंजू अरोड़ा, विनीता अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# करमा कोयला खान की घटना के लिए राज्य सरकार दोषी : मनोज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने रविवार को कहा कि सीसीएल करमा अंतर्गत बंद पड़े अवैध कोयला खान में अवैध उत्खनन में चार लोगों की मौत हो गयी। वहीं, कई अन्य मलबे में दबकर घायल हो गये। कहा कि कोयले के अवैध उत्खनन में मृत भाईयों के प्रति मैं शोक संवेदना प्रकट करता हूं। साथ ही जो लोग घायल हुए हैं उनके शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना करता हूं। आजसू के केंद्रीय सचिव ने कहा कि इस घटना का कारण राज्य सरकार की लापरवाही है। कहा कि रामगढ़ जिले सीसीएल के बंद पड़े कोयला खदानो में धड़ल्ले से कोयले का अवैध उत्खनन कर कोयला कारोबारी उससे मोटी रकम कमा रहे हैं। कहा कि कोयले के अवैध उत्खनन में जिन मजदूरों से कार्य करवाया जाता है उनकी जान का जोखिम हमेशा बना रहता है। जिसपर राज्य सरकार और जिला प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है। कहा कि यदि राज्य सरकार और जिला प्रशासन सीसीएल की बंद पड़ी कोयला खदानो में कोयले के अवैध उत्खनन को रोकने के लिए ठोस कदम उठाते तो यह घटना नही होती।

**घटना के लिए सीसीएल भी दोषी:** आजसू के केंद्रीय सचिव ने कहा कि इस घटना के लिए सीसीएल प्रबंधन भी दोषी है। क्योंकि यदि सीसीएल प्रबंधन अपने उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से अवैध उत्खनन को रोकने पर ध्यान देता तो शायद ऐसी घटनाओं से बचा जा सकता था।

**माफिया हो रहे मालामाल मजदूरों की जा रही जान:** कहा कि अवैध उत्खनन में कोयला माफिया मोटी कमायी कर रहे हैं जबकि मजदूरों हमेशा जान हथेली पर लेकर कार्य करते हैं। इसलिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन को कोयले का अवैध उत्खनन रोकने के लिए ठोस कदम उठाना चाहिए। ताकि ऐसी घटनाओं में गरीब श्रमिकों की जान नहीं जाये।

## पेड़ से झूलता मिला युवक का शव

चतरा (आजाद सिपाही)। जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड के जमरी कर्बला मैदान में पेड़ पर लटका हुआ युवक का शव मिला। इस घटना की सूचना मिलते ही राजपुर थाना प्रभारी अपने दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार गांव के कुछ ग्रामीण पशु चराने गये थे। इसी दौरान उनकी नजर एक पेड़ से लटका हुआ एक युवक पर पड़ी। मृतक ने की पहचान प्रखंड क्षेत्र के कान्हा कला गांव निवासी सीताराम सिंह के छोटे पुत्र गोपाल सिंह के रूप में हुई है। स्थल। मृतक के परिजन और ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे है। इस घटना से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। राजपुर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। इस घटना से पूरा गांव गमगीन है।


### नाम परिवर्तन

मैं, इशिका सिंह, पिता श्री रोशन सिंह और माता श्रीमती बेबी सिंह, निवासी न्यू कॉलोनी, दुधीमाटी, कोडरमा, झारखंड। मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम कशिश भारती है, जबकि मेरे विद्यालय के दस्तावेजों और 10वीं की मार्कशीट पर मेरा नाम इशिका सिंह है। अब से मैं अपने सभी आधिकारिक दस्तावेजों और लेन-देन में इशिका सिंह नाम का उपयोग करूंगी और इसी नाम से जानी जाऊंगी। सभी संबंधित विभागों और व्यक्तियों से अनुरोध है कि मेरे नाम को इशिका सिंह के रूप में अद्यतन करें।

इशिका सिंह
निवासी: न्यू कॉलोनी, दुधीमाटी, कोडरमा, झारखंड

### AFFIDAVIT

As per affidavit Series No. 23-24/ W1 11616 Dated : 05/07/2025 I, SUNIL YADAV, S/o Lalan Roy, Resident of Namkum khatal, Namkum, Ranchi, Jharkhand do hereby solemnly affirm and declare as follows:

1. That my name is SUNIL YADAV, which is mentioned in my Adhar Card, being Adhar No. is 3662 7929 2242.
2. That is my Driving Licence, being D.L. No. JH01 20070019960 my name is written as SUNIL KUMAR YADAV.
3. That SUNIL YADAV and SUNIL KUMAR YADAV is same and one person i.e. my name.
4. That my actual and correct name is SUNIL YADAV.
5. That I swear this affidavit for publication in Daily Newspaper, hence this affidavit.

sworn and signed on 5th July 2005 at Ranchi.


## ताजिया का लाठी खेल देख रही दो महिलाएं छत से गिरकर घायल

गोला (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र की सोसो कला गांव में रविवार को ताजिया का लाठी खेल देख रही दो महिला छत से गिरकर घायल हो गयी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बेबी परवींन 28 पति नजरें तोहिब और इफत जहां 13 पिता बेलाल अंसारी गांव सोसो कलां स्टेण्ड में लाठी खेल छत पर चढ़कर देख रही थी। इसी दौरान दोनों फिसल कार गिर गयी। स्थानीय लोगों ने दोनों को 1033 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेबी प्रवीण को सदर अस्पताल रामगढ़ रेफर कर दिया गया है। बताया गया कि बेबी तीन माह का गर्भवती है। छत से गिरने के बाद उनका काफी ब्लडिंग हो रहा था।

## बंशीधर गोप ने माता-पिता की स्मृति में मायाटुंगरी मंदिर में बनवाया भव्य भोग भवन, किया पौधरोपण



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। मायाटुंगरी मंदिर पर अधिवक्ता बंशीधर गोप द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में बनाये गये भव्य भोग भवन का बनकर मंदिर ट्रस्ट को समर्पित किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने मायाटुंगरी मंदिर में पौधारोपण किया। मौके पर बंशीधर गोप ने बताया कि मायाटुंगरी मंदिर परिसर पर पिछले कुछ वर्षों से श्रद्धालुओं की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए यहां की कमेटी ने उनसे भोग भवन बनाने का अनुरोध किया था, जो उन्होंने अपने माता-पिता की स्मृति में दो मंजिला भव्य भोग भवन बनाकर मंदिर को समर्पित किया है। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने बताया कि मायाटुंगरी मंदिर परिसर में जिला अधिवक्ताओं द्वारा वृक्ष लगाने का कार्यक्रम किया गया। जिसमें बंशीधर गोप, संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, संयुक्त सचिव शंभूनाथ प्रसाद, कोषाध्यक्ष हरखनाथ महतो, पूर्व उपाध्यक्ष झलक देव महतो, सूरज नायक, सज्जन कुमार, जितेंद्र कुमार, शंकर महतो, महेश कुमार, दामोदर महतो, जयभगवान यादव, नेपाल यादव अन्य उपस्थित थे।

### भाइचारे और सौहार्दपूर्ण वातारण में मुहर्रम पर्व संपन्न

# मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ताजिया के साथ निकाला जुलूस



आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/चतरा।** प्रखंड में मातमी पर्व मुहर्रम शांतिपूर्ण भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में रविवार को संपन्न हुआ। इस मौके पर डाहा, मुख्य बाजार, नावाडीह, ऊचला, पींडरी, बिहारी, गोखना, शाही, काशी केबाल, दंतार,डटमी. मायापुर. मीरपुर. भागेबार. आमीन के अलावा दर्जनों जगहों पर आकर्षक ताजिया बनाया गया। सभी जगहों पर भारत का नक्शा. मक्का मदीना. खाने काबा. सिंदूर ताजिया का रूप दिया गया अखाड़ा और ताजिया को ढोल बाजे के साथ जुलूस निकाला गया। जिसमें मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा या अली या हुसैन के नारे लगाये गये। इस मौके पर खिलाड़ियों द्वारा लाठी भाला, गड़ासा, तलवार, मरकरी लाइट से एक पर एक हैरतअंगेज करतब दिखाया गया। ताजिया देखने के लिए काफी दूरदराज से काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। सभी ताजिया को थाना लाया गया। जहां प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान आने वाले ताजिया के कमेटी को पुलिस प्रशासन के तरफ से पुरस्कृत किया गया। उसके बाद लोग कर्बला में पहुंचे और फातिहा पढ़कर देश के अमन- चैन की दुआ मांगी गयी। वहीं केदली और नावाडीह गांव के जुलूस में शामिल लोगों के लिए पानी, बिस्किट, शरबत का स्टॉल लगाया गया था। पूरे कर्बला क्षेत्र को लाइट से सजाया गया था वहीं चौक चौराहों पर सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन और पुलिस पेट्रोलिंग करते नजर आये मुहर्रम जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में लगे हुए थे।

## हुसैन के नारों से गूंजा पतरातू क्षेत्र

पतरातू(आजाद सिपाही)। मुहर्रम के अवसर पर रविवार को पतरातू क्षेत्र में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने निशान और ताजिया के साथ जुलूस निकाली। इसमें सांकुल, पतरातू और जयनगर, सोलिया, पलानी,उचरिंगा, तालाटांड़,पालू, पिपरी टोला, हफूआ, रोचाप के मुस्लिम धर्मावलंबियों ने बाजे गाजे के साथ जुलूस निकाली। जिसमें अल्लाह हू अकबर, नारे तकबीर, या हुसैन के नारों से गूंजा पूरा पतरातू क्षेत्र गूंज उठा। जबकि पहलाम के अवसर पर मुस्लिम धर्मावलंबियों की भारी भीड़ देखी गयी।

## बेहतर ताजिया को पुरस्कृत किया गया



प्रतापपुर/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में मुहर्रम पर्व के अवसर पर विभिन्न गांवों में जुलूस निकाला गया और ताजिया मिलान किया गया। इस दौरान नीमा, बरवाटोला, बभने, रबदा, सिदकी, भरही, गजवा, डुमरवार, चरका, कुकुरमन समेत विभिन्न गांवों में मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान डीजे साउण्ड पर लोगों ने या अली या हुसैन के नारे लगाये। चौक-चौराहे पर लोगों ने लाठी और तलवारबाजी कर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतापपुर हाई स्कूल के मैदान में सभी ताजियों का मिलान किया गया। मुहर्रम के अवसर पर हाई स्कूल के मैदान में आयोजित समारोह में बेहतर ताजिया, लाठी बाजी, तलवारबाजी और शांति-सौहार्द के लिए पुरस्कृत किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीओ विकास कुमार टुडु, थाना प्रभारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुहर्रम कमिटी के लोगों ने मुख्य अतिथियों का गमछा देकर स्वागत किया। बेहतर ताजिया प्रदर्शनी में सिदकी, रामपुर और नीमा को पुरस्कृत किया गया। तलवारबाजी में खुर्शीद आलम, जमशेर और बेलाल अंसारी को पुरस्कृत किया गया। थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण मनाने के लिए कमिटी को धन्यवाद दिया। उन्होंने लाठी खेलकर अपने कौशल का प्रदर्शन भी किया। इस अवसर पर एसआई प्रेम सांगा, कॉंग्रेस अध्यक्ष रकीबुल इमाम, बभने मुखिया संगीता देवी और कई अन्य लोग उपस्थित थे।


### घोषणा–पत्र

घोषणा पत्र सं:1377 दिनांक:03/07/2025 के अनुसार मैं रीता सिन्हा (आधार संख्या 3090 5938 8907) उम्र 62 वर्ष पति स्व. रविन्द्र कुमार दिवाकर, पेशा-गृहणी, धर्म-हिन्दू,राष्ट्रीयता-भारतीय, वर्तमान निवासी ग्राम-पुराना बाजार टांड, कुजू, पोस्ट-कुजू, थाना-माडू, जिला-रामगढ़ (झारखण्ड) शपथ पूर्वक बयान करती हूँ कि :-

1. यह कि मैं ग्राम-पुराना बाजार टांड, कुजू पोस्ट-कुजू थाना-मांडू जिला-रामगढ़ (झारखण्ड) निवासी हूं।
2. यह कि मेरे पति की मृत्यु वर्ष 2018 में हो गई है मेरे दो पुत्र बड़ा जितेन्द्र कुमार सिन्हा उम्र:37-वर्ष छोटा संदीप कुमार सिन्हा उम्र 36 वर्ष है मेरे दोनों पुत्र विवाहित है और हमलोग सपरिवार साथ में निवास करते आ रहे थे।
3. यह कि मेरा छोटा पुत्र एवं छोटी पुत्रवधू शादी के कुछ दिनों के वाद से ही बराबर हमलोगो सपरिवार से बिना मतलब के ही लड़ाई-झगड़ा करते रहते हैं एवं परिवार का माहौल हमेशा खराब करने की कोशिश करते हैं और समझाने-बुझाने पर मुझे घर से निकाल देने की एवं कोर्ट में झूठा केश करने की धमकी देते है और वर्तमान में कुजू में किराये के मकान में रहते हैं एवं मेरा पुत्र एवं पुत्रवधु मेरा सेवा वा देखभाल, सेवा सम्मान नहीं करते हैं मेरे एवं अन्य परिवार के साथ हमेशा दुर्व्यवहार करते है जिसमें हम सभी परिवार काफी परेशान हैं एवं दोनों पति-पत्नी को मेरे प्रति थोड़ा सा भी मान- सम्मान प्रतिष्ठा नहीं है मेरी बातों का हमेशा अनदेखा करते रहते इसलिए मैं अपने पुत्र और पुत्रवधु की चल एवं अचल सम्पति से बेदखल कर रही हूं।
4. यह कि आज दिनाक 03.07.2025 से मेरे पुत्र एवं पुत्रवधु के इस तरह के व्यवहार को देखते हुये मेरा कोई भी संबंध या रिस्ता नाता अब अपने छोटे पुत्र एवं पुत्रवधु के साथ नहीं रहा ना ही आगे भविष्य में रहेगा तथा आज तिथि से उन दोनों के कर्टयों के निर्वहन से मुक्त करते हैं तथा मैं भी अपने को पुत्र के प्रति अपने कर्तव्यों से मुक्त करती हुं ।
5. यह कि आज दिनांक से मेरा पुत्र एवं पुत्रवधु का कोई रिस्ता नाता एवं सम्बंध मेरे तथा मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से नहीं रहेगा ना ही खान पान रहेगा ना ही मेरे किसी तरह की कोई सम्बंध होगा और मेरे सुख-दुख, जीवन-मरण, बर-बिमारियों में हमारे पुत्र एवं पुत्रवधु को कोई सहभागिता नहीं रहेगी एवं मेरा पुत्र एवं पुत्रवधु मेरे जीवन से कोई वास्ता नहीं रखेगा तथा किसी पर्व त्यौहार शादी-विवाह या किसी प्रकार के पारिवारीक उत्सव में मेरे घर एवं मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के यहाँ आना-जाना, खाना-पीना में शामिल नहीं होगें, ना ही शामिल होने का अधिकार होगा।
6. यह कि मेरा पुत्र एवं पुत्रवधु के द्वारा किये जाने वाले किसी भी कार्य से हमलोगों का तथा हमारे परिवार के सदस्यों का कोई मतलब या नाता नहीं होगा एवं कोई सरोकार नहीं रहेगा एवं मेरे व्यक्तिगत जीवन के साथ-साथ पारिवारिक समाजिक आर्थिक जीवन में अपने मेरा पुत्र एवं पुत्रवधु की हस्तक्षेप नहीं होगी तथा मेरे घर में आने-जाने, रहने प्रवेश करने, खाने-पीने में पुर्णतः बंदिश रहेगा और एक माता के हैसियत के तौर पर हमारे हक हकियत अधिकार वाली चल-अचल सम्पति पर दावा दखल करने में मेरा पुत्र एवं पुत्रवधु का पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।
7. यह कि मेरा पुत्र एवं पुत्रवधु के द्वारा किसी भी प्रकार की कोई विधि विरुद्ध कार्यों में संलिप्ता पायी जाती हैं या गैर कानूनी कार्यो को अंजाम दिया जाता है या कोई अपराधिक घटना कारित किया जाता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेवारी मेरा पुत्र एवं पुत्रवधु का होगा जिसमें मेरे एवं अन्य परिवार के किसी भी सदस्य कि जिम्मेवारी नहीं होगा।
8. यह कि इस बेदखली घोषणा पत्र पर में स्व-विवेक से अपने हित-अहित को सोच-समझ कर दस्तावेज तैयार की हुं।
9. यह कि इस घोषणा पत्र में वर्णित सभी तथ्य एवं विवरण मेरे कथनानुसार लिखी गयी है जो सही एवं सत्य है।
10. यह कि इस घोषणा पत्र में उल्लेखित सभी बातों को सही एवं सत्य पाकर मैं गवाहनों के समक्ष अपना हस्ताक्षर अगूठा निशान बनाया ताकि समय पर काम आवे।

# नकली दवाओं का धंधा

भारत को विश्व का तीसरा सबसे बड़ा दवा निर्माता होने के कारण विश्व की फार्मेसी भी कहा जाता है। यहां विश्व की 60 प्रतिशत वैक्सीन और 20 प्रतिशत जैनेरिक दवाएं बनती हैं, परंतु अब इनमें मिलावट का धंधा शुरू हो गया है। भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंडल (एसोचैम) के अनुसार भारत में बनी 25 प्रतिशत दवाएं नकली या घटिया हैं। बुखार, शूगर, ब्लड-प्रेशर व पेन-किलर और कैंसर तक की घटिया या नकली दवाएं बाजार में कई प्रसिद्ध स्वदेशी एवं विदेशी कंपनियों के नाम से बेची जा रही हैं। पिछले कुछ महीनों में पकड़ी गयी नकली दवाओं के चंद उदाहरण इस प्रकार से हैं : 4 जून को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कैंसर की नकली दवाएं बेचने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार करके उनसे लाखों रुपये मूल्य की कैंसर की नकली दवाएं बरामद कीं। आरोपी असली दवाओं की तुलना में बहुत कम कीमत पर नकली दवाएं बेचते थे तथा 1.5 से 2 लाख रुपये मूल्य तक कीमत वाली असली दवाओं के नाम से बनायी नकली दवाएं 50-70 हजार रुपयों में उपलब्ध करवाते थे। 7 जून को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कैंसर की नकली दवाओं की सप्लाई करने वाले गिरोह में शामिल 2 आरोपियों नवदीप और कृष्ण कुमार को गिरफ्तार करके उनसे काफी मात्रा में नकली, इंपोर्टेड, गैर-रजिस्टर्ड व नॉट फॉर सेल इन इंडिया वाली कैंसर की दवाएं बरामद कीं। 28 जून को दिल्ली ड्रग्स कंट्रोल विभाग ने एक प्रसिद्ध दवा निर्माता कंपनी की नकली दवा बेचने वाले नैटवर्क का भंडाफोड़ करके बड़ी मात्रा में कोलैस्ट्रोल को नियंत्रित करने वाली नकली दवाएं जब्त कीं। 28 जून को ही देहरादून में ब्रांडेड एवं प्रतिष्ठिद्दत दवाइयों की कंपनी की दवाओं के नाम से नकली दवाइयां बनाने वाले गिरोह के सरगना संतोष कुमार को गिरफ्तार किया गया। 28 जून को ही हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले की 33, सिरमौर की 9 और ऊना जिले की 3 दवा बनाने वाली कंपनियों के सैंपल फेल होने की जानकारी दी गयी। उल्लेखनीय है कि देश में जुलाई, 2024 से जून, 2025 के बीच दवाओं के कुल 1324 सैम्पल फेल हुए हैं, जिनमें हिमाचल का आंकड़ा 373 है। 29 जून को हरिद्वार में पुलिस ने छापेमारी करके ब्रांडेड दवा कंपनियों के नाम पर नकली दवाएं बनाने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया। 30 जून को भिवाड़ी में नकली दवाएं बनाने और कई राज्यों में बेचने के आरोप में नवीन बंसल नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। नकली दवाओं के ये निर्माता और विक्रेता न सिर्फ धन के लालच में लोगों की जान को खतरे में डाल रहे हैं, बल्कि दूसरे देशों में भारत की बदनामी का कारण भी बन रहे हैं।

नकली दवाओं के ये निर्माता और विक्रेता न सिर्फ धन के लालच में लोगों की जान को खतरे में डाल रहे हैं, बल्कि दूसरे देशों में भारत की बदनामी का कारण भी बन रहे हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

**पुलिस स्टेशनों और मालखानों में ये वाहन वर्षों तक सड़ते रहते हैं, जिससे न केवल जगह की कमी होती है, बल्कि यह व्यवस्था की नाकामी को भी उजागर करता है। भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 102 के तहत पुलिस को ऐसे वाहनों को जब्त करने का अधिकार है, जो अपराध से संबंधित हों। इन वाहनों को मालखाने या पुलिस स्टेशन के परिसर में रखा जाता है, जब तक कि मामले की सुनवाई पूरी नहीं हो जाती। हालांकि, सबसे बड़ी समस्या यह है कि भारत में न्यायिक प्रक्रिया अक्सर लंबी चलती है।**

# पुलिस स्टेशनों में सड़ते वाहनों की समस्या

रजनीश कपूर

भारत में अपराधों की जांच और न्यायिक प्रक्रिया में वाहन अक्सर महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल किए जाते हैं। कार, मोटरसाइकिल, ट्रक या अन्य साधन अपराध के दृश्य का एक अभिन्न हिस्सा हो सकते हैं। पुलिस द्वारा इन वाहनों को जब्त कर लिया जाता है और साक्ष्य के रूप में अदालत में पेश किया जाता है।

हालांकि, इन जब्त वाहनों का प्रबंधन और रखरखाव एक ऐसी समस्या बन चुका है, जो न केवल पुलिस प्रशासन के लिए सिरदर्द है, बल्कि पर्यावरण, संसाधनों और सामाजिक दृष्टिकोण से भी एक गंभीर चुनौती बन गया है। पुलिस स्टेशनों और मालखानों में ये वाहन वर्षों तक सड़ते रहते हैं, जिससे न केवल जगह की कमी होती है, बल्कि यह व्यवस्था की नाकामी को भी उजागर करता है। भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 102 के तहत पुलिस को ऐसे वाहनों को जब्त करने का अधिकार है, जो अपराध से संबंधित हों। इन वाहनों को मालखाने या पुलिस स्टेशन के परिसर में रखा जाता है, जब तक कि मामले की सुनवाई पूरी नहीं हो जाती।

हालांकि, सबसे बड़ी समस्या यह है कि भारत में न्यायिक प्रक्रिया अक्सर लंबी चलती है। कई मामलों में, सुनवाई में वर्षों लग जाते हैं और इस दौरान जब्त वाहन पुलिस स्टेशनों में खड़े रहते हैं।

**पर्यावरणीय दृष्टिकोण से, सड़ते वाहनों को रीसाइक्लिंग के लिए भेजा जाना चाहिए।**

बारिश, धूप और धूल के संपर्क में रहने के कारण ये वाहन खराब हो जाते हैं और धीरे-धीरे कबाड़ में तब्दील हो जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक इससे भारत को हर साल लगभग 20,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो जाता है

कई मामलों में, ये वाहन उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण संपत्ति होते हैं, जो शायद निर्दोष हों या जिनके खिलाफ कोई ठोस सबूत न मिले। उदाहरण के लिए, एक ऑटो-रिक्शा चालक या टैक्सी ड्राइवर के लिए उसका वाहन उसकी आजीविका का मुख्य साधन होता है। जब ऐसे वाहन लंबे समय तक पुलिस हिरासत में रहते हैं, तो मालिक की आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ता है। यह सामाजिक असमानता को और बढ़ाता है, क्योंकि अधिकांश प्रभावित लोग निम्न या मध्यम वर्ग से होते हैं। इसके अलावा, पुलिस स्टेशनों के बाहर खड़े वाहन अक्सर आस-पास के निवासियों के लिए परेशानी का कारण बनते हैं। ये वाहन सड़कों को अवरुद्ध करते हैं, पार्किंग की समस्या पैदा करते हैं और कई बार असामाजिक तत्वों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाते हैं। ऐसा देखा गया है कि वाहनों के महत्वपूर्ण हिस्से, जैसे बैटरी, टायर या इंजन के पुर्जे गायब हो जाते हैं। यह न केवल भ्रष्टाचार को दर्शाता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ हो रही है, जो न्यायिक प्रक्रिया को कमजोर करता है।



**इस समस्या के समाधान के लिए नीतिगत और संरचनात्मक सुधारों की आवश्यकता है। पहला कदम यह हो सकता है कि वाहनों की जब्ती और रिहाई की प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया जाये। प्रत्येक जब्त वाहन का रिकॉर्ड एक केंद्रीकृत डाटाबेस में दर्ज किया जाना चाहिए, जिसमें वाहन की स्थिति, जब्ती की तारीख और मामले की प्रगति की जानकारी हो।**

इस समस्या के समाधान के लिए नीतिगत और संरचनात्मक सुधारों की आवश्यकता है। पहला कदम यह हो सकता है कि वाहनों की जब्ती और रिहाई की प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया जाये। प्रत्येक जब्त वाहन का रिकॉर्ड एक केंद्रीकृत डाटाबेस में दर्ज किया जाना चाहिए, जिसमें वाहन की स्थिति, जब्ती की तारीख और मामले की प्रगति की जानकारी हो। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि यह भी सुनिश्चित होगा कि वाहन अनावश्यक रूप से लंबे समय तक हिरासत में न रहे। दूसरा, फोरेंसिक जांच की प्रक्रिया को और तेज करना होगा। सरकार को क्षेत्रीय स्तर पर फोरेंसिक प्रयोगशालाओं की स्थापना करनी चाहिए, ताकि जांच जल्दी पूरी हो सके। इसके साथ ही डिजिटल साक्ष्य, जैसे वाहन की तस्वीरें और 3डी स्कैन को अदालतों में स्वीकार करने की नीति बनानी चाहिए। इससे भौतिक वाहन को लंबे समय तक रखने की आवश्यकता कम होगी। जब वाहन साक्ष्य के रूप में उपयोग के लिए आवश्यक न हों, तो उनकी नीलामी या वैकल्पिक उपयोग की प्रक्रिया को तेज करना होगा। इसके अलावा, कुछ मामलों में जब्त वाहनों को सरकारी इस्तेमाल, जैसे पुलिस या आपातकालीन सेवाओं के लिए पुनः उपयोग में लाया जा सकता है, बशर्ते वे कार्यशील स्थिति में हों।

पर्यावरणीय दृष्टिकोण से, सड़ते वाहनों को रीसाइक्लिंग के लिए भेजा जाना चाहिए। इससे न केवल पर्यावरण को लाभ होगा, बल्कि यह आर्थिक अवसर भी पैदा करेगा। इसके साथ ही, इन वाहनों को सुरक्षित रखने की दृष्टि से हर जिले के स्तर पर एक बड़ा मालखाना होना चाहिए।

केवल एक समग्र दृष्टिकोण ही इस समस्या को जड़ से खत्म कर सकता है, जिससे यह भी सुनिश्चित होगा कि अपराध में शामिल वाहन न केवल न्याय प्रक्रिया में सहायक हों, बल्कि समाज और पर्यावरण पर भी बोझ न बनें।

## कोल्हान की खबरें

### बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा मंत्री से मिला झामुमो का प्रतिनिधिमंडल



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बच्चों की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता प्रहलाद लोहरा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मुलाकात की।गौरतलब है कुछ दिन पूर्व झामुमो कार्यालय में मास्टर जी के द्वारा भुइयांडीह बस्ती स्थित नव प्राथमिक विद्यालय बाबुडिह लाल भट्ठा की समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा गया था।रविवार को प्रहलाद लोहरा ने मंत्री रामदास सोरेन को स्कूल की समस्याओं से अवगत कराया।उन्होंने बताया विगत कई वर्षों से उक्त सरकारी विद्यालय में पढ़ाई अच्छी तरह से संचालित हो रही है, लेकिन कक्षाओं के लिए कमरे की संख्या अपर्याप्त है और शिक्षकों की भी कमी है। इस पर मंत्री श्री सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया बच्चों के भविष्य से कोई समझौता नहीं होगा और उनकी मांग को उचित मानते हुए जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री रामदास सोरेन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा भुइयांडीह बस्ती समेत पूरे पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के बस्तीवासियों को इस पहल से बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर नव प्राथमिक विद्यालय बाबुडिह लाल भट्ठा के अध्यक्ष सोनाराम सुन्डी,विद्यालय प्रभारी सत्यनारायण साव, जन प्रतिनिधि नन्द किशोर सिंह,विद्यालय के सदस्य खुशबू बोदरा और राधा लेयागी उपस्थित रहे।

### युवा कांग्रेस में चुनाव के लिए नामांकन समाप्त, वोटिंग 15 जुलाई से 15 अगस्त तक




जमशेदपुर (**आजाद सिपाही**)। झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव राकेश साहू ने पूर्वी सिंहभूम जिला युवा कांग्रेस चुनाव हेतु अपनी टीम के 27 सदस्यों का नामांकन कराया। जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए कंचन देवी और राहुल कुमार, घाटशिला विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए राहुल नाग, घाटशिला प्रखंड अध्यक्ष के लिए सुब्रतो पाल और साकची प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए रोहित शर्मा ने नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर पूर्व छात्र नेता परविंदर सिंह मौजूद रहे। राकेश साहू ने कहा वे स्वयं चुनाव में भाग नहीं ले रहे, लेकिन कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के प्रति अपनी निष्ठा के तहत जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक योग्य युवाओं को चुनाव में उतारा है। उन्होंने कहा सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को भी युवा कांग्रेस चुनाव में नई ऊर्जा और नए चेहरों को आगे लाना चाहिए। ताकि संगठन के साथ राहुल गांधी के हाथ मजबूत हों सके।वैसे नामांकन प्रक्रिया रविवार 6 जुलाई की शाम 5 बजे समाप्त हो गई। अब सदस्यता अभियान और वोटिंग की प्रक्रिया 15 जुलाई से 15 अगस्त तक चलेगी।

### अर्जुन मुंडा ने टाटा-कांड्रा सरायकेला-चाईबासा टोल रोड की बदहाली पर जतायी नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** राज्य के पूर्व सीएम सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कोल्हान की लाइफ लाइन कहे जाने वाली टाटा-कांड्रा सरायकेला-चाईबासा टोल रोड की जर्जर हालत को लेकर नाराजगी जताई।रविवार को पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा ने चाईबासा मार्ग पर टोल प्लाजा पहुंचकर मैनेजर से वस्तुस्थिति की जानकारी ली। टोल प्रबंधन ने बताया जर्जर सड़क को लेकर जेआरडीसीएल को कई बार पत्राचार किया गया,लेकिन मरम्मत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। बरसात में हालात और बदतर हो गए हैं और दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। पूर्व सीएम ने टोल मैनेजर से शिकायत की कॉपी मंगवाई और सवाल उठाया जब सड़क की मरम्मत ही नहीं हो रही तो आम जनता से टोल क्यों वसूला जा रहा। उन्होंने कहा इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया जाएगा। बताया जारहा है टोल रोड की जर्जर हालत से स्थानीय लोगो की परेशानी काफी बढ़ गई है। लगातार हो रही बारिश से गढ़े में जल जमाव के कारण सड़क दुर्घटना हो रही। हालांकि डीसी ने भी जेआरडीसीएल को सड़क मरम्मत के निर्देश दे चुके हैं। इसके अलावा जनकल्याण मोर्चा ने भी अनुमंडल न्यायालय में जनहित याचिका दायर की है। इसके बावजूद जिम्मेदार एजेंसी की लापरवाही जारी है।

### यात्री वैन पलटने से 28 लोग घायल, कई गंभीर

**चाईबासा/ सरायकेला (आजाद सिपाही)।** पश्चिम सिंहभूम के पांड्रशाली ओपी थाना क्षेत्र के थोलको के पास यात्री भेंन पलटने से श्राद्ध कर्म में शामिल होने जा रहे 28 लोग बुरी तरह घायल हो गये। रविवार को सड़क दुर्घटना में घायल लोगो को स्थानीय लोग व पुलिस की सहयोग से तत्काल सरायकेला सदर अस्पताल लाया गया। मिली जानकारी के अनुसार हादसे में 28 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 20 की हालत गंभीर बतायी जा रही है। गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद जमशेदपुर रेफर कर किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सभी लोग कुलुपटांगा गांव के रहने वाले हैं और श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने चाईबासा जा रहे थे।

### भूतनाथ मंदिर में नि:शुल्क कांवर यात्रा का पंजीयन शुरू



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सोनारी स्थित बाबा भूतनाथ मंदिर में आगामी 25 जुलाई से शुरू होने वाली बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ की नि:शुल्क कांवर यात्रा के लिए पंजीयन जोर-शोर से जारी है।रविवार को पंजीयन के दौरान शिव भक्तों ने हाथों में पोस्टर लेकर ह्यबोल बमह्ण के नारे लगाए।ह्यपहले आओ पहले पाओह्ण के आधार पर हो रहे पंजीयन में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों से अधिक रही। 18 वर्ष से कम और 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का पंजीयन में रोक है। मौके पर मंदिर समिति ने सेवा संघ के संस्थापक विकास सिंह को अंगवस्त्र और पुष्पहार देकर स्वागत किया। विकास सिंह ने कहा 25 जुलाई से शुरू होने वाली यह यात्रा आठ दिनों तक चलेगी। करीब 1000 कांवरिए ट्रेन, गाड़ी और बसों से सुल्तानगंज जाएंगे, जहां उत्तर वाहिनी गंगा से जल लेकर पैदल बाबा नगरी प्रस्थान करेंगे।यात्रा मार्ग में धर्मशाला, टेंट, नाश्ता व भोजन की व्यवस्था की गई है। विकास सिंह ने श्रद्धालुओं से टॉर्च और थैला साथ रखने की अपील की।इस अवसर पर आशुतोष सिंह, कृष्णा सिंह, अरविंद महतो समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### टाटा स्टील ने वन महोत्सव पर किया पौधरोपण



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टाटा स्टील ने वन महोत्सव 2025 के अवसर पर स्थानीय पत्रकारों के सहयोग से आईएसडब्ल्यूपी सी2 क्वार्टर के पास पौधारोपण अभियान चलाया। रविवार को अभियान में टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट कॉरपोरेट सर्विसेज डीबी सुन्दरा रामम ने पत्रकारों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। मौके पर उन्होंने कहा प्रकृति संरक्षण सभी नागरिकों और संस्थानों की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर टाटा मेन हॉस्पिटल की जनरल मैनेजर मेडिकल सर्विसेज डॉ. विनीता सिंह और टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी समेत टाटा स्टील के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।अभियान के दौरान करीब 300 पौधे लगाए गए, जिससे हरित आवरण बढ़ाने और पर्यावरणीय जागरूकता को मजबूत करने का संदेश दिया गया। ग्रीनोवेशन स्टील और सस्टेनेबिलिटी मेल है इस पहल के तहत यह प्रयास पर्यावरणीय जिम्मेदारी को दर्शाता है।

### श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर का प्रथम जीर्णोद्धार वार्षिकोत्सव आज

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर के केवल टाउन स्थित श्री श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर (बिड़ला मंदिर) का प्रथम जीर्णोद्धार वार्षिकोत्सव सोमवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जायेगा। सुबह 9 बजे से पूजन कार्य की शुरूआत विनोद पांडेय समेत 10 पुरोहित मिलकर कराएंगे।रविवार को जानकारी देते हुए मंदिर जीर्णोद्धार ट्रस्ट के संयोजक विधायक सरयू राय ने बताया जीर्णोद्धार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सभी देवी-देवताओं के समक्ष विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 124वीं जयंती पर साकची जैन भवन में भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, सांसद विद्युत वरण महतो,विधायक पूर्णिमा साहू, प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले समेत कई वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे। मौके पर मुख्य वक्ता बालमुकुंद सहाय ने कहा डॉ मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, विचारधारा और बलिदान की मिसाल है। उन्होंने कश्मीर से परमिट सिस्टम हटाने और धारा 370 के उन्मूलन के लिए जीवन समर्पित किया। सांसद विद्युत वरण महतो और विधायक पूर्णिमा साहू ने भी डॉ. मुखर्जी के योगदान को याद करते हुए कहा उनके विचारों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार किया है।कार्यक्रम की अध्यक्षता बबुआ सिंह और संचालन संजीव सिंह ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सरायकेला उपायुक्त ने गंजिया बैराज का किया औचक निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गम्हरिया।** सरायकेला डीसी नितिश कुमार सिंह ने गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत गंजिया बैराज का औचक निरीक्षण करते हुए सिंचाई परियोजना की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की।मौके पर डीसी ने डीप एरिगेशन प्रणाली से अधिकाधिक ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़कर किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। वही गंजिया बैराज क्षेत्र को संभावित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए संशोधित प्रस्ताव शीघ्र जिला मुख्यालय को भेजने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीसी ने किसानों से संवाद कर पारंपरिक फसलों के साथ-साथ फल, फूल एवं सब्जियों की वाणिज्यिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया।उन्होंने आश्वासन दिया किसानों की उपज को उचित बाजार और लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए जिला प्रशासन ठोस कदम उठाएगा। भंडारण सुविधा सुदृढ़ करने के लिए कोल्ड स्टोरेज निर्माण की योजना पर भी काम किया जाएगा।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गम्हरिया अभय कुमार द्विवेदी, सहायक अभियंता खरकई डिवीजन समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ मोहर्रम आकर्षक ताजिया ने खींचा लोगों का ध्यान

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** डंडई प्रखंड क्षेत्रों में इस्लाम धर्म का महत्वपूर्ण त्योहार मोहर्रम रविवार को शांतिपूर्ण व आपसी भाईचारा के साथ सम्पन्न हो गया। प्रखंड के रारो, लवाही, जरही सहित अन्य इलाका में पारंपरिक तरीके से मोहर्रम की धूम रही। जबकि डंडई प्रखंड मुख्यालय के मेलानिया ढोढा में ताजिया मिलनी स्थल पर मिलनी को लेकर बड़े तादात में लोगों का भीड़ देखी गयी। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के बच्चे, बूढ़े, नौजवान व महिलाएं लोगों ने डीजे के साथ या हुसैन या अली के नारा लगाते हुए ताजिया के साथ मिलनी स्थल पर पहुंचे थे। उक्त मिलनी स्तर पर रारो, बैरियादामर, डंडई, बैलाझखड़ा, लवाही, गयाडीही ताजिया शामिल था। इसके पूर्व मुस्लिम समुदाय के द्वारा अपने अपने गांव में एक से बढ़कर एक ताजिया व इस्लामिक झंडा निकाला व चौक चौराहों पर लाठी-डंडा तलवार से एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज कालाबाजी का प्रदर्शन किया।वही मिलनी ढोंढा स्थान पर दूसरे गांवो से आये बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगो ने अपने अपने ताजिया को मिलान कराया। वहीं ताजिया मिलान के दौरान ऐतिहासिक ताजमहल, जमा मस्जिद का आकर्षक ताजिया देखने को मिला। वहीं रारो गांव में तैयार किये गये ताजिया की आकर्षक डिजाइन और बारीक कलाकारी ने लोगों को खासा प्रभावित किया। थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गयी थी, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।



## भवनाथपुर में 'या हसन या हुसैन' के नारों के साथ मुहर्रम का जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में हजरत इनाम और इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाने वाला मुहर्रम का पर्व पूरी श्रद्धा और शांति के साथ मनाया गया। अरसली उत्तरी, चौरासी, मकरी, पंडरिया और चपरी समेत विभिन्न गांवों में ताजिया, सिपड़ और तिरंगा झंडा के साथ जुलूस निकाले गए। या हसना या हुसैन के नारों के साथ जुलूस में शामिल समुदाय के लोगों ने गम और सम्मान का इजहार किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा, मकरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि धनंजय साह, झामुमो जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम, मकरी के पूर्व मुखिया अब्दुला अंसारी, रीता देवी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, कुंदन ठाकुर, महताब आलम, जयराम, उल्फत अंसारी, शमशेर अंसारी, राजेंद्र पासवान, विजय रावत सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंघ संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जयंती जिला कार्यालय में मनाया। कार्यक्रम के दौरान जनसंघ संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया जिसमें जामुन नीम सहित अन्य कई फलदार वृक्ष लगाये गये। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने किया।

मौके पर कार्यक्रम प्रभारी प्रेम सिंह ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देशहित में अपना पुरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया था। देश जब आजाद हुआ तो जब पहली बार सरकार बनी तो उसमें कैबिनेट मंत्री भी रहे। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि देश में दो निशान दो विधान दो प्रधान नहीं चलेगा। जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है उन्होंने जम्मू कश्मीर को भारत से जोड़े रखने में अहम भूमिका निभाई थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ जुड़कर खुद को राष्ट्र के पुर्ननिर्माण में लग गए थे। श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी अहम भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा गढ़वा जिला प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह, लातेहार प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, भाजपा नेता बिनय चौबे, विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, जिला उपाध्यक्ष संजय ठाकुर, जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे, टिंकू गुप्ता, धनंजय गौड़, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता, अनशाद बाबु, अशोक विश्वकर्मा सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



## रंका में मोहर्रम हुसैन के मातम के साथ संपन्न



**रंका (आजाद सिपाही)।** इमाम हुसैन, हसन और उनके साथियों की शहादत की याद में मनाये जाने वाला सिया मुसलमानों का त्योहार मुहर्रम अनुमंडल मुख्यालय सहित संपूर्ण थाना क्षेत्र में या हुसैन या अली के मातम के साथ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस अवसर पर कंचनपुर अंजुमन कमेटी के सदर सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी नेतृत्व में सर्वधर्म समभाव से ओतप्रोत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जैनुल्लाह अंसारी ने जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि देवेन्द्र नाथ तिवारी , राहुल तिवारी, मां दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष प्रेमशंकर तिवारी, भोला ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार, बीडीसी शंकर राम आदि को गुलाबी गमछा पगड़ी बांध कर सम्मानित किया।

## मोहर्रम पर्व शांति और सौहार्द के साथ संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को मातम का पर्व मुहर्रम पहलाम शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कांडी, ढवरिया, सड़की, नैनाबार और पखनाहा से निकले ताजिया जुलूस का भव्य मिलान प्रखंड मुख्यालय में किया गया। वहीं हरिहरपुर, बत्तो खुर्द में भी ताजिया का भव्य जुलूस निकला। इस अवसर पर राजकीयकृत जमा दो उच्च विद्यालय के खेल मैदान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी सह युवा समाजसेवी विकास दुबे थे। कार्यक्रम की शोभा जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, कांडी मुखिया विजय राम, कृषक मित्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष इमामुद्दीन खान, युवा समाजसेवी सह सड़की सदर बाबू खान, व पतरिया मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार की उपस्थिति ने बढ़ाई। प्रदर्शन के आधार पर सड़की को प्रथम, कांडी को द्वितीय और ढवरिया की कमेटी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेताओं को पंचायत समिति सदस्य ममता देवी के सौजन्य से शील्ड प्रदान की गयी।

मुहर्रम पर्व के अवसर पर कांडी अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने प्रखंड क्षेत्र के सभी कर्बला का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि मुहर्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और किसी भी अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं मिली।

# भवनाथपुर के जिरहुला टोला में जलजमाव से ग्रामीण परेशान, स्थायी समाधान की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के बनसानी पंचायत के जिरहुला टोला में सड़क पर जलजमाव की गंभीर समस्या ने ग्रामीणों को परेशान कर रखा है। खासकर मुकेश मेहता के घर के सामने वाली मुख्य सड़क पर लगातार पानी भरने से लोगों की दैनिक आवाजाही बाधित हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हल्की बारिश के बाद भी सड़क पर पानी जमा हो जाता है, जिससे कीचड़ और फिसलन से दुर्घटना का खतरा बना रहता है साथ ही पानी निकासी नहीं होने से पानी से दुर्गंध भी आने लगा है।समस्या को लेकर ग्रामीणों ने प्रखण्ड प्रमुख शोभा देवी से मिलकर सड़क की ऊंचाई बढ़ाने और जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि जब तक सड़क ऊंची नहीं की जायेगी, तब तक पानी का जमाव यूं ही बना रहेगा और समस्या बढ़ती जायेगी।

स्थानीय ग्रामीण गोरख ठाकुर, पंकज मेहता, अशोक मेहता, मिथलेश मेहता, मनोज मेहता, सुरेंद्र मेहता, रामकुमार मेहता, कृष्ण मेहता, मुकेश मेहता, नीतीश मेहता, भारत भूषण मेहता,अजीत यादव सहित कई अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की जल्द से जल्द जल जमाव समस्या का समाधान किया जाये, ताकि आने जाने मे हो रही दिक्कत से राहत मिल सके।

प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि सड़क पर जल जमाव को लेकर सीओ से पहल करने को कहा था लेकिन पदाधिकारी द्वारा कुछ नहीं किया गया। सड़क पर जल जमाव को लेकर उपायुक्त को पत्र लिखेंगे।



## मोहर्रम पर्व को लेकर निकाला गया जुलूस



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** शहादत की याद में मुहर्रम पर्व को लेकर रविवार को मुख्यालय सहित विभिन्न गांवों में शांतिपूर्ण जुलूस निकाली गयी। जुलूस में फैजुल इस्लाम कमेटी विशुनपुरा, पतिहारी, पिपरी कला फैजुल मुसलमीन कमेटी, मधुरी अंजुमन कमेटी अमहर एवं नवाडीह, पतहरिया कमिटी द्वारा ताजिया जुलूस निकाली गयी। जुलूस में जिलापरिषद सदस्य शंभूराम चंदवंशी, ऐनुल अंसारी, मुन्ना अंसारी, लतीफ अंसारी, आलम बाबू, हसमत अंसारी, यासीन अंसारी, उलफत अंसारी, मुबारक अंसारी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## मेराल में ताजिया, सिपड़, दुलदुल और अखाड़ा के साथ निकला भव्य जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल ।** हुसैन और हसन की याद में मनाया जाने वाला पर्व मुहर्रम मेराल प्रखंड में पारंपरिक व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पहलाम के साथ रविवार की शाम में संपन्न हो गया। प्रखंड मुख्यालय में विभिन्न टोलों से ताजिया, सिपड़, दुलदुल और अखाड़ा के साथ निकला गया भव्य जुलूस का मिलनी थाना चौक पर हुआ। इस दौरान नवयुवक हसन और हुसैन की याद में जमकर मातम किया। इसके बाद जुलूस नूरी मस्जिद चरका पत्थर पहुंचा जहां युवकों ने लाठी डंडा से पारंपरिक हैरतअंगेज कर्तव्य दिखाएं। देर शाम को जुलूस कर्बला में पहुंचकर समाप्त हुआ। इसी तरह लोवादाग, बाना, हासनदाग, तीसरटेटूका, चामा, दलेली, पचफेड़ी, ओखरगाड़ा सहित अन्य गांव में भी ताजिया, सीपड अखाड़ा के साथ मातमी जुलूस निकाला गया। ओखरगाड़ा के जुलूस में गढ़वा सदर एसडीओ संजय कुमार पांडे के पहुंचने पर मुहर्रम इंतजामिया कमेटी द्वारा उन्हें पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। जुलूस के दौरान कई जगहों पर समाजसेवी लोगों तथा मुहर्रम इंतजामिया कमेटी द्वारा शरबत, ठंडा पेयजल की व्यवस्था किया गया। प्रखंड मुख्यालय के जुलूस में मुख्य रूप से कारी कमालुद्दीन, अतहर अली, मौलाना यासीन, जफिर अंसारी, जहुर रंगसाज, महबूब अंसारी, नेजाम खान, असलम, मकसूद, सलीम, मुख्तार, कलाम अहमद, लतीफ अंसारी, सहित हजारों की संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे शामिल थे।

## मेराल के बैगा का आकस्मिक निधन



मृतक की फाइल फोटो।

**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम के पुजारी महावीर सिंह के पिता और मेराल के बैगा गोविंद सिंह का असामयिक निधन रविवार को दोपहर दो बजे हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही देवी धाम संचालन समिति के पदाधिकारियों, धार्मिक श्रद्धालुओं, स्थानीय लोग उनके मेराल पुरानी बाजार स्थित घर पहुंच कर गहरा दुःख व्यक्त किया तथा परिजनों को ढांढस बंधाया। बता दें कि सरल स्वभाव के धनी गोविंद सिंह एकीकृत मेराल के पारंपरिक बैग थे जो गांव के आस्था का केंद्र डिहवार बाबा का भक्त और पुजारी थे। उनका अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहा।

## भवनाथपुर सब्जी बाजार में चोरी की घटना, दो लोग बने शिकार

आजाद सिपाही संवाददाता




**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। रविवार को भवनाथपुर सब्जी बाजार में खरीदारी के दौरान अज्ञात पॉकेट मारो ने दो लोगों को अपना शिकार बना लिया। घटना के शिकार बने धनीमंडरा निवासी विजय कांत चौबे सब्जी खरीदने बाजार पहुंचे थे। भीड़भाड़ का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोर ने उनके जेब से 6300 रुपये उड़ा लिये। चोरी की घटना का उन्हें तत्काल पता नहीं चला, लेकिन जब उन्होंने पैसे निकालने के लिए जेब टटोली, तो वह खाली थी। इसी प्रकार की एक अन्य घटना में बाजार में सब्जी खरीद रही एक महिला के पास से भी 1700 रुपये चोरी हो गये। महिला ने बताया कि बाजार में अचानक किसी ने उन्हें टक्कर मारी, जिसके बाद जब उन्होंने अपना पर्स देखा, तो उसमें से पैसे गायब थे। दोनों घटनाएं बाजार क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा करती हैं। भवनाथपुर सब्जी बाजार में सप्ताह में रविवार और बुधवार को को विशेष भीड़ होती है। समाचार लिखे जाने तक इस घटना को लेकर किसी भी प्रकार का आवेदन स्थानीय थाना में नही दिया गया है।

## शांतिपूर्ण तरीके मनाया गया मोहर्रम का पर्व



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में हसन और हुसैन की याद में मनाया जाना वाला पर्व मुहर्रम शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया गया। वहीं प्रखंड क्षेत्र के बेलाबार, नवाडीह, केतार, पाचा डूमर में भव्य तरीके से ताजिया जुलूस निकला गया। विभिन्न गांव के ताजियाओं से मिलते हुए जुलूस कर्बला मैदान के पास पहुंचा। वहां विभिन्न हथियारों के साथ पारंपरिक युद्ध शैली का जीवंत प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अंजुमन कमेटी के सदर शमीम अंसारी, मुखिया मूंगा साह, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम, समाजसेवी पंकज सिंह, पूर्व मुखिया अनील कुमार पासवान, मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, विमलेश पासवान, बबलू सिंह, छोटन सिंह,राजू सिंह, मेराजुद्दीन अंसारी, असीम अंसारी, अल्ताफ अंसारी समेत बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य जन, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

# 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** भंडरिया जिला सहकारिता विभाग के निर्देश पर प्रखंड के लैंपस, पैक्स व भंडरिया प्रखंड स्तरीय कृषक उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड मे पिछले एक जुलाई से 6 जुलाई तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। इसी के तहत रविवार को भंडरिया प्रखंड स्तरीय कृषक उत्पादक सहकारी समिति कार्यालय परिसर में 'एक पेड मां के नाम' कार्यक्रम आयोजित कर समिति के सदस्यों एंव किसानों के द्वारा अनेकों प्रकार के फलदार, छायादार व इमारती लकड़ियों के पौधे लगाया गया तथा उसे सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित एफपीओ के कार्यकारिणी सदस्य अशोक प्रसाद केशरी व बीरेंद्र सिंह ने कहा कि एक पेड मां के नाम अभियान बहुत ही सकारात्मक पहल है। जिस प्रकार से आज प्रदुषण खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है वह हम सभी के लिए गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे में हर एक व्यक्ति को चाहिए कि वह कम से कम एक पौधा अवश्य लगायें और उसकी देखभाल भी करें। मौके पर अध्यक्ष देवानंद, उपाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा, चंद्रशेखर सिंह सीइओ आलोक मुण्डा, सोनिया देवी, संतरा कुवंर खुशदिल कच्छप, तिलसफोर कच्छप आदि उपस्थित थे।

# तीन महीने से राशन वितरण नहीं, ग्रामीणों में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के पतरिया पंचायत अंतर्गत सड़की गांव में जनवितरण प्रणाली के डीलर प्रवेश बैठा द्वारा जून, जुलाई और अगस्त महीने का राशन वितरण अब तक लाभुकों के बीच नहीं किया गया है, जिससे गांव में आक्रोश का माहौल है। लाभुकों ने आरोप लगाया है कि डीलर ने दो महीने का अंगूठा भी लगवा लिया, फिर भी उन्हें राशन नहीं मिला। कार्डधारी अवधेश लाल, कमलेश कुमार सिन्हा, जूही सिन्हा, राजनाथ राम, हरिद्वार राम, राम नरेश पाण्डेय, सुरेश साव, नरेश साव, नरेश बैठा, जोखन राम व नंदु गुप्ता ने बताया कि तीन महीने से राशन नहीं मिला है, जबकि दो महीने का अंगूठा डीलर ने ले लिया है। इतना ही नहीं, एक महीने का चना दाल भी अब तक नहीं बांटा गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि डीलर द्वारा तीनों महीनों का राशन कालाबाजारी कर दिया गया है। गोदाम प्रभारी राजू सिंह ने जानकारी दी कि 15 जून से पहले जून और जुलाई का राशन डीलर को भेज दिया गया था, जबकि 4 जुलाई को अगस्त का राशन भी पहुंचा दिया गया। केंद्र सरकार के निर्देश अनुसार तीनों महीनों का राशन एक साथ वितरण होना था, लेकिन अब तक वितरण नहीं किया गया। इस संबंध में डीलर प्रवेश बैठा ने कहा कि मुझे 4 जुलाई को राशन मिला है। मैं कुछ दिनों से बीमार था, इस कारण वितरण नहीं कर सका। सोमवार से राशन वितरण शुरू कर दूंगा। जविप्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष बृज मोहन मिश्रा ने इसे डीलर की बड़ी लापरवाही और मनमानी बताया। उन्होंने कहा कि 'राशन उठाव के बाद भी वितरण न करना गंभीर चूक है।'



प्रखंड कार्यालय कांडी।

पतरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार ने चेतावनी दी कि 'यदि सोमवार से राशन वितरण शुरू नहीं किया गया तो संबंधित डीलर पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।' बीडीओ सह एमओ राकेश सहाय ने कहा कि अगर लाभुकों को राशन नहीं मिला है तो यह गंभीर मामला है। डीलर की भूमिका की जांच की जायेगी। यह गुनाह क्षम्य नहीं है, दोषी पर कार्रवाई होगी।

# श्री रामलला मंदिर में पौधरोपण किया गया

आजाद सिपाहीसंवाददाता

**गढ़वा।** श्री रामलला मंदिर समिति और पर्यावरण परिवार गढ़वा के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को श्री रामल्ला मंदिर परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 50 से अधिक फलदार और छायादार पौधे लगाये गये।

पांच एकड़ भूभाग में फैले मंदिर परिसर में पीपल, बरगद, जामुन अमरूद, अर्जुन, आम, अशोक आदि के पौधे लगाये गये। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष ने कहा कि पर्यावरण का सीधा लगाव जीवन से है। पर्यावरण के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। मंदिर समिति प्रत्येक वर्ष पौधारोपण का कार्य करती है। पेड़ पौधों से पूरा परिसर हराभरा दिख रहा है। वहीं यहां आने वाले श्रद्धालुओं को पौधा लगाने की प्रेरणा भी मिलती है। सचिव धनंजय सिंह ने कहा कि आज का पौधारोपण कार्यक्रम पर्यावरण परिवार गढ़वा से सौजन्य से किया गया। पर्यावरण परिवार के संयोजक नितिन तिवारी ने पौधे उपलब्ध कराये थे। पर्यावरण परिवार के कई सदस्यों ने पौधारोपण में अग्रणीय भूमिका निभायी। इसके पूर्व भी पर्यावरण परिवार ने मंदिर परिसर में पौधारोपण किया था। आज वे पौधे वृक्ष का रूप धारण कर चुके हैं।

इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता, सुदर्शन सिंह, कोषाध्यक्ष धनंजय गोंड उर्फ डबल जी, विवाह प्रमुख किशोर सिंह, कार्यालय प्रमुख धनंजय ठाकुर, संरक्षक दिलीप कमलापुरी, श्यामा पांडेय, राजीव चौबे, पूनम कास्यकर, पीके झा, पर्यावरण परिवार के अमित शुक्ला, गौतम ऋषि, बिपिन तिवारी, मुनमुन ऋषि, धर्मेंद्र उपाध्याय, मुस्कान आदि शामिल थे।



आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 07 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in



# नौ दिन बाद अपने धाम लौटे भगवान जगन्नाथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में शांति और सौहार्द के साथ घूरती रथ यात्रा संपन्न हुई। नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में रहने के बाद रविवार को भगवान अपने धाम को लौट आये। नौ दिनों तक मौसी के घर रहने के बाद भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ रथ पर सवार होकर रविवार को अपने घर मुख्य मंदिर लौट गये। लोहरदगा शहरी क्षेत्र और भंडरा में घुरती रथ मेला में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। शहर के ठाकुरबाड़ी मंदिर, तिवारी दुरा जग्रन्नाथ मंदिर और तेतरतर मंदिर में भगवान वापस लौट आए हैं। जहां विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान मेला सा माहौल बना रहा। पुरोहितों ने बताया कि घुरती रथयात्रा के साथ देवशयनी एकादशी के दिन भगवान नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में रहने और आतिथ्य स्वीकार करने के बाद मुख्य मंदिर वापस लौटे। भगवान जगन्नाथ, बडे भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर हजारों भक्तों पर आशीर्वाद बरसाते हुए घुरती रथ यात्रा आरंभ किया गया। रथ पर सवार भगवान को भक्त ठाकुरबाड़ी मंदिर तक पहुंचाया गया और पुष्प वर्षा कर भक्त सर्व मंगल की कामना किया। भगवान जगन्नाथ,बड़े भाई बलभद्र एवं सुभद्रा अपने धाम लौट अब भक्तो को देंगे दर्शन। घूरती रथ यात्रा के दौरान सुरक्षा का चाक चौबंद व्यवस्था पुलिस प्रशासन की ओर किया गया था।



## भक्तिमय वातावरण में घुरती रथयात्रा संपन्न

**कुडू (आजाद सिपाही)।** भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की नौ दिवसीय मौसी बाड़ी यात्रा के पश्चात रविवार को कुडू में पारंपरिक रथयात्रा (घूरती) का आयोजन भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुआ। कुडू बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर मौसी बाड़ी में नौ दिनों तक विधिवत पूजा-अर्चना के बाद, सुबह रथ पर भगवान के विग्रहों को विराजमान किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने रथ खींचते हुए भगवान को कुडू इंदिरा गांधी चौक स्थित बिड़ला शिव मंदिर तक पहुंचाया। यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी सुदृढ़ रही। कुडू की अंचल अधिकारी मधुश्री मिश्रा, थाना प्रभारी मनोज कुमार एवं पुलिस बल के जवान मौके पर मुस्तैदी से तैनात रहे।

## भगवान के दर्शन के लिए रही श्रद्धालुओं की भीड़



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान और मौसीबाड़ी प्रवास के पश्चात रविवार को भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा रथ पर सवार होकर अपने धाम लौट आए। ऐतिहासिक भंडरा रथ यात्रा का समापन घुरती रथ यात्रा के साथ अत्यंत भव्य और श्रद्धामय वातावरण में हुआ। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर और रथ मार्ग पर उमड़ पड़ी। हरि बोल और जय श्रीराम के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्ति और उल्लास के रंग में रंग गया। भगवान के रथ को खींचने के लिए लोगों में अद्भुत उत्साह और समर्पण देखा गया। हर कोई स्वयं को सौभाग्यशाली मान रहा था कि उसे भगवान को उनके धाम तक पहुंचाने का अवसर प्राप्त हुआ। रथ जैसे ही ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में पहुंचा, भक्तों की भारी भीड़ भगवान के मौसीबाड़ी से लाए गए प्रसाद को प्राप्त करने के लिए उमड़ पड़ी। कटहल कोवा और गुड़ के लड्डू का प्रसाद पाने को लोग व्याकुल दिखे। पूरे आयोजन के दौरान भक्तों ने दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्यता और शांति की कामना की।

# 'या अली या हुसैन' के नारों के साथ लातेहार-लोहरदगा में निकला जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार जिले के सभी प्रखंडों में शांतिपूर्वक मोहर्रम पर्व मनाया गया वही देखा गया कि मोहर्रम पर्व को लेकर लातेहार पुलिस कप्तान के निर्देश पर सभी थाना प्रभारी और पुलिस के जवान जगह-जगह पर मुस्तेद दिखाई दिए। सभी थाना प्रभारी मोहर्रम जुलूस के साथ शांतिपूर्वक संपन्न कराने में अहम योगदान दिया साथी मुस्लिम धमार्लंबियों के हाय हुसैन या हुसैन के नारे को बुलंद किया गया साथ ही साथ नारे तकबीर अल्लाह हू अकबर के नारे भी बुलंद करते हुए आगे बढ़ने का काम किया। इस अवसर पर कई ताजिया का दिखाई पड़ा। जिसमें देखा गया कि चंदवा थाना में ताजिया 5 लाइसेंस धारी लोग लेकर पहुंचे जिसमें परंपरा के अनुसार जो सबसे अच्छा ताजिया का निर्माण किया हो उसे कमिटि को चंदवा थाना के तरफ से फील्ड के साथ-साथ कुछ पारितोषिक सुविधा प्रदान किया जाता है। जिसमें सर्वप्रथम ताजिया शुक्र बाजार महरूम मुंशी मियां के पुत्र को दिया गया। वहीं दूसरा पुरस्कार ग्यास खान कामता को दिया गया। तीसरा पुरस्कार कामता गुजरी को दिया गया। वहीं चौथा पुरस्कार शुक्र बाजार मस्जिद मियां को दिया गया। वहीं पांचवा पुरस्कार बेलवाही को दिया गया। उसके बाद चंदवा थाना परिसर में परंपरा के अनुसार ही उपस्थित गण्यमन लोगों का चंदवा के थाना प्रभारी चंदवा के प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल पदाधिकारी को सम्मानित के साथ-साथ बोदा कमिटि को कर्तव्य दिखाने के लिए भी सम्मानित किया गया। देखा गया कि पूरे मोहर्रम जुलूस को नेतृत्व बाबर खान अयूब खान शाहिद खान शाहिद अंसारी अशरफ अंसारी बबलू खान जुल्फान खान महबूब अंसारी के द्वारा अपने अपने अखाड़ा का नेतृत्व सभी लोगों ने किया और मोहर्रम पर्व का शांतिपूर्वक सभी के प्रयास से संपन्न हुआ।

## बरवाडीह और पोखरी में भव्य ताजिया का किया प्रदर्शन



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह पोखरी व इसके ग्रामीण क्षेत्रों में या अली या हुसैन के नारों के साथ रविवार को मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। बरवाडीह जुलूस में शामिल लोगों ने पूरे प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण किया व भ्रमण के दौरान कई स्थानों पर पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन किया। मुहर्रम जुलूस में बरवाडीह के इंतजामिया कमेटी,अहिरपुरवा, बेतला, पोखरीकला, छेचा, छिपादोहर, कुचिला, कूटमू केचकी, समेत विभिन्न इलाकों के लोग शामिल थे।

**पोखरी चौपाल में सम्मान समारोह भी हुआ आयोजित :** पोखरी कलां की मुहरम कमेटी की ओर से जुलूस में शामिल अतिथियों का पगड़ी पोशी किया गया। इसमें मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, हाजी मुमताज अली, प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, अंचलाधिकारी मनोज कुमार,सर्किल इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार सिंह, केचकी मुखिया बुद्धेश्वर सिंह, पोखरी कलां मुखिया नीतू देवी, एवं बेतला मुखिया को सम्मानित किया गया।पोखरी कलां के जेनरल खलीफा असरदुल कादरी और बेतला के खलीफा बहाउद्दीन अंसारी ने सभी गणमान्य अतिथियों का पगड़ी पोशी कर सम्मानित किया।

## केमिकल लदा ट्रक पलटा, चालक घायल

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू-चंदवा मुख्य पथ (एनएच-75) पर रविवार सुबह करीब 11 बजे एक केमिकल लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चालक घायल हो गया। हादसा कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत केडवारी मोड़ के पास हुआ। बताया जा रहा है कि ट्रक (नं एमपी 65 एच 0391) एलुमिना हाइड्रेट नामक रासायनिक पदार्थ लेकर कुडू से चंदवा की ओर जा रहा था। बारिश के कारण सड़क पर कीचड़ जमा हो गया था, जिससे ट्रक फिसल गया और चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। ट्रक सड़क किनारे पलट गया, जिससे उसमें लदा रसायन का कुछ हिस्सा सड़क पर फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। घायल चालक को प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया है। वहीं, ट्रक को हटाने और यातायात बहाल करने की प्रक्रिया जारी है।

# लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन ने उत्कृष्ट खिलाड़ियों को किया सम्मानित, स्कॉलरशिप योजना की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन की वार्षिक आम बैठक रविवार को एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत सचिव आलोक राय द्वारा उपस्थित सदस्यों के स्वागत से की गयी। इसके बाद गत बैठक की कार्यवाही को अनुमोदित किया गया। बैठक में वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट और आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। आगामी वर्ष के लिए के. पांड्या एंड कंपनी को लेखा परीक्षण की जिम्मेदारी सौंपे जाने का प्रस्ताव भी पारित हुआ। बैठक से पूर्व एसोसिएशन के आजीवन सदस्य अशोक यादव के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा में क्रिकेट का उज्ज्वल भविष्य है। खिलाड़ियों के विकास हेतु स्टेडियम को आधुनिक स्वरूप देने के साथ-साथ प्रशिक्षण की बेहतर व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने खिलाड़ियों के लिए स्कॉलरशिप योजना शुरू करने की भी घोषणा की। आजीवन सदस्य अब्दुल जब्बार ने शिवप्रसाद साहू मेमोरियल टी-20 टूर्नामेंट के सफल आयोजन की सराहना करते हुए इसे अगले वर्ष और भी भव्य रूप से आयोजित किए जाने की बात कही।

बैठक के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। सीनियर टीम में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज आशुतोष मिश्रा एवं सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज आदित्य झा चुने गये। अंडर-19 वर्ग में लक्ष्य कौशिक को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। जूनियर वर्ग में सुशांत कुमार साहू (बल्लेबाज) एवं अंश मिश्रा (गेंदबाज) को सम्मानित किया गया। महिला वर्ग में इशिका भगत को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त हुआ। रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले आशीष कुमार को जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से मोमेंटो और शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। उन्होंने अब तक 47 प्रथम श्रेणी मैचों में 140 विकेट तथा 6 लिस्ट ए मैचों में 8 विकेट प्राप्त किए हैं। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष नेयाज मल्लिक ने किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष भास्कर दास गुप्ता, उपाध्यक्ष विशाल महेंद्रु, रथींद्रनाथ राय, किशोर वर्मा, सह सचिव प्रवीण प्रसाद, उप सचिव सतीश वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य दुर्गा प्रजापति, मुकेश दुबे, प्रमोद वर्मा, रमेश साहू, आजीवन सदस्य संजय साहू, हर्षित साहू, रोहित साहू, नवीन गुप्ता, कुणाल गुप्ता, दुर्गेश साहू, अमित साहू, कुशल गुप्ता, दिलीप गुप्ता, विपिन गुप्ता, अब्दुल जब्बार, शकील अहमद समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## मनिका में ताजिया देखने के लिए लोगों की रही भीड़



**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** मुहर्रम पर्व को लेकर दिन रविवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा आकर्षक ताजिया जुलूस निकाला गया। वहीं मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत नामुदाग, भटको, बांड़ी समेत विभिन्न अखाड़े से मोहर्रम कमेटी के लोग पूरे श्रद्धा, उत्साह और गमगीन माहौल में गाजे-बाजे के साथ जुलूस लेकर क्षेत्र भ्रमण करते हुए हाई स्कूल खेल के मैदान पहुंचे, जहां पर सभी ताजिया का मिलान किया गया। वहीं जुलूस के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा या अली,या हुसैन के नारे से पूरा क्षेत्र गुंजयमान हो उठा और जुलूस में शामिल हर चेहरे मातम के साथ श्रद्धा में डूबा हुआ नजर आया। साथ ही विभिन्न स्थानों से एक से बढ़कर एक परंपरागत ताजिया लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा, मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा ताजिया को विशेष रूप से सजाया गया था, जिसमें रंग-बिरंगे कागज, शीशे एवं रंग-बिरंगे लाइटें लगायी गयी थी,जिसे देखने के लिए दूर-दराज के क्षेत्र से भी काफी संख्या में लोगों की भीड़ लगी रही। लोगों ने आकर्षक ताजिया के खूबसूरती का खूब सराहना किया। इस जुलूस में शामिल युवाओं ने लाठी, डंडे, इत्यादि से कई कर्तब भी दिखाये। साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से मनिका पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद दिखी, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बलों का व्यापक इंतजाम किया गया था।

# स्वास्थ्य शिविर में 44 मरीजों ने करायी जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सेवा भारती, लोहरदगा द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण में 160वें सप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 44 नागरिकों सहित कुछ दिव्यांगजनों ने भाग लेकर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल इत्यादि की जांच निःशुल्क की गयी। अन्य सभी प्रकार की पैथोलॉजिकल जांच नाममात्र शुल्क पर की जाती है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा, जरूरतमंद एवं असहायों की सेवा करना ही परम धर्म है। सेवा भारती का उद्देश्य है कि गरीब, लाचार और बीमार लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना। डॉ कुमुद अग्रवाल ने वर्षा ऋतु में स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि, खान-पान में सावधानी रखें, खाद्य सामग्री को ढक कर रखें एवं किसी भी चीज का अत्यधिक सेवन न करें। सहसचिव संजय चौधरी एवं सुबोध महतो ने जानकारी दी कि यह स्वास्थ्य शिविर हर रविवार एक घंटे के लिए नियमित रूप से आयोजित किया जाता है, जिससे लोगों को समय पर उचित जांच व उपचार मिल सके।

# भाजपाइयों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी, जिला लोहरदगा द्वारा महान विचारक, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रणेता एवं अखंड भारत के समर्थक श्रद्धेय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती जिला कार्यालय सभागार में श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश नेता एवं ग्रामीण बैंक के स्वतंत्र निदेशक प्रेम मित्तल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य वक्ता प्रेम मित्तल ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन और विचार आज भी देश को दिशा देने वाला प्रकाशस्तंभ है। उन्होंने अंग्रेजों के शासन काल में जो प्रतिमान स्थापित किए, वे आज भी देशवासियों को प्रेरणा देते हैं। उन्होंने अल्पायु में ही अखंड भारत की नींव रखी और अपने संघर्ष से पंजाब, बंगाल और कश्मीर को भारत से जोड़ा। प्रेम मित्तल ने कहा कि डॉ मुखर्जी भारतीय संस्कृति, भाषा, शिक्षा और आत्मनिर्भर तकनीकी विकास के सशक्त पक्षधर थे। उन्होंने अलगाववाद और विभाजनकारी नीतियों का हमेशा मुखर विरोध किया और राष्ट्रहित में कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर धारा 370 के विरोध में देश के लिए बलिदान दिया। उनकी औद्योगिक नीति ने देश की आधारशिला रखी और महात्मा गांधी एवं सरदार पटेल जैसे नेताओं ने उन्हें मंत्री पद ग्रहण करने का आग्रह किया था। जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि डॉ मुखर्जी के विचार और कार्य आज के भारत को वैश्विक मंच पर एक नयी पहचान दे रहे हैं। उनकी नीतियों से हर वर्ग के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है, और देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पशुपतिनाथ पारस ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन हर्षनाथ महतो ने किया।

## अखाड़ों ने हसन-हुसैन के नारे के साथ निकाला जुलूस



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** इमाम हसन हुसैन के शहादत मे मनाया जाने वाला मुहर्रम का त्योहार रविवार को प्रखंड क्षेत्र मे सौहार्द और शांति पूर्वक आपसी भाईचारा के साथ मनाया गया। मेला में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ो के द्वारा जुलुस निकाल कर हसन हुसैन का नारा लगाते हुए ढोल, तासा के धुन में जम कर नाचते थिरकते हुए मेला का आयोजन किया गया। लोगों द्वारा अपनी खेल प्रतिभा दिखाया गया। झमाझम बारिश होने के बावजूद मेला को लेकर लोगों में काफी उत्साह था। जिसे प्रखंड क्षेत्र के उगरा, भड़गांव, चितरी डांडू तीन स्थानों पर मुहर्रम के अवसर पर मेला का आयोजन किया गया। मेला में सफल खेल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वही सेरेंगहातु मोहर्रम कमिटी के नेतृत्व मे मोहर्रम जुलुस निकाला गया। जुलूस मे शामिल हुए लोगों का स्वागत किया गया। वही सभी जगहों जुलुस निकलकर भ्रमण करते हुए अपने गंतव्य मेला स्थल पंहुचा जहां लोगों ने लाठी, डंडा, तलवारबाजी का खेल दिखाया और जम कर नाचे थिरके। वही मुहर्रम को लेकर सुरक्षा वुवस्था का कड़ा इंतजाम किया गया था। ड्रोन कैमरे से जुलुस की निगरानी की जा रही थी। जगह जगह पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल तैनात थी। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में एसआई अविनाश राम, रविकांत प्रसाद, मनीष महतो, एएसआइ असरफी बहेलिया, गोवर्धन तुरी, जमशेद खान तैनात थे।

## ठनका गिरने से युवक की मौत

**भंडरा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र के कांजो महुआ टोली में शनिवार की देर शाम वज्रपात की चपेट में आने से 24 वर्षीय युवक सुदीप मिंज की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक सतीश मिंज का पुत्र था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम तेज बारिश के दौरान सुदीप मिंज अपने घर से कुछ दूर बंधे मवेशी को लेने गया हुआ था। इसी बीच अचानक आसमान से बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के तुरंत बाद परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने सुदीप को लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

# तेतरियाताड़ के ग्रामीणों ने सीताही नदी पर बनाया लकड़ी का पुल

मुकेश कुमार सिंह



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला के चंदवा प्रखण्ड के बोदा पंचायत के लुकुइया ग्राम के तेतरियाताड़ का मामला बरसात का मौसम आते ही झारखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम संबंधित समस्याएं सामने आने लगी हैं इसी कड़ी में चंदवा प्रखंड मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर एक बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति उत्पन्न हुई। चंदवा के बोदा पंचायत अंतर्गत तेतरियाटांड़ गांव का प्रखंड मुख्यालय से संपर्क के लिए सीताही नदी से होकर गुजरना पड़ता है। पहाड़ी नदी होने के कारण भारी बारिश में बहुत तेज बहाव है और पहले से बना एक अस्थायी पुल उसकी भेंट चढ़ गया, जिसके बाद पूरे गांव का संपर्क बाहरी दुनिया और प्रखंड मुख्यालय से टूट गया। ग्रामीणों के सामने स्थिति भयावह थी इसी बीच अंधेरे में एक चिराग बनकर उभरी पंचायत समिति सदस्य सुशीला टोपनो। बुलंद इरादों के साथ सुशीला टोपनो ने पहले तो तमाम जनप्रतिनिधियों, सरकारी हुक्मरानों के दरवाजे खटखटाये लेकिन निराशा हाथ लगी। तब ग्रामीणों के सहयोग से उन्होंने खुद ही इस परेशानी का हल निकालने की ठानी और आसपास के जंगलों से लड़कियां लाकर ग्रामीणों के परस्पर सहयोग से लकड़ी के पुल बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया। इस बाबत में बात करने पर सुशीला टोपनो ने बताया कि हर बार बारिश में नदी पर बना अस्थायी पुल टूट जाता है और बह जाता है जिससे गांव वालों का प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचना लगभग नामुमकिन हो जाता है। गांव के ही एक व्यक्ति अनूप टोपनो है वह वर्तमान में आइटीबीपी में कार्यरत हैं और अरुणाचल प्रदेश में पदस्थापित है। वह जब अपनी छुट्टियों में गांव पहुंचे और यहां की विकट स्थिति को देखा तो उन्होंने भी सुशीला टोपनों को सहयोग करने का निर्णय लिया और व्यक्तिगत आर्थिक एवं शारीरिक सहयोग कर पुल बनाने में जुटे हुए हैं।

बताते चलें की नदी पार करने की कोशिश में शनिवार को एक स्थानीय निवासी बिसुन गंझु की डूबने से मौत हो गयी, उसके बाद ग्रामीणों ने यह बीड़ा उठाया। बिना किसी सरकारी सहयोग के यह काम बेहद दुष्कर था इसीलिए सुशीला टोपनो ने चंदवा प्रखंड के उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा से संपर्क किया और उन्हें पूरी जानकारियां दी। जानकारी प्राप्त होने पर अश्वनी मिश्रा शहर के कुछ समाजसेवियों के साथ स्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेने के बाद स्थानीय विधायक, सांसद और सरकार के कई मंत्रियों को तस्वीर और सूचनाएं भेजी लेकिन नतीजा शिफर निकला। बहरहाल समाचार लिखे जाने तक भारी बारिश के मध्य ग्रामीण पुल बनाने में जुटे हैं। इस कार्य में तेतरियाटांड़ ग्राम की पंचायत समिति सदस्य सुशील टोपनो के साथ सुधीर टोपनो,अनूप टोपनो, पास्कल टोपनो, सुनील टोपनो, रश्मि टोपनो, मनीषा तिर्की, सुचिता भेंगरा, प्रमिला देवी, संजय गंझु,अजय गंझु, ललकु गंझु, प्रमोद टोपनो, भूषण टोपनो, आशीष होरो, उज्जवल टोपनो, अनीशा टोपनो आदि बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं।

# कुडू में फीका रहा मोहर्रम निकाला प्रतीकात्मक जुलूस

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** इस बार कुडू प्रखंड में मुहर्रम का त्योहार अपेक्षाकृत शांत और फीका रहा। आमतौर पर वाद्ययंत्रों और जुलूस की रौनक से गुलजार रहने वाला क्षेत्र इस बार गमगीन नजर आया। इसका प्रमुख कारण रहमतनगर निवासी और मुहर्रम आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले परवेज अंसारी का असामयिक निधन रहा। 11 जून को करंट लगने से उनकी मृत्यु हो गयी थी। उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप स्थानीय मुहर्रम कमिटी ने पहले ही यह निर्णय लिया था कि इस वर्ष पारंपरिक जुलूस का आयोजन नहीं किया जायेगा। इसी प्रकार, पहलाम के दिन ही पंडरा गांव निवासी, कांग्रेस के पूर्व पंचायत अध्यक्ष और लंबे समय से मुहर्रम आयोजनों में सक्रिय हजरत पवरिया के निधन के कारण भी वहां कोई आयोजन न के बराबर किया गया। हुसैनी पताकों से सजा रहने वाला कुडू का वातावरण इस बार बेहद शांत नजर आया। हालांकि परंपरा को जीवित रखने के उद्देश्य से कुछ लोगों ने प्रतीकात्मक रूप से जुलूस निकाला। इसमें भी टाकू और हमीद नगर के अखाड़ों के लोगों के बीच हल्की झड़प भी हुई, जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने आपसी समझ-बूझ से शांत करा लिया। कुल मिलाकर मुहर्रम की गूंज इस बार कुडू में न सुनाई दी, न दिखाई पड़ी।

# कड़ी सुरक्षा में शांति और सौहार्द के साथ मना मुहर्रम का त्योहार

आजाद सिपाही टीम

**हरिहरगंज/विश्रामपुर/हुसैनाबा।** शहर में रविवार को मुहर्रम का 10वां दिन यानी यौमे-ए-अशूरा के अवसर पर जुलूस निकाला गया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जगह-जगह अखाड़े का करतब दिखाया। जिसमें उन्होंने अपनी धार्मिक भावनाओं का इजहार किया। जुलूस में शामिल लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में अपने इमामों की याद में मातम किया और अखाड़े के माध्यम से अपनी श्रद्धा प्रकट की। उधर, सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय रही। संदिग्ध चौराहों और जुलूस के मार्ग पर पुलिस बल तैनात थे। पुलिस अधिकारियों ने जुलूस के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए लोगों से अपील की। कहा कि किसी भी तरह की अफवाह या दुर्घटना की स्थिति में पुलिस प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। जुलूस के दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। जिससे जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन ने भी मुस्लिम समुदाय के लोगों को मुहर्रम की शुभकामनाएं दीं और शांति बनाए रखने के लिए उनका सहयोग मांगा। विदित हो कि खबर लिखे जाने तक किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली थी।



## 'या हसन-या हुसैन' से गूंजता रहा क्षेत्र'

विश्रामपुर नगर परिषद एवं आंचलिक क्षेत्र में या अली या हुसैन के सदाओं के बीच रविवार को मुहर्रम का मातमी जुलूस निकला। जिसमें शामिल लोग इस्लाम जिंदा होता है हर कर्बला के बाद व कर्बला दूर है..जाना जरूर है का नारा लगा रहे थे। मुहर्रम जुलूस के दौरान या हसन - या हुसैन से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। विश्रामपुर में जुलूस की शुरूआत दर्जी मुहल्ला से हुआ जो नगर भ्रमण के बाद बस स्टैंड, थाना मोड़ होते हुये डांक बंगला परिसर में पहुंचा,जहां ताजिया-सिपड़ का मिलान हुआ। इसके बाद जुलूस गढ़ मोहल्ला होते हुए कर्बला चला गया। यहां के जुलूस में कोशियार, डीहरिया, झगरुआ, पांडेपुर, उरसुला, कविलासी, निमिटाड़ी, विश्रामपुर दर्जी मुहल्ला सहित कई गांवों के जुलूस का मिलान हुआ। जुलुश में शामिल युवको ने हसन-हुसैन की सहादत पर मातम मनाया। इस दौरान कलाकारों ने कई करतब भी दिखाये। प्रखंड मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने जुलूस को शांति पूर्ण निकालने में अहम भूमिका अदा की। शांति व्यवस्था कायम रखने में प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी भी पूरी तरह मुस्तैद रहे। मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी द्वारा गण्यमान लोगों को पगड़ी बांध कर सम्मानित भी किया गया। जुलूस में बसपा नेता गोपाल राम, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, प्रखंड मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर हेसामुद्दीन अंसारी, मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के विश्रामपुर सदर आजम सिद्दीकी, निवर्तमान वार्ड पार्षद सलीमुद्दीन अंसारी, शमशेर आलम आदि शामिल थे।

## सिया समुदाय के लोगों ने किया खूनी मातम



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र में मुहर्रम पर्व अकीदत और एहतराम के साथ संपन्न हुआ। मुख्य कार्यक्रम वक़्फ वासला बेगम सद्र इमाम बारगाह में हुआ। नमाज के बाद जूलूस निकाला गया। इससे पहले सभी घरों से अलम सद्र इमामबारगाह में लाया गया। फिर लोग इक्कठा होकर शहर के मुख्य गांधी चौक से होते हुए कर्बला की ओर चले। यहां का सदर ताजिया काफी पुराना है जिसे लोग अपने कांधे पर उठा कर कर्बला तक ले जाते हैं। सदर ताजिया को मुत्तवल्ली ने कंधा लगाकर उठाया। जिसके बाद सभी ने अपने-अपने आलम सिपर ताजिया को नौहों मातम करते हुए कर्बला को निकले। आज की विशेष मर्सिया सैय्यद तनवीर हुसैन, सैय्यद मुबारक हुसैन, सैय्यद तनवीर जैदी, मोहम्मद रजा, मिर्जा अमीन, सैय्यद रजा ईमाम, बाकर हुसैन, नैय्यर रजा, सैय्यद मुसर्रत हुसैन आदि ने पढ़ा। उधर, जुलूस हैव गांधी चौक पर पहुंचा तो वहां पर लोगों ने जंजीर ल, कमा, ब्लेड से अपने शरीर को लहू लहान कर लिया इस मातम को यहां के लोग खूनी मातम के नाम से भी जाना करते हैं। जिसे देखने के लिए काफी लोग गांधी चौक पर जमा थे। चौक पर तकरीर को खिताब फरमाया मौलाना सैयद इब्ने अब्बास साहब हजरत इमाम हुसैन की शहादत का बयान फरमाया उन पर हुई मुसीबतों को याद किया। जिसके बाद जुलुस गांधी चौक होते हुए करबला पहुंचा। जुलूस का नेतृत्व मुतवल्ली सैय्यद तकी हुसैन रिजवी, सैयद हसनैन जैदी, गंजफर हुसैन, सैय्यद इकबाल हुसैन, गौहर मिर्जा आदि ने किया।

# श्रावणी मेले में खोये कांवरियों को परिजनों से मिलाने को नयी तकनीक का होगा इस्तेमाल

## मेला क्षेत्र में बनेंगे 31 सूचना सह सहायता केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** सूचना भवन सभागार में सभी नव-चयनित सूचना सह सहायता कर्मियों को संबोधित कर उन्हें कार्य आवांटित किया गया। इस अवसर पर डीडीसी पीयूष सिन्हा ने कहा कि सभी सूचना सह सहायता कर्मियों का कार्य सिर्फ बिछड़े हुए कांवरिया बंधुओं को उनके परिजन से मिलाना ही नहीं, बल्कि पूरे सेवाभाव एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना है। इसके लिए सभी अब जिला प्रशासन द्वारा नई तकनीकों के उपयोग का सहारा भी ले सकते हैं। कांवरियों के पता को ढूंढ कर उनके परिवार से उनका संपर्क करवा सकते हैं। इस वर्ष हमारे देवघर के सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में फैले हुए सूचना सह सहायता केंद्रों को ही सिर्फ आपस में नहीं जोड़ा जाएगा, बल्कि सूचना तंत्र को तकनीकी रूप से और भी बेहतर बनाने का प्रयास किया गया है, ताकि बिछड़े हुए कांवरिया बंधुओं को उनके परिजन से मिलाने में सहूलियत हो सके। वहीं, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती ने बताया कि राजकीय श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में 31 सूचना सह सहायता केन्द्र, तीन बाइक दस्ता की टीम एवं दो टोटो 24 घंटे कार्यरत रहेंगे, ताकि किसी भी स्थिति में श्रद्धालुओं को त्वरित सविधा मुहैया करायी जा सके। इसके अलावा मेला के दौरान बाबानगरी आने वाले महिला श्रद्धालुओं के साथ बच्चों के सुविधा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 10 मातृत्व विश्राम गृह का निर्माण कराया गया है। साथ ही मातृत्व विश्राम गृह में सैनिटरी पैड, बच्चों के डायपर, बिस्कुट, दूध उपलब्ध कराया जाएगा एवं महिला कर्मियों की प्रतिनियुक्ति भी इन केन्द्रों पर की जायेगी। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर कुमार, रोहित कुमार विद्यार्थी, डीएमएफटी की टीम आदि थे।

## अनुसूचित संघर्ष समिति के महिला मोर्चा का गठन, इंद्राणी देवी बनी अध्यक्ष

**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** मधुपुर कोर्ट मोड़ स्थित डॉ भीम राव अंबेडकर जी की प्रतीमा के पास अनुसूचित संघर्ष समिति की बैठक कर महिला मोर्चा का चयन किया गया। साथ ही बाबा साहब के चरणों में बंदन करते हुए टीम ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशम गुरु शिबू सोरेन एवं मंत्री हाफिजुल हसन के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि मंत्री हाफिजुल हसन जी जल्द स्वस्थ होकर हम सभी के बीच लौटेंगें। वहीं, राजेश कुमार दास भीम आर्मी प्रदेश संगठन प्रभारी सह समिति के उपाध्यक्ष एवं अनुसूचित संघर्ष समिति के प्रकाश दास अध्यक्ष ने कहा कि मंत्री जी हमारे दलित आदिवासी मुशलिम पिछड़े एवं कमजोर-गरीब वर्ग के नेता हैं। उन्हें सभी दिल से मानते हैं। इसलिए दलित समाज को उनके जल्द स्वस्थ होकर घर लौटने का इंतजार है। वहीं, महिला मोर्चा की अध्यक्ष इंद्राणी देवी को बनाया गया है, जबकि उपाध्याक्ष संजु देवी एवं अनीता देवी, महासचिव मीणा देवी, सचिव कविता देवी, कोषाध्यक्ष मंजू देवी, संगठन सचिव निर्मला देवी के अलावा सदस्य माया देवी, किरण कुमारी, निर्जला देवी आदि को शामिल किया गया है। इस मौके पर अनुसूचित संघर्ष समिति के संस्थापक सह अध्यक्ष प्रकाश दास, संगठन प्रभारी जयदेव मेहरा, पंकज दास, सुनील दास, राजा रजक, अनिल दास, रंजन पासवान, राजेश दास, बृजनंदन दास, सुमित दास, सीता देवी, शोभा देवी, पुनम देवी आदि उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब का शपथग्रहण करते हुए एकजुट होने का संकल्प लिया।

## सड़क कालीकरण में भ्रष्टाचार का आरोप

**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के प्रमुख मार्ग थाना मोड़ से गांधी चौक होते हुए हटिया रोड तक चल रहे सड़क कालीकरण कार्य को लेकर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मो जियाउल हक टार्जन ने इस कार्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जनविरोधी करार दिया है। कहा कि यह सड़क पहले से ही बेहतर स्थिति में थी, जिसे बरसात के मौसम में पिंचिंग कर कालीकृत किया जा रहा है। यह जनता की गाढ़ी कमाई की सीधी लूट है। कहा कि मैंने इस मुद्दे पर आम लोगों से राय ली, अधिकांश ने नाराजगी जताई और इसे बेवजह का खर्च बताया। बरसात में सड़क पर पिच डालना भी तकनीकी रूप से भी गलत है। इससे एक ओर जहां सड़क की गुणवत्ता प्रभावित होगी, वहीं दूसरी ओर आसपास के मकानों की नींव भी खतरे में आ सकती है। उन्होंने बताया कि नए कालीकरण से मकान सड़क स्तर से नीचे चले गए हैं, जिससे ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह फेल हो जाएगा और बारिश के समय जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। जियाउल हक ने नगर विकास मंत्री और उच्च अधिकारियों से इस कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। कहा कि वे विकास के विरोधी नहीं है। ऐसा विकास होना चाहिए जिससे जनता को लाभ मिले, और सरकार की विश्वसनीयता बनी रहे।

## बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचे अखिल भारतीय मध्य देसीय वैश्य सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**देवघर (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय मध्य देसीय वैश्य सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार मद्धेशिया अपने परिवार सहित देवघर पहुंचे और बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना कर देश, समाज और जनकल्याण की मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि हलवाई समाज प्राचीन काल से ही लोगों की सेवा में लगा है। हमारा समाज हमेशा लोगों का पेट भरने का काम करता आया है। बाबा बैद्यनाथ का आशीर्वाद हमारे समाज पर है, जिन्होंने हमें मिष्ठान्न निर्माण का सौभाग्य दिया। हमारे द्वारा तैयार किया गया भोग आज भी देवताओं को समर्पित किया जाता है। यह भी कहा कि हलवाई समाज अब सिर्फ मिष्ठान निर्माण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में भी उन्नति कर रहा है। उन्होंने समाज की राजनीतिक भागीदारी को सुनिश्चित करने की भी बात कही। इस अवसर पर सभा के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद साह ने जानकारी दी कि इस वर्ष भी रांगा मोड़ परिणय वाटिका के पास निःशुल्क बाबा गणिनाथ सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। एक महीने तक चलने वाले इस शिविर में कांवरियों को शरबत, चाय, पानी, दवा, फल और हलवा प्रसाद उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ उनकी पत्नी ललिता गुप्ता, युवा राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश साह, युवा प्रदेश महामंत्री राजेश कुमार शाह, कमल अग्रवाल, अभिनीत अग्रवाल, आदर्श अग्रवाल, नंदनी गुप्ता और ममता अग्रवाल शामिल रहे।

## कांग्रेसियों ने किया जगजीवन राम को याद

**देवघर (आजाद सिपाही)।** जसीडीह स्थित वार्ड नंबर-6 रतनपुर में देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष स्वर्गीय जगजीवन राम की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने उन्हें याद किया और श्रद्धासुमन अर्पित किए। झारखंड इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार ने कहा कि जगजीवन राम ने महात्मा गांधी से अनु प्रेरित होकर देश के नव निर्माण खासकर दलितों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। किसी एक वर्ग से उन्हें बांधना उनके जैसे महान व्यक्ति के व्यक्तित्व को अपमानित करना होगा। रचनात्मक कार्यों के जरिए उन्होंने दलितों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ा। उनके बताए रास्ते पर चलकर समतामूलक समाज की स्थापना करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा ने राष्ट्र के प्रति की गई निस्वार्थ सेवा एवं दलित वर्गों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को देखते हुए स्वर्गीय जगजीवन राम को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग केंद्र सरकार से की।

# बंदूक का भय दिखा पिकअप वाहन छीना पीछा कर रही पुलिस पर की फायरिंग

## झारखंड-बिहार सीमा पर से वाहन बरामद, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** थाना क्षेत्र के एनएच 139 पर कौआखोह के समीप से अज्ञात अपराधियों ने पिकप वाहन के चालक को बंदूक का भय दिखा कर वाहन छीन लिया। इसकी सूचना मिलते ही हरिहरगंज पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए छापामारी अभियान शुरू कर दी। इस दौरान चोरी कर भाग रहे अपराधियों का पीछा करने पर अपराधियों ने पुलिस पर ही फायरिंग कर दी। इस पर पुलिस ने भी आत्म रक्षा में जवाबी फायरिंग की। हालांकि अपराधी रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। इस मामले में पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने खुद की फर्द बयान पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए अपराधियों की धर पकड़ के लिए छापामारी अभियान में जुट गयी है। इस संबंध में थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि विगत शुक्रवार की रात सूचना मिली थी कि एनएच 139 कौआखोह के समीप अज्ञात अपराधियों ने पिकप वाहन चालक को बंदूक का भय दिखा कर छिनताई कर ली है और वाहन लेकर भाग रहे हैं। वाहन में लगी जेपीएस के लोकेशन के आधार पर जब पुलिस ने पीछा किया गया, तो अपराधी पुलिस को चकमा देते हुए सीमावर्ती बिहार के ढीबरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेंदुई गांव के समीप दबाव में आकर वाहन छोड़कर भागने लगे। इस दौरान पुलिस को लक्ष्य बना कर अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। यह देख पुलिस को भी आत्म सुरक्षा के लिए फायरिंग करनी पड़ी। जवाबी फायरिंग के बीच अंधेरे का लाभ उठाकर अपराधी भाग निकले। उन्होंने बताया कि घटना स्थल से बिहार के सासाराम का पिकप वाहन को बरामद कर हरिहरगंज थाना में सुरक्षार्थ रखा गया है। वहीं, छापामारी अभियान में पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआई अविनाश कुमार, धनंजय कुमार गोप एवं सशस्त्र बल शामिल थे।



हरिहरगंज थाने में रखी पिकअप वाहन।

## मुहर्रम के जुलूस में शामिल हुए लालसूरज



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी थाना क्षेत्र में रविवार को मुहर्रम का मातमी जुलूस निकाला गया। इंसाफ की जंग में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन एवं उनके समर्थकों की याद में निकाले गए जुलूस में पांकी विधानसभा कांग्रेस के पूर्व प्रत्यासी लालसूरज ने टाटीदिरी सत्याड़ी चौक सहित क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ों मे शामिल हुए। अखाड़ा के लोगों ने लालसूरज को पगड़ी बांध कर स्वागत किया। इस अवसर पर लालसूरज ने कहा कि हिन्दू-मुस्लिम मिलकर आपसी भाईचारा से शांतिपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ त्योहार मनाये। कहा की मुहर्रम इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना होता है। विशेष रूप से शोक और बलिदान के रूप में मनाया जाता है। यह दिन पैगंबर मुहम्मद के पोते हुसैन की शहादत की याद दिलाता ह, जो कर्बला की लड़ाई में शहीद हो गये थे। मुहर्रम जुलूस में अखाड़ा कमेटी के खिलाड़ियों की ओर से एक से बढ़कर एक पारंपरिक अस्त्र-शास्त्र से करतब दिखाये। जुलूस में थाना प्रभारी राजेश रंजन के नेतृत्व में एएसआई श्यामलाल यादव सहित पुलिस जवान मुस्तैद दिखे। इस मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमिताभ शर्मा, मंडल अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, अकमल खान आफताब आलम, मुखिया पति नेहाल अंसारी आदि उपस्थित थे।

## सोना महल में मिल रहा है ग्राहकों को मुफ्त सोना

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू प्रमंडल के प्रसिद्ध ज्वेलरी शोरूम में से एक सोना महल अपने ग्राहकों के लिए अनोखा ऑफर के साथ मुफ्त सोना देने का वादा कर रही है। सोना महल के संचालन संतोष सोनी एवं धनंजय सोनी का कहना है कि काफी दिनों से ग्राहक सोना महल के ऑफर का इंतजार कर रहे थे पांडे कंपलेक्स थाना रोड स्थित सोना महल में पांच से 20 जुलाई तक भव्य ज्वेलरी प्रदर्शनी रखी गई है। जिसमें मुंबई, दिल्ली राजकोट, अहमदाबाद, दुबई तक के सोने,चांदी एवं हीरे के गहने उपलब्ध होंगे।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवन शैली, विचार प्रेरणा स्रोतः डॉ रविंद्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में रविवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन शैली, विचार, चिंतन सार्वजनिक जीवन के लिए प्रेरणा स्रोत है। उनकी दूरदृष्टिता राष्ट्रवादी विचारधारा हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। देश एवं समाज की सेवा में उनका जीवन समर्पित रहा है। राजनीतिक जीवन में भी उन्होंने नैतिक मूल्यों को स्थापित किया है। इतिहास में धरोहर के रूप में रहे डॉ मुखर्जी के स्मरण एकात्मता एवं उनके जज्बे को सुनकर भी आज हम सभी गर्व से उत्साहित हो जाते हैं। अपने 52 साल के अल्प जीवन में डॉ मुखर्जी ने जो देश के लिए किया वह अल्पकल्पनीय है उसे भूलाया नहीं जा सकता। उनके सपने के भारत बनाने के लिए पहले श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समृद्धशाली विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रयासरत है। वहीं, वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक महान देशभक्त डॉ मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 में हुआ था। शिक्षाविद रहे मुखर्जी अपने दायित्वों का निर्वहन करते-करते देश की आजादी में और आजादी के बाद अंतरिम सरकार में भी अपना बहुमूल्य योगदान दिया। वहीं, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि डॉ मुखर्जी के संगठन कौशल और नेतृत्व क्षमता के कारण ही पहले जनसंघ की स्थापना जो आज भाजपा के वटवृक्ष के रूप में खड़ा है। उनका व्यक्तित्व कार्यशैली विचारधारा लोगों के लिए प्रेरणादाई है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री ज्योति पांडे ने किया। इस मौके पर प्रेम सिंह, विपिन बिहारी सिंह, परशुराम ओझा, रविंद्र तिवारी, मनोज भुइया, बिभाकर नारायण पांडे, अविनाश वर्मा, अजय तिवारी, उदय शुक्ला, दुर्गा जौहरी, कृषलय तिवारी,पूर्व विधायक पुष्पा देवी, संध्या सिंह, रूप सिंह, शिवकुमार मिश्रा,सोमेश सिंह आदि मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनायी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी प्रासंगिकः पवन अग्रवाल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय में रविवार को भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई। सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता पवन अग्रवाल ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन और उनके योगदान को याद किया। कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक महान नेता थे, जिन्होंने भारत की एकता-अखंडता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया था। वह जनसंघ के संस्थापक थे और उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। भाजपा की ओर से उनकी जयंती मनाने से उनके प्रति सम्मान और श्रद्धा की भाव प्रकट होती है। वहीं, अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से पार्टी कार्यकर्ताओं में एकजुटता और प्रेरणा का संचार होता है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताए रास्ते पर चलकर भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने की बात कही गई है। यह आयोजन हुसैनाबाद में भाजपा की सक्रियता और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रति उनकी श्रद्धा को दर्शाता है। इस मौके पर योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डु सिंह, उदय विश्वकर्मा, चंदन सिंह, रंजित पासवान, विजय राजवंशी, विनय पासवान, हंसराज सिंह, रजनीश मिश्रा, पवन सिंह, रविन्द्र कन्स्यकार, दिनेश सिंह, राजू ठाकुर, सागर पासवान, अश्विनी सिंह उर्फ पुनचुन और बिंदा यादव आदि मौजूद थे।



आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 07 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in



# ढोल और ताशे के साथ निकला मोहर्रम का जुलूस



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला मुख्यालय से सटे टोटो बस्ती में भव्य तरीके से मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। पारंपरिक अंदाज के ढोल, ताशे, ताजिया आदि के साथ यह जुलूस निकला। जुलूस टोटो बाजार से शुरू हो कर टोटो चौक तक पहुंचा। जहां लोगों ने अस्त्र शस्त्र परिचालन का प्रदर्शन किया। फिर यह जुलूस कर्बला पहुंचकर समाप्त हो गया। जुलूस में टोटो के हर मोहल्ले के लोग शामिल हुए। लोग पारंपरिक हथियारों के साथ जुलूस में शामिल हुए थे। जुलूस में शामिल लोग या अली या हुसैन के नारे लगा रहे थे। जुलूस सेंट्रल मोहर्रम कमेटी की अगुवाई में निकाला गया। यह जुलूस इस वर्ष क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बना रहा। हल्की-हल्की बारिश के बावजूद लोग जुलूस में जमे रहे। लोगों ने पारंपरिक अस्त्र-शास्त्र परिचालन के बेहतरीन कर्तव्य दिखाए। सेंट्रल मोहर्रम कमिटी के अध्यक्ष मोहम्मद जमरूद्दीन ने बताया कि मोहर्रम का जुलूस हजरत मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत की याद में निकाला जाता है। इमाम हुसैन को धोखे से कूफा बुलाकर उनके खानदान के सभी पुरुषों को शहीद कर दिया गया था। इसलिए इस शहादत की याद में मुस्लमान जुलूस निकालते हैं। कमेटी के सचिव नसीम खान व सरपरस्त मोहम्मद सलीम सहित कई गणमान्य लोगों की देख रेख में जुलूस संपन्न हुआ।

## किंदिरकेला मस्जिद से निकला तजिया



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में रविवार को मोहर्रम पर्व धूमधाम से मनाया गया। किन्दिरकेला स्थित मस्जिद परिसर से ताजिया जुलूस निकाला गया जो मेनरोड होते मुहर्रम अखाड़ा तक गई।जहाँ जुलूस का समापन किया गया। और अस्त्र शस्त्र का खेल दिखाया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुग मौजूद रही। जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीओ जयवंती देवगम, एस डीपीओ नाजिर अख्तर के नेतृत्व में सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया था। स्थानीय समाजसेवी और प्रबुद्ध नागरिकों ने भाईचारे का संदेश देते हुए सभी को मोहर्रम की शुभकामना दी। मौके पर एसडीओ जयवंती देवगम द्वारा यह पर्व बलिदान त्याग और इंसानियत की रक्षा का प्रतीक है। उन्होंने सभी को मुहर्रम की बधाई दी।

## अखिल भारतीय खड़िया महाडोकलो की बैठक



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोनबीर नवाटोली स्थित संत जोसेफ उच्च विद्यालय सभागार में रविवार को अखिल भारतीय खड़िया महाडोकलो सिमड़ेगा के महासोहोर पी कुलकांत केरकेट्टा के अध्यक्षता में एक बैठक रखा गया। इस बैठक को खड़िया महासभा रांची, खड़िया विकास समिति गुमला एवं अखिल भारतीय खड़िया महाडोकलो सिमड़ेगा के द्वारा संयुक्त रूप से रखा गया था। इस बैठक में समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा खड़िया समाज के सामाजिक संगठन, शिक्षा, जनसंख्या,राजनीतिक चेतना समेत अन्य विषयों पर अपने अपने विचार को रखा गया। अपने विचार रखते हुए समाज के प्रबुद्धजनों ने इन विषयों पर गहन विचार विमर्श करते हुए इनके समस्याओं और समाधान पर भी अपने बातो को रखा।बैठक में खड़िया भाषा,संस्कार, संस्कृति की बातो को भी रखा गया।खड़िया भाषा को बचाने की पुरजोर आवाज उठायी गयी। बैठक में सिमड़ेगा गुमला ओर रांची जिला को मिलाकर एक समन्वय समिति बनाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में नागपुर परगना, तेलंगा खड़िया स्मारक समिति सिमड़ेगा,रांची महाडोकलो खड़िया समाज के प्रतिनिधि भी शामिल रहे। इस मौके पर फादर सीप्रियन कुल्लू, जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडुंग, रतिया इंदवार, एलिजाबेथ इंदवार, सुजीत टेटे, कुलभूषण डूंगडुंग, जॉन ऑगस्टिन टेटे,फादर किशोर केरकेट्टा, एफ्रेम बा, मतीयस कुल्लू,रायमन बा, यूजीन कुल्लू, संजय इंदवार, स्माइल सोरेंग, एग्नेस सोरेंग, रफायल कुल्लू, सुमन कुल्लू,पहलाद केरकेट्टा, अल्फोन्स डूंगडुंग, सुनील खड़िया, एमलेन कुल्लू,सुशील सोरेंग,बासुदेव भगत, डॉ चंदकिशोर केरकेट्टा, मेरी क्लोदिया सोरेंग,मंगला कुल्लू,कैप्टन अल्बर्ट बा, अजित कुल्लू समेत समाज के अनेक बुद्धिजीवी शामिल रहे।

## महदनिया टोली में मोहर्रम कमेटी ने की पगड़ीपोशी



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में रविवार को मोहर्रम पर्व मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा पूरी श्रद्धा और शांति के साथ मनाया गया। वही महदनिया टोली में मोहर्रम कमेटी द्वारा पगड़ी पोसी का कार्यक्रम किया गया। इसके उपरांत ताजिया जुलूस निकाला गया। ताजिया जुलूस महादनीया टोला से शुरू होकर थाना चौक बैंक ऑफ इंडिया शाखा के समीप तक पहुंचा जहां जुलूस का समापन किया गया। क्षेत्र में गम और शहादत की याद में मातमी धुन के साथ जुलूस निकाला गया। जो प्रखंड मुख्यालय से होते हुए विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए कर्बला तक पहुंचा। जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए थे साथ ही पुलिस बल की तैनाती की गई थी ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। स्थानीय समाजसेवी और प्रबुद्ध नागरिकों ने भाईचारे का संदेश देते हुए सभी को मोहर्रम की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि यह पर्व बलिदान त्याग और इंसानियत की रक्षा का प्रतीक है पूरे आयोजन में हिंदू मुस्लिम एकता के मिसाल भी देखने को मिली।

## 'या अली या हुसैन' के नारों से गूंजा जारी



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना क्षेत्र के गोविंदपुर ,कमलपुर, तिगरा, जरडा ,परसा, बरवाडी सिकरी में धूमधाम से व शांतिपूर्व तरीके से मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। वहीं मौलाना निजामुद्दीन कादरी रब्बानी ने कहा कि इमाम हुसैन की शहादत की याद में इस पर्व को मनाते है। वही गोविंदपुर में मोहर्रम का जुलूस सलातो सलाम और नातखान के साथ निकाली गयी। जिसमें छोटे-छोटे नन्हे बच्चे, बूढ़े बुजुर्ग हाथों में इस्लामिक झंडा, तलवार लेकर और नारे तकबीर अल्लाहू अकबर, या हुसैन, या अली का नारा लगाते हुए और नात शरीफ पढ़ते मौलाना निजामुद्दीन कादरी रब्बानी, सुहेल अख्तर, मौलाना नौशाद आलम फैजी के द्वारा पढ़ते पढ़ते तिगरा के करबला मैदान तक पहुंचा। जिसके बाद तलवार का खेल जीदो कुडू लोहरदगा के तलवारबाजियों का खेल देखने को मिला। इसके बाद कर्बला में फतेह खानी किया गया।

सुरक्षा को देखते हुए मजिस्ट्रेट ड्यूटी में अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता, जारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार अपने दल बल के साथ मौजूद रहे और गतिविधियों का जायजा लेते रहे ताकि किसी तरह का अनहोनी घटना ना हो। वही मौके पर सदर जैयारुल अंसारी, सीक्रेट्री जाकिर खान, मंसूर खान, लालखान, नईम खान, साजिद अंसारी, हलीम कुरैशी, मैनू खान, रशीद पठान सहित हजारों मुस्लिम धमार्लंबियों के लोग मौजूद रहे।

## मूसलाधार बारिश से गिरा किसान का घर, लगायी मदद की गुहार



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड थाना क्षेत्र के ग्राम कुदरा डोंगरीटोली निवासी अनिल उरांव पिता स्व मोंडो उरांव का कच्चा मकान शनिवार को हुई मूसलाधार बारिश के कारण गिर गया। जिससे घर में रखे अलमारी, बक्सा, पलंग कुर्सी टेबल, गैस चूल्हा, बर्तन, धान चावल, खाने पीने की चीजों सहित घरेलू सामान दबकर क्षतिग्रस्त हो गया है। घर के गिर जाने से किसान अनिल उरांव को लाखों रुपये की आर्थिक क्षति पहुंची है। इसकी सूचना उन्होंने पंचायत के मुखिया को दे दी है। अनिल उरांव का कहना है कि वह एक गरीब किसान है और उसके परिवार में कुल छह सदस्य स्वयं, उसकी पत्नी और चार छोटे छोटे बच्चे हैं। साथ ही चार पांच मवेशी भी है। घर के गिर जाने से उनके रहने तथा मवेशियों को रखने का कोई जगह नहीं है जिससे उनके सामने एक विकट परिस्थिति खड़ी हो गयी है। उनके आय का एक मात्र जरिया कृषि ही है। किसान ने कहा कि इस बार लगातार हो रही बारिश से खेती भी हो पायेगी या नहीं इसकी चिंता सता रही है। उन्होंने इस संकट की घड़ी में प्रशासन से मदद की गुहार लगायी है।

## तीन साल से मवेशियों के साथ गोहार में रह रहा दंपति, वृद्धा पेंशन भी है बंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**जारी।** जारी प्रखंड के जरडा पंचायत के भीखम पुर गांव में 2022 में गुलरिया लकड़ा के घर को जंगली हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था साथ ही घर के अनाज को भी चट कर दिया था। गुलरिया लकड़ा के द्वारा वन विभाग को मुआवजा के लिए आवेदन भी दिया गया था। वन विभाग की ओर से मात्र 11000 रुपया मुआवजा राशि मिला। उन पैसों से वह घर का क्षतिग्रस्त हुआ अनाज व अन्य सामान खरीदा। लेकिन क्षतिग्रस्त घर के मरम्मती के लिए विभाग ने कोई पहल नहीं किया ना ही राशि उपलब्ध करायी। उसका घर ध्वस्त होकर जमीन दोह हो गया। आवास के लिए वह दर-दर भटकता रहा। एक साल पूर्व डुमरी थाना में जनता दरबार शिविर का आयोजन किया गया था। जहां आवास के लिए उसने आवेदन भी दिया था लेकिन उसके आवेदन पर आज तक कार्रवाई नहीं हुई। बेघर होने के बाद गुलरिया और उसकी पत्नी फ्लोरेंस लकड़ा दूसरों के घरों में रहते हैं लेकिन उन लोगों के द्वारा भी पिछले वर्ष उन्हें घर से निकाल दिया गया और वे दोनों जिनके घर में रहते हैं वहां नौकर बनकर काम करते हैं। साथ ही गोहार घर जहां मवेशियों को रखा जाता है उनके साथ रहने को मजबूर हैं। वे बैल बकरी के साथ रहते और सोते हैं। जिस गोहार घर में रहते हैं वह घर भी जर्जर है दीवार टूटी-फूटी है साथ ही बरसात के दिनों में पानी के टपकने से कीचड़ में सोने को मजबूर हैं। पति दिनभर उनके मवेशियों को चराता है तब दो जून की रोटी दोनों को खाने के लिए मिलती है। वर्तमान में दोनों चार्लेश टोप्पो के घर में गौशाला में रह रहे हैं। वहीं केंद्र व राज्य सरकार द्वारा गरीबों के आवास को लेकर योजनाएं चलायी जा रही है लेकिन विडंबना है कि गुलरिया जैसे लोगों को आवास का लाभ नहीं मिल रहा है। उनके आवेदन पर भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गयी। झारखंड सरकार द्वारा गरीबों के लिए कई प्रकार की योजनाएं चलायी जा रही है लेकिन योजनाएं सिर्फ कागजों तक ही दिखाई दे रहा है। जमीनी स्तर पर जिन्हें इन योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए वे इनसे मरहूम है। इसका जीता जागता उदाहरण गुलरिया लकड़ा और फ्लोरेंस लकड़ा है। वृद्धा पेंशन के लिए भी कई बार कार्यालय व जनता दरबार में आवेदन दे चुके हैं लेकिन इनका वृद्धा पेंशन कार्ड बना ही नहीं। इन्हें वृद्धा पेंशन नहीं मिलता है।

## श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर एसडीओ ने टांगीनाथ धाम का किया निरीक्षण

**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त गुमला प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार रविवार को अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर ने श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर टांगीनाथ धाम, डुमरी का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेला कमिटी के साथ बैठक भी की। मेले के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन हेतु विधि-व्यवस्था समेत अन्य आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीओ ने श्रावणी मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, पार्किंग एवं बैरिकेटिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, मंदिर परिसर सहित संपूर्ण क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई कराने, सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील रखने एवं वॉलेंटियर्स की तैनाती सुनिश्चित करते हुए उनका पहचान पत्र निर्गत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि मेले की भीड़ को देखते हुए आवश्यकता अनुसार पुलिस बल एवं महिला पुलिस बल की तैनाती की जायेगी।

## पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ घुरती रथयात्रा संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ समापन हुआ। रविवार की शाम घूरती रथ के साथ रथ पूजा का समापन शांतिपूर्ण और भक्तिपूर्ण माहौल में किया गया। समापन कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। रथ को घाघरा थाना चौक दुर्गा मंदिर मंदिर मौसी बाड़ी से वापस लाया गया और भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व माता सुभद्रा की प्रतिमाओं को विधिवत चांदनी चौक स्थित जगन्नाथ मंदिर में स्थापित किया गया। भक्ति संगीत, भजन और कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। स्थानीय समिति और ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। प्रशासन एवं पुलिस बल की मौजूदगी रही।

## भारी बारिश से किसान के घर में पानी भरा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर से सटे नदी टोली में लगातार हो रहे भारी बारिश के कारण महावीर राम और अशोक राम के घर में पानी घुस गया। घर में पानी घुसने से घर के लोग रात भर परेशान रहे। घर में घुसे पानी को बाल्टी से बाहर निकलते रहे। उनका घर नदी से सटा हुआ है लगातार वर्षा की वजह से घर में पानी घुस गया। जिसके कारण बच्चे बाल्टी लेकर घर के पानी को बाहर निकलते रहे। वही चौमिन खाकर पूरा परिवार जागकर रात गुजारी। उन्हें डर था कि पानी की तेज बहाव में घर बह ना जाए। रविवार की सुबह 10 बजे महावीर राम और अशोक राम ने बताया आवास को लेकर कई बार शिविरों में आवेदन जमा किया गया लेकिन आवास नहीं मिला।

## भाई की डांट से नाराज युवती ने खाया डीएपी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के खपिया गांव निवासी 18 वर्षीय सुशांति कुमारी ने रविवार दिन के 11 बजे डीएपी नामक उर्वरक खा लिया। हालत खराब होने पर परिजन तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा ले गये जहां से उसे गुमला रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक युवती के बड़े भाई ने किसी बात को लेकर उसे डांट लगायी। इसी बात से नाराज युवती ने खेती कार्य के लिए घर में रखे डीएपी को खा लिया। हालांकि भाई ने किस बात को लेकर डांट लगायी पता नहीं चल पाया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद युवती की स्थिति सामान्य है।

## अंबोवा में धूमधाम से निकला जुलूस



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मोहर्रम सेंट्रल कमेटी सदर सलमान अंसारी के अध्यक्षता में अंबोवा में बहुत धूमधाम से मोहर्रम का जुलूस निकाला। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतू उरांव, विशिष्ट अतिथि फिरोज आलम और गुमला थाना के कुछ प्रशासन थे। गांव के सदर मकबूल सेकरेट्री यासीन अंसारी साहब और मुहर्रम कमेटी के मोजाहिर जी इदुल साकिर मंसूब अंताज जकील सदाम अकील आफताब सद्दाम नजमुदिन कैसर मंजूर समशेर मकसूल अफरोज जुनैद नवसाद और अन्य साथी थे।

## 20 को झारखंड चैंबर की बैठक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की 11वीं कार्यकारिणी की बैठक इस बार साहिबगंज में होगी। जिसमें झारखंड चैंबर अध्यक्ष सहित उनकी टीम और सभी क्षेत्रीय उपाध्यक्षों को आमंत्रित किया गया है। यह बैठक 20 जुलाई को प्रस्तावित है। दक्षिणी छोटानागपुर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने उक्त बैठक में शामिल होने की सहमति प्रदान की है। वे 19 जुलाई को रात की ट्रेन से वहां जायेंगे और 20 जुलाई को बैठक में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि बैठक में अपने क्षेत्र से जुड़ी व्यवसायिक समस्याओं को प्रमुखता से रखा जायेगा।

## स्पोर्ट्स



गिल इंग्लैंड में एक टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर। शुभमन गिल ने पहली पारी में 3 और दूसरी पारी में 8 छक्के लगाये।

# शुभमन एक टेस्ट में 430 रन बनाने वाले पहले भारतीय

एजेंसी



**बर्मिंघम।** बर्मिंघम टेस्ट जीतने के लिए भारत ने इंग्लैंड को 608 रन का टारगेट दिया। शनिवार को मुकाबले के चौथे दिन भारत से शुभमन गिल ने 161 रन बनाये। उन्होंने पहली पारी में 269 रन बनाये थे, इसी के साथ वे एक टेस्ट में 400 प्लस रन बनाने वाले पहले भारतीय बने। टीम इंडिया ने टेस्ट की दोनों पारियां मिलाकर 1014 रन बनाए। टेस्ट इतिहास में भारत ने पहली बार ही एक मैच में हजार रन का आंकड़ा पार किया।

**शुभमन एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान :** शुभमन गिल ने पहली पारी में 269 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में 161 रन बना दिए। उन्होंने एक टेस्ट में 430 रन बना दिए। यह किसी भारतीय कप्तान से एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन हैं। गिल ने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ मैच में 293 रन बनाए थे।

**शुभमन 400 रन बनाने वाले पहले भारतीय :** शुभमन गिल एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी भी बने। उन्होंने सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 344 रन बनाए थे। तब गावस्कर ने पहली पारी में शतक और दूसरी पारी में दोहरा शतक लगाया था। गिल एक पारी में शतक और दूसरी में दोहरा शतक लगाने वाले भारत के दूसरे ही खिलाड़ी बने।

**शुभमन 1 टेस्ट में दूसरे हाईएस्ट स्कोरर :** शुभमन गिल एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड से महज 27 रन दूर रह गए। एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड इंग्लैंड के ग्राहम गूच के नाम है। जिन्होंने 1990 में भारत के खिलाफ ही 456 रन बनाए थे। शुभमन टेस्ट में 400 प्लस रन बनाने वाले दुनिया के 5वें ही प्लेयर बने।

## रजद पदक जीतने पर ताशा झा को मिला सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** एकलव्य शूंटिंग क्लब रांची में आज एक कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला की कक्षा द्वादश की छात्रा ताशा झा को 19-06-2025 से 22-06-2025 तक टिकैत उमराव शूटिंग रेंज, खेलगांव में आयोजित ओपन रांची इंटर क्लब शूटिंग चैंपियनशिप में 25 मीटर 22 ओपन साइट राइफल स्टैंडिंग महिला वर्ग में रजत पदक जीतने पर पुरस्कृत किया गया। एकलव्य शूंटिंग क्लब के संचालक सह कोच गोविंदा कुमार ने ताशा को चैंपियनशिप में फायरिंग स्पर्धा का सिल्वर मेडल प्रदान करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उसे लगातार मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है और निरंतर मेहनत ही सफलता की ओर हमें ले जाती है। उन्होंने बताया कि उनके क्लब के बहुत सारे बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा रहे हैं। इस अवसर पर कई खिलाड़ी एवं अभिभावक उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 07 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय राष्ट्रीय चेतना के दीप्तिमान नक्षत्र की तरह थे: बाबूलाल मरांडी

## डॉ मुखर्जी ने देश के सम्मान, गरिमा और गौरव की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति तक दे दी : सांसद

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**धनबाद।** जिला भाजपा कार्यालय में रविवार को भाजपा के प्रेरणापुंज डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जन्म जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचार पर संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के धनबाद महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने की। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड भाजपा के अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद ढुल्लू महतो, धनबाद विधायक राज सिन्हा, भाजपा महानगर अध्यक्ष श्रवण राय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव अग्रवाल,चंद्रशेखर सिंह, सत्येंद्र कुमार, राजकुमार अग्रवाल, रमेश राही, प्रियंका पाल आदि मौजूद रहे, जिन्होंने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। वहीं, आज के संगोष्ठी कार्यक्रम का संचालन मानस प्रसून एवं धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री धनेश्वर महतो ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक शिक्षाविद के साथ भारतीय राष्ट्रीय चेतना के दीप्तिमान नक्षत्र, राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले विलक्षण व्यक्तित्व की जीवन यात्रा एक गंभीर और प्रेरक आख्यान है। उनके जीवन से भारतीय राजनीति के एक ऐसे अध्याय को उजागर होती है, जो समर्पण, त्याग, बलिदान और राष्ट्रनिष्ठा की मिशाल बनकर आज भी स्मरणीय एवं सभी के लिए अनुकरणीय है। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी अपने निर्भीक स्वभाव के कारण 'बंगाल का बाघ' कहे जाते थे, जिन्होंने कोलकाता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायपालिका को ऊंचाइयां प्रदान की। भारत की एकता एवं अखंडता के लिए बलिदान देने वाले डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिन रात कार्य कर रहे हैं। श्रधेय डॉ मुखर्जी ने कश्मीर में अनुच्छेद 370 के विरोध में लिया गया साहसिक रुख अंततः पांच अगस्त 2019 को साकार हुआ। जिसके लिए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने प्राणों की आहूति दी थी। आज हम सभी भाजपा के कार्यकर्ता ऐसे सपूत की जन्म जयंती मना रहे है जिन्होंने शिक्षा राजनीति और राष्ट्र सेवा को एक सूत्र में पिरोकर अपना संपूर्ण जीवन भारत माता के चरणों में अर्पित कर दिया था। वहीं, सांसद ढुल्लू महतो ने डॉ मुखर्जी के अप्रतिम योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने देश के सम्मान, गरिमा और गौरव की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी। उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की नीतियों का विरोध किया और मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। कश्मीर में बिना परमिट प्रवेश करने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। 23 जून 1953 को जेल में उनकी रहस्यम मृत्यु हो गई थी। संगोष्ठी में उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को उनके विचार का अनुसरण करते हुए उनके बताये मार्ग एवम नीतियों पे चलने का आहवान किया। वहीं, विधायक राज सिन्हा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। कहा कि, वह कश्मीर से धारा 370 हटाने और एक विधान, एक निशान, एक प्रधान के पक्षधर थे। नेहरू के नेतृत्व में तत्कालीन सरकार की तुष्टिकरण की नीतियों के विरोध में केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने जनसंघ की स्थापना की और पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। वही संगठन आज भाजपा के रूप में विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।

# आस्तिक पालिवार गिरोह का शूटर धनबाद से हुआ गिरफ्तार

## हथियार, कारतूस और बाइक बरामद, व्यवसायियों से रंगदारी की थी योजना

- झारखंड और बंगाल में कई रंगदारी एवं लूट की वारदातों में रहा है शामिल
- हाल ही में पश्चिम बंगाल के अलीपुर जेल से रिहा होकर आया था बाहर
- धनबाद के व्यापारियों से रंगदारी वसूलने का मिला था काम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान शाहिल के रूप में हुई है। वह देवघर का रहने वाला है। उसके पास से एक हथियार, सात जिंदा कारतूस, मोबाइल फोन और एक बाइक बरामद की गई है। जानकारी के मुताबिक धनबाद एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि खुदिया नदी पुल के पास एक संदिग्ध युवक हथियार के साथ घूम रहा है। सूचना पर एसएसपी ने विशेष टीम गठित कर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने खुदिया नदी पुल के पास से शाहिल को पकड़ लिया। सिटी एसपी के अनुसार, शाहिल आस्तिक पालीवार गिरोह का सदस्य है। वह झारखंड और बंगाल में कई रंगदारी और लूट की वारदातों में शामिल रहा है। हाल ही में वह पश्चिम बंगाल के अलीपुर जेल से रिहा हुआ था। पूछताछ में शाहिल ने खुलासा किया कि आस्तिक पालीवार गिरोह से वह जुड़ा हुआ था और धनबाद के व्यवसायियों से रंगदारी वसूलने का काम सौंपा था। उसे गोली चलाकर व्यवसायियों को डराने-धमकाने की जिम्मेदारी दी गई थी। पुलिस की सक्रियता से वारदात को अंजाम देने से पहले ही आरोपी पकड़ा गया।

# अपने कर्तव्यों का अच्छे से पालन करें अधिकारी : डीसी

डीसी ने किया जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** डीसी आदित्य रंजन ने मुहर्रम को लेकर रविवार को वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के साथ जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी से तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही लोगों से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सुरक्षित तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। सबसे पहले डीसी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक बैंक मोड़ के करबला रोड स्थित करबला पहुंचे। यहां धनबाद करबला वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों से मिलकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद सभी पांडरपाला और वहां से भूली पहुंचे। वहां से बिनोद बिहारी चौक, शक्ति महतो चौक, तेतुलमारी, जोगता, अंगार पथरा होते हुए कतरास के पंचगढ़ी पहुंचे। यहां पदाधिकारियों ने दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ तैयारी की समीक्षा की। कतरास में मुहर्रम कमेटी ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर उपायुक्त का स्वागत किया। इसके बाद सभी छाताबाद, लोयाबाद, पुटकी, केंदुआडीह होते हुए झरिया पहुंचे। झरिया से इंदिरा चौक, हनुमान गढ़ी, भागा, फुसबंगला, जियलगोरा, पाथरडीह, लोदना मोड़, जोरापोखर, सुदामडीह, चासनाला, सिंदरी, बलियापुर, कलियासोल, कालुबथान, पंचेत, चिरकुंडा, गलफरबाड़ी, मुगमा, मैथन, निरसा बाजार, गोविंदपुर, सरायढेला स्टील गेट होते हुए धनबाद पहुंचे। क्षेत्र भ्रमण के दौरान डीसी ने दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को अपने प्रतिनियुक्त स्थान पर मौजूद रहकर कर्तव्य का अच्छे से पालन करने का निर्देश दिया। साथ ही अखाड़ा समितियों को जुलूस निकालते समय निर्धारित मार्ग का प्रयोग करने और जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में दिए गए निदेशों का पालन करने का अनुरोध किया। वहीं, वरीय पुलिस अधीक्षक ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। कहा कि जिले में सभी जगह पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद हैं। प्रशासन ने शातिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न कराने के लिए मुकम्मल तैयारी की है। सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर है। इस मौके पर ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, प्रभारी एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम, एसडीपीओ सिंदरी आशुतोष सत्यम, एसडीपीओ निरसा रजत मणिक बाखला, एसडीपीओ बाघमारा पुरषोत्तम कुमार सिंह, संबंधित प्रखंड के बीडीओ, संबंधित अंचल के सीओ और थाना प्रभारी आदि मौजूद रहे।

## अधिक वर्षा से धान की रोपाई में हो सकता है विलंब : बैजनाथ

**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कसमार अंचल क्षेत्रों में 15 दिनों से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश के कारण खेतों में काफी पानी जमा हो गया है। जिस कारण धान फसल के लिए किसान बिहन (बिचड़े) नहीं दे पा रहे हैं। बतातें चलें कि धान फसल के लिए बिहन की तैयारी अमूमन दो प्रकार से की जाती है। पहली धुरिया यानी धूल वाली मिट्टी में बिहन डालना और दूसरी लेवा यानी गीली मिट्टी में बिहन डालना। धुरिया बिहन खेत में डालने का उपयुक्त समय 15 जून तक या मानसून आने के पूर्व तक होता है। पर मानसून की देरी को देखते हुए किसान कुछ वर्षों से जून के आखिरी सप्ताह से लेकर जुलाई के प्रथम सप्ताह तक बिहन खेत में डालते आ रहे हैं। पर इस वर्ष मानसून ने किसानों को चकमा दे दिया और सप्ताह दिन पहले ही आ गया।

# धनबाद में आकाशीय बिजली गिरने से बच्ची की मौत, एक महिला गंभीर

## बकरी चराने के दौरान बच्ची के उपर ही हो गया वज्रपात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** भागाबांध क्षेत्र में रविवार की दोपहर बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आने से एक बच्ची की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक इस दिन दोपहर 12 बजे बच्ची एवं एक महिला खेत में बकरी चरा रही। तभी बारिश शुरू हो गयी। इसी बीच तेज गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरी जिनकी चपेट में आकर 12 वर्षीय एवं उसके पास में ही काम कर रही एक महिला बुरी तरह झुलस गई। हादसे के बाद परिजन तुरंत बच्ची को अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल महिला का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है।


अस्पताल में मौजूद मृतका के परिजन एवं स्थानीय लोग।

### चाचा के साथ रह रही थी बच्ची

स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक बच्ची अपने पिता के निधन के बाद चाचा के साथ रह रही थी। वह पढ़ाई के साथ घर के काम में भी मदद करती थी। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। उनका कहना है कि मौसम विभाग की चेतावनी के बाद भी ग्रामीण इलाकों में जागरूकता की कमी है। इस वजह से ऐसी घटनाएं होती रहती हैं।

# 48 घंटे बाद करगली घाट से बरामद हुआ युवक का शव

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** सुदामडीह थाना अंतर्गत दामोदर नदी के मोहलबनी विरसा पुल से शुक्रवार की शाम नदी में कूदे मोहाल बस्ती अमलाबाद निवासी विशाल बनर्जी (35) का शव रविवार को 48 घंटे बाद घटनास्थल से 15 किलोमीटर दूर मछुआरों एवं गोताखोरों ने दामोदर नदी संथालडीह एवं पश्चिम बंगाल सीमा क्षेत्र के करगली घाट से बरामद कर लिया गया है। शव मिलने की खबर सुनकर पिता नेबो बनर्जी, मां कैम्पा बनर्जी, पत्नी चम्पा बनर्जी, बहन मीना कुमारी, पुत्र सार्थक कुमार के धैर्य का बांध टूट गया और सभी दहाड़ मारकर रोने लगे। जानकारी के मुताबिक अमलाबाद ओपी के मोहाल बस्ती निवासी नेबो बनर्जी का एकलौता पुत्र विशाल बनर्जी अपनी पत्नी के साथ झगड़ा कर घर से शुक्रवार की शाम को निकला था। विरसा पुल पर अपनी बाईक खड़ी कर किसी से बातचीत की और बाईक की डिक्की में अपना मोबाईल रखने के बाद पुल से नदी में छलांग लगा दिया। वह ओडिशा के किसी निजी कम्पनी में कार्यरत था। जो एक सप्ताह पूर्व



बिपतरिणी पूजा में अपने घर आया था। पिता का कहना है कि शुक्रवार को हम गांव के मंदिर शादी में शामिल होने गए थे। जिसके बाद विशाल का अपने पत्नी चम्पा के साथ बकझक होने की खबर मिली थी। पर हमारे आने के पहले वह बाईक लेकर घर से निकल गया था। आने पर खबर मिली कि वह दामोदर नदी पुल से कूद पड़ा है। इधर, मोहाल पूर्वी पंचायत के मुखिया शीतल कुमार सिंह ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की दामोदर नदी में डूबकर मौत होने की दर्जनों घटनाएं हो चुकी है। पर पुलिस प्रशासन अभी तक सतर्क नहीं हुई है।

## निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

**झरिया (आजाद सिपाही)।** भगतडीह प्रेम नगर बस्ती में नवनिर्मित शिव मंदिर की तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाला गया। मंदिर प्रांगण से शुरू हुई कलश यात्रा झरिया राजा तालाब पहुंची। कलश यात्रा के आगे आगे मनमोहक झांकी एवं 111 महिलाएं सिर पर कलश लिए थी। पंडितों द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच राजा तालाब में महिलाएं जल भरकर वापस मंदिर पहुंची? कलश यात्रा में शामिल भक्तों के जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

# जयरामपुर में केबल लूट की घटना से गहराया जलसंकट

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** जयरामपुर कोलियरी के पांच नंबर पीट में शनिवार की रात को पंप घर पर अपराधियों के दल ने धावा बोलकर लगभग 25 फीट केबल लूट लिया और फरार हो गए। केबल लूट की घटना के बाद जयरामपुर क्षेत्र में जलसंकट गहरा गया है। मामले की गंभीरता से लेते हुए ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों से अलकडीहा ओपी पुलिस पूछताछ कर रही है। बताते चलें कि पिछले एक सप्ताह से मोटर पंप की खराबी के चलते पूरे जयरामपुर क्षेत्र में जलापूर्ति ठप है। जिससे लोग बेहद परेशान हैं। स्थानीय लोगों के आंदोलन से बाध्य होकर प्रबंधन ने रविवार से पांच नंबर में अतिरिक्त मोटर पंप लगाकर जलापूर्ति कराने की योजना थी। पंप घर एवं बंद क्षेत्रीय कार्यालय की सुरक्षा को लेकर प्रबंधन द्वारा यहां रात में सुरक्षाकर्मियों को लगाया जाता है।

# धनबाद में ईंट-गिट्टी के विवाद में महिला पर हमला, अस्पताल में भर्ती

## सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, जांच में जुटी पुलिस

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सरायढेला थाना क्षेत्र के कोला कुसमा वीआईपी कॉलोनी में ईंट और गिट्टी के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। कॉलोनी की गली नंबर दो में रहने वाली गीता देवी पर उनके पड़ोसियों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घायल अवस्था में गीता देवी को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इस बाबत गीता देवी ने बताया कि कुछ दिन पहले पड़ोसियों ने उनके घर के सामने ईंट और गिट्टी डाल दिया था। तब उन्होंने इसका विरोध किया था। इसी बात को लेकर पड़ोसी रंजिश में आ गए और अचानक उनके घर में घुसकर हमला कर दिया।



### पति और बेटी के साथ भी की मारपीट

गीता देवी के अलावा उनके पति संजय कुमार वर्मा और बेटी स्नेहा वर्मा को भी हमलावरों ने नहीं छोड़ा। सभी को लाठी-डंडों से पीटा गया। गीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया। उधर, घटना की सूचना मिलते ही सरायढेला पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को संभाला और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। साथ ही पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। उधर, इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि हमलावर किस तरह से घर में घुसकर हमला कर रहे हैं। फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। उधर, स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर रोष है। उन्होंने प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पीड़िता गीता देवी ने भी पुलिस से हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बोकारो में अकीदत के साथ मना मुहर्रम

## 'या अली या हुसैन' के नारों के साथ निकाला गया ताजिया जुलूस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो में अकीदत और भाईचारा के साथ रविवार को परंपरागत ढंग से मुहर्रम का पर्व मनाया गया। विभिन्न थाना क्षेत्रों के मुस्लिम बहुल इलाकों से दर्जनो ताजिया जुलूस निकाले गए। इस दौरान अखाड़ा दलों के युवकों एवं बच्चों ने लाठी, डंडा, तलवार जैसे परंपरागत हथियारों से अनूठे एवं हैरतअंगेज करतब दिखाए। माराफारी थानांतर्गत आजादनगर, सिवनडीह, मखदुमपुर, डुमरो, इस्लामपुर सहित कई अन्य क्षेत्रों से ताजिया जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की और शहादत को याद करते हुए 'या अली' 'या हुसैन' के नारे लगाए। यह जुलूस उकरीद की ओर से आने वाले ताजिया जुलूस से मिलने के बाद वापसी में आजाद नगर स्थित कर्बला मैदान पहुंचा जहां परम्परा के मुताबिक फातिया पढ़ा गया। वहीं, चास थाना एवं पिंडराजोरा थाना क्षेत्रों में भी मुस्लिम बहुल इलाकों से ताजिया जुलूस निकले गए। इस दौरान अन्य समुदाय के लोगों ने भी आपसी भाईचारा दिखाई। कई जगहों पर सामाजिक संगठनों की ओर से जुलूस में शामिल लोगों के लिए शरबत आदि का प्रबंध किया गया था।





इधर, शहर के सिवनडीह, आजादनगर मखदुमपुर इस्लामपुर डुमरो में विशाल ताजिया जुलूस निकाला गया। डीसी अजय नाथ झा एवं एसपी हरविंदर सिंह के निर्देश के आलोक में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीएसपी हेडक्वार्टर अनिमेष गुप्ता के नेतृत्व में माराफारी थाना प्रभारी मोहम्मद आजाद खान, पुलिस और अतिरिक्त विशेष दस्ता के साथ मौके पर मौजूद थे। ड्रोन कैमरों से भी चप्पे चप्पे की निगरानी की जा रही थी।

## महाराष्ट्र में भाषा विवाद के मुद्दे पर राज ठाकरे की पार्टी पर भड़की भाजपा

# पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछा अब भाषा पूछ कर किये जा रहे हमले

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** महाराष्ट्र में हिंदी को तीसरी भाषा बनाने के विरोध में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के एक मंच पर आने को लेकर भाजपा ने बड़ा हमला किया है। राज्य के मंत्री आशीष शेलार ने रविवार को कहा कि आतंकवादियों ने पहलगाम में पर्यटकों को उनके धर्म के आधार पर निशाना बनाया, वहीं राज्य में भाषाई आधार पर लोगों पर हमले किये जा रहे हैं, जो निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते भाजपा मराठी लोगों के सम्मान की रक्षा करेगी और गैर-मराठी बाशिंदों की भी हिफाजत करेगी। भाजपा नेता ने कहा, मराठी हमारे लिए कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। हाल में सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए एक वीडियो में राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ता राज्य की राजधानी मुंबई के भयंदर इलाके में एक दुकानदार की पिटाई करते हुए देखे जा सकते हैं, क्योंकि उसने कथित तौर पर मराठी में बात करने से इनकार कर दिया था। बाद में पुलिस ने मनसे के सात सदस्यों को हिरासत में लिया और उन्हें नोटिस थमाये जाने के बाद छोड़ा गया। भाजपा नेता और महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने मराठी में बात न करने पर 'हिंदुओं' को निशाना बनाये जाने पर आपत्ति जतायी थी, जबकि उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगी और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता प्रताप सरनाइक ने कहा कि मराठी पर मनसे का एकाधिकार नहीं है।

### पहलगाम में पूछा गया धर्म, अब यहां...

मनसे कार्यकर्ताओं द्वारा हिंदी भाषी लोगों पर कथित हमले के बारे में पूछे जाने पर शेलार ने कहा, पहलगाम आतंकी हमले में, लोगों को गोली मारने से पहले उनका धर्म पूछा गया था। यहां लोगों पर उनकी भाषा के आधार पर हमला किया जा रहा है। यह निराशाजनक है। मंत्री ने किसी का नाम लिये बिना कहा कि राज्य देख रहा है कि कैसे ये नेता अन्य हिंदुओं की पिटाई का आनंद ले रहे हैं। शनिवार को मुंबई के वर्ली इलाके में निवेशक सुशील केडिया के कार्यालय पर हमला करने के आरोप में पांच मनसे समर्थकों को गिरफ्तार किया गया। केडिया ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, मराठी न सीखने के बारे में लिखते हुए राज ठाकरे को चेतवावनी दी थी कि 'क्या करना है बोल' जिसके बाद यह हमला किया गया। हमले के कुछ घंटों बाद केडिया ने सोशल मीडिया पोस्ट के लिए माफी मांगी और दावा किया कि उन्होंने जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया दी थी और ठाकरे की प्रशंसा भी की थी।

## दिल्ली से गुरुग्राम के बीच जमीन के नीचे बनेगी सड़क टनल से 15 मिनट में पूरा होगा 30 किमी का सफर

आजाद सिपाही संवाददाता




**दिल्ली।** केंद्र सरकार दिल्ली से गुरुग्राम तक टनल रोड बनाने की योजना बना रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि इसके लिए अध्ययन शुरू कर दिया गया है। जल्द ही इस परियोजना पर काम शुरू किया जा सकता है। ट्रैफिक जाम दिल्ली की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। जाम ना केवल दिल्ली में बल्कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आने वाले कई शहरों में यही समस्या है। अब केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उनकी सरकरा दिल्ली से लेकर गुरुग्राम तक टनल सड़क बनाने की योजना पर काम कर रही है। जल्दी ही इसके काम की शुरूआत हो सकती है। **कहां से कहां तक बनेगी टनल वाली सड़क** नितिन गडकरी ने बताया कि यह सड़क दिल्ली से लेकर गुरुग्राम तक जाएगी। सरकार यह योजना इसलिए ला रही है क्योंकि दिल्ली से गुरुग्राम तक जाने और आने में बहुत समय बर्बाद होता है। गडकरी ने बताया कि यह टनल दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम से लेकर गुरुग्राम तक बनाई जाएगी। इससे यात्रियों का काफी समय बचेगा। **कितना समय खर्च होगा** इस बहुप्रतीक्षित योजना को लेकर जानकारी देते हुए नितिन गडकरी ने बताया कि दिल्ली से गुरुग्राम तक टनल रोड बन जाने के बाद यात्रा में खर्च होने वाला समय काफी बच जायेगा। गडकरी ने बताया कि अभी दिल्ली से गुरुग्राम तक जाने के लिए 1 घंटे का समय लगता है, लेकिन यह टनल बन जाने के बाद दोनों के बीच की दूरी 15 मिनट में तय कर सकेंगे। जो दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम से शुरू होकर गुरुग्राम तक जायेगी। गडकरी ने बताया कि परिवहन मंत्रालय के पास दिल्ली के लिए 30-40 हजार करोड़ रुपए का बजट है। उन्होंने कहा कि इस टनल को बनाने का उद्देश्य यात्रा में लगने वाले समय को कम करना और दिल्ली-गुरुग्राम के बीच ट्रैफिक कम करना है। इसके अलावा दिल्ली से वायु प्रदूषण को कम करने का भी प्रयास किया जा रहा है।

## तकनीक और लोगों के हित को बनायें सहकारी क्षेत्र की कार्य संस्कृति: अमित शाह

**आणंद (गुजरात) (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सहकारिता क्षेत्र के नेताओं से अपील की कि वे पारदर्शिता, तकनीक का उपयोग और सदस्यों के हित को अपनी कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनायें, ताकि सफलता हासिल की जा सके। वह आणंद में अमूल डेयरी परिसर में सहकारिता मंत्रालय के चौथे स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता, तकनीक और सदस्यों (किसानों और सहकारी संस्थाओं) को प्राथमिकता देना आवश्यक है। तकनीक के बिना सहकारिता की समृद्धि संभव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अपने कार्य के केंद्र में लोगों के हितों को रखना भी बहुत जरूरी है। शाह ने सहकारिता से इन तीन सिद्धांतों को अपनी कार्य संस्कृति में आत्मसात करने और जम्मू-कश्मीर से कामाख्या और देश के हर गांव तक फैलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस समारोह के दौरान शुरू की गयी दस पहलों से एक मजबूत ब्रांड का निर्माण होगा, जैसा कि अमूल है। इनमें गुजरात में एक नमक सहकारी संस्था की स्थापना भी शामिल है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहकारी क्षेत्र में दो लाख प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसी) का पंजीकरण, देश के पहले राष्ट्रीय सहकारी विश्वविद्यालय 'त्रिभुवन' की स्थापना और डेयरी क्षेत्र में तीन नये राष्ट्रीय सहकारी संस्थानों का गठन किया गया है। शाह ने क्षेत्र को आगे बढ़ने के लिए पांच 'पी'— 'पीपुल्स' (लोग), 'पीएसी' (प्राथमिक सहकारी समितियां), 'प्लेटफॉर्म' (डिजिटल जैसे मंच), 'पॉलिसी' (नीति) और 'प्रोसपेरिटी' (समृद्धि)— को अपनाने की सलाह दी। मंत्री ने कहा कि चार साल पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 'सहकारिता से समृद्धि' के मंत्र के साथ सहकारिता मंत्रालय की नींव रखी थी, जिससे इस प्रणाली को नया जीवन मिला। उन्होंने बताया कि इन चार वर्षों में केंद्र सरकार ने इन पांच 'पी' के आधार पर 60 से अधिक पहलें शुरू की हैं।

## पूर्व सीजेआइ चंद्रचूड़ से सरकारी बंगला जल्द खाली कराने के लिए पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** पूर्व चीफ जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ अपने सरकारी बंगले (5, कृष्ण मेनन मार्ग) में तय समय सीमा से ज्यादा रह गये हैं। अब सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखी है। इसमें कहा गया है कि पूर्व सीजेआइ से उनका बंगला जल्द खाली कराया जाये, ताकि हम उसे कोर्ट के हाउसिंग पूल में शामिल किया जा सके। सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई को मिलाकर 33 जज हैं। सुप्रीम कोर्ट में जजों की स्वीकृत संख्या 34 है। शीर्ष कोर्ट के चार जजों को अभी तक सरकारी बंगला नहीं मिला है। तीन जज सुप्रीम कोर्ट के ट्रांजिट अपार्टमेंट में, जबकि एक जज स्टेट गेस्ट हाउस में रह रहे हैं। शीर्ष अदालत ने जल्द से जल्द 5, कृष्ण मेनन मार्ग बंगला लौटाये जाने की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने एक जुलाई को केंद्रीय आवास और नगरीय मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखा।

**बेटियों को खास सुविधाओं वाले घर की जरूरत: चंद्रचूड़**

बंगला खाली न कर पाने को लेकर पूर्व सीजेआइ चंद्रचूड़ ने कहा, ऐसा निजी कारणों के चलते हुआ। सुप्रीम कोर्ट प्रशासन को इस बारे में जानकारी दी थी। मैं सरकारी बंगले में समय सीमा से ज्यादा नहीं रहना चाहता था, लेकिन मेरी बेटियों को कुछ खास सुविधाओं वाले घर की जरूरत है। इस साल फरवरी से मैं लगातार घूम रहा हूं। मैंने सर्विस अपार्टमेंट और होटल भी देखे, लेकिन वहां जाया नहीं जा सकता। पूर्व सीजेआइ ने यह भी बताया, मैंने 28 अप्रैल को तब चीफ जस्टिस रहे संजीव खन्ना को लिखित में जानकारी दी थी कि मैं उपयुक्त घर की तलाश कर रहा हूं। मुझे 30 जून तक इसी बंगले में अनुमति दें, लेकिन इसका कोई जवाब नहीं मिला।

## पटना में उद्योगपति गोपाल खेमका का अंतिम संस्कार

**पटना (आजाद सिपाही)।** बिहार के जाने-माने उद्योगपति गोपाल खेमका का रविवार को गुलबी घाट पर अंतिम संस्कार हो गया। उनके छोटे बेटे ने गौरव खेमका ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम विदाई के वक्त घाट पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। यहां मौजूद सभी की आंखें नम थीं। इससे पहले उनकी बेटी उनसे लिपट कर फफक पड़ीं। वह स्कॉटलैंड से दोपहर को पटना पहुंचीं। उनके आने के बाद ही अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू हुई। इधर राम गुलाम चौक स्थित उनके आवास पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बिहार के बड़े -बड़े व्यवसायी उनके अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। कई राजनेता भी पहुंचे। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे।

**एसटीएफ टीम कर रही छापेमारी :** गोपाल खेमका हत्याकांड में पटना पुलिस को कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में भी लिया है। सूत्र बता रहे हैं कि सुपारी देकर हत्या करवायी गयी है। इसकी लिए पेशेवर शूटर बुलाये गये थे। आइजी जितेंद्र राणा ने कहा कि एसटीएफ टीम लगातार छापेमारी कर रही है।




































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**